खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 24°C

हल्द्वानी, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 327 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



प्रगनानंदा ने वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया खेल टाइम्स



नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा नेल्सन मंडेला सम्पादकीय



इजरायल में नेतन्याहू की सरकार गिरने की कगार पर पेज 12

## आकाश प्राइम डिफेंस सिस्टम का भारत ने किया सफल परीक्षण

### मिसाइल ने 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो टारगेट मार गिराए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित वायु रक्षा प्रणाली 'आकाश प्राइम' का सफल परीक्षण किया है।

इस एडवांस मिसाइल सिस्टम को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस सिस्टम ने पूर्वी लद्दाख में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर उड़ रहे दो ड्रोन मार गिराए। 'आकाश प्राइम' एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण थल सेना की एयर डिफेंस विंग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। डीआरडीओ ने ही यह सिस्टम विकसित किया। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। इस प्रणाली को डीआरडीओ ने ही विकसित किया है। यह प्रणाली लद्दाख के चुनौतीपूर्ण मौसम में सटीक प्रहार करने में सक्षम पाई गई। जल्द ही इसे दुश्मन की हवाई चुनौतियों का सामना करने के लिए मैदान में लाया जाएगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर



- **एक साथ 64 टारगेट को ट्रैक कर 12 को करेगा नष्ट**
- **चीन और पाकिस्तान के हमलों से बचाएगा**

## बेंगलुरु भगदड़: कर्नाटक सरकार ने RCB को जिम्मेदार बताया

- **कोहली का वीडियो डालकर लोगों को बुलाया, फ्री पास से भीड़ हुई बेकाबू**

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की विक्ट्री डे परेड पर हुई भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार की रिपोर्ट गुरुवार को सामने आई।

रिपोर्ट में हादसे का जिम्मेदार आरसीबी को बताया गया है। इसमें कोहली का भी जिक्र है। कर्नाटक सरकार ने कहा है कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए सरकार से कोई अनुमति नहीं ली थी। भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मची। जिसमें 11 लोगों की जान गई और 50 घायल हुए। हालांकि सरकार ने यह भी कहा कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती। सरकार ने 15 जुलाई को हाईकोर्ट को रिपोर्ट सौंपी थी।

### लापरवाही बरतने के आरोप में होम्योपैथी निदेशक निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थानांतरण सत्र शून्य होने के बावजूद डाक्टरों के ट्रांसफर पोस्टिंग समेत अन्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरते जाने के आरोप में निदेशक होम्योपैथी प्रो. अरविंद कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उन्हें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गाजीपुर से सम्बद्ध कर दिया गया है। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि प्रो. वर्मा के खिलाफ प्रेषित प्राथमिक जांच आख्या एवं स्थानांतरण सहित पदीय दायित्वों के निर्वहन में संदिग्ध भूमिका, कर्तव्यनिष्ठा का अभाव एवं भ्रामक तथ्यों को प्रस्तुत कर दिग्भ्रमित करने की प्रवृत्ति तथा शिथिल एवं सवेदनहीन कार्यशैली पाई गई है। जिसके आरोप में प्रो. वर्मा को तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय/अनुशासनिक कार्यवाही करने की संस्तुति की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कुमारस्वामी को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी को अदालती अवमानना कार्यवाही में आरोपी बनाने से संबंधित कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक आदेश पर गुरुवार को रोक लगाकर उन्हें राहत दी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने निर्देश दिया कि श्री कुमारस्वामी को अवमानना मामले में आरोपी बनाने संबंधी कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को स्थगित रखा जाए। पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पुत्र एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री तथा जनता दल सेक्युलर नेता की ओर से दायर एक याचिका पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'समाज परिवर्तन समुदाय' को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा।

### ईडी ने शुरू की छांगुर बाबा के ठिकानों पर छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार छापेमारी की कार्रवाई गुरुवार सुबह शुरू हुई। ईडी ने बलरामपुर में 12 और मुंबई में दो ठिकानों पर छापे मारे। ईडी ने 100 करोड़ रुपये के अवैध फंडिंग के मामले में यह कार्रवाई की है। छांगुर बाबा पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पहुंचाना और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली गतिविधियों के गंभीर आरोप हैं, जिसकी जांच के बाद ईडी ने छापेमारी शुरू की है।

### शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य बेहतर

**चेन्नई।** इसरो ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से 18 दिनों के प्रवास के बाद वापस लौटे अंतरिक्ष यात्री, शुभांशु शुक्ला का स्वास्थ्य स्थिर और बेहतर है।

# भारत के साथ टैक्स फ्री व्यापार के मूड में ट्रम्प

### हमारे सामानों पर भारत टैक्स नहीं लगाएगा, लेटर भेजूंगा और इंडोनेशिया जैसा समझौता हो जाएगा

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्रेड डील को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी उत्पादों को जल्द भारत के बाजारों में पहुंच मिलने वाली है। उन्होंने दावा किया है कि इंडोनेशिया फॉर्मूले वाली डील भारत के साथ भी होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में भी जीरो टैरिफ लगेगा।

ट्रम्प ने इंडोनेशिया पर 19 फीसदी टैरिफ लगाया था। एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसदी टैरिफ चुकाना होगा। वहीं, अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों के साथ समझौते किए हैं। हमारा एक और समझौता होने वाला है, शायद भारत के -शेष पृष्ठ दो पर



**इंडोनेशिया में अमेरिकी प्रोडक्ट पर जीरो प्रतिशत टैरिफ**

### पिछले छह महीने में अमेरिका से 1563 भारतीय नागरिक निर्वासित

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों के प्रवास से संबंधित नियमों में बदलाव के बाद पिछले छह महीने में 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है और इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से भारत आए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में कहा कि अमेरिका ने 20 जनवरी से 15 जुलाई के बीच 1563 भारतीय नागरिकों को निर्वासित किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर वाणिज्यक उड़ानों से स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अलग-अलग बैच में स्वदेश आए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पिछले सप्ताह भी अमेरिका से लौटे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार इनकी नागरिकता संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### तरनजीत संधू अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू गैर सरकारी संगठन, अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के बोर्ड के सलाहकार होंगे और मंच के भू-राजनीतिक संस्थान के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनयिक के रूप में करीब चार दशक का अनुभव रखने वाले श्री संधू नई भूमिका में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारा, हिंद-प्रशांत चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड) और 'भारत, इज़राइल, अमेरिका और यूएई' (आई2यू2) जैसी पहलों पर मंच की रणनीतिक गतिविधियों का मार्गदर्शन करने के लिए अपनी कूटनीतिक कुशलता का इस्तेमाल करेंगे।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामला: संकट में घिरे रॉबर्ट वाड्रा, चार्जशीट दाखिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसाई रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितम्बर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी। आगे चलकर हुड्डा सरकार ने आवासीय परियोजना का लाइसेंस डीएलएफ को ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि इस पूरी डील में कई अनियमितताएं की गईं। हरियाणा पुलिस ने 2018 में इस सौदे से जुड़े मामले में केस दर्ज किया। आगे चलकर ईडी ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े इस मामले में हुई कथित गड़बड़ी का खुलासा आईएएस अशोक खेमका ने किया था। इसके बाद वे सुर्खियों में आ गए थे। बीते एक दशक से रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ लगे आरापों का इस्तेमाल विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग चुनावों में कांग्रेस पर आरोप साधने के लिए किया है। दिसम्बर 2023 में ईडी ने इस मामले में यूएई स्थित व्यवसाई सीसी थंपी और ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के रिश्तेदार सुमित चड्ढा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।



- **मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में ईडी की चार्जशीट में कई और नाम भी किए गए हैं शामिल**

## अमरनाथ रूट पर लैंडस्लाइड से महिला की मौत, यात्रा रुकी

**नई दिल्ली।** यूपी में भारी बारिश का दौर जारी है। गुरुवार को प्रयागराज में गंगा-यमुना उफान पर हैं।

नदियों के आसपास की 5 लाख आबादी पानी से घिर गई है। श्मशान घाट में पानी भर गया है। सड़कों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार बारिश की वजह से बुधवार को अमरनाथ यात्रा रूट पर लैंडस्लाइड हुई। गंदेरबल जिले में बालटाल मार्ग पर हुए भूस्खलन में एक महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई, तीन घायल हो गए। इससे यात्रा दिनभर के लिए रोक दी गई। हिमाचल में 20 जून से अब तक 109 लोगों की मौत हो चुकी है।

## जजों पर मुकदमे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

- **याचिकाकर्ता से कोर्ट ने पूछा: ऐसा किस कानून के तहत संभव**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीशों के खिलाफ उनके न्यायिक निर्णयों के लिए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सवाल किया कि ऐसा किस कानून के तहत किया जा सकता है।

इसके साथ ही, न्यायालय ने इस पर सलाह देने के लिए न्यायमित्र नियुक्त किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई की योग्यता पर सवाल उठाया वयाचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि किस कानून के तहत न्यायाधीशों पर निर्णय देने के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। सिर्फ इसलिए कि अवैध या विकृत याचिकाएं दायर की जा रही हैं। आप न्यायाधीशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक परीक्षा में टॉप किया था, लेकिन विभिन्न उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों ने उन्हें राहत देने से इन्कार कर दिया। इसके बाद उन्होंने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई का अनुरोध किया।

# अमेरिकी अखबारों को कैप्टन सुमित के निर्णय पर संदेह

**अहमदाबाद ड्रीमलाइनर क्रैश मामला**

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद में** 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया के विमान के दोनों पायलटों के बीच आखिरी बातचीत को लेकर नया दावा सामने आया है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि विमान के कैप्टन सुमीत सभरवाल ने इंजनों में फ्यूल की सप्लाई रोकी थी।

डब्ल्यूएसजे ने बताया कि यह खुलासा दोनों पायलटों के बीच बातचीत की कॉकपिट रिकार्डिंग से हुआ है। वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चला कि बोइंग विमान उड़ा रहे को-पायलट क्लाइव कुंदर ने कैप्टन सुमीत सभरवाल से पूछा कि आपने फ्यूल स्विच को कटऑफ पोजिशन में क्यों कर दिया। सवाल करते समय को-पायलट हैरान थे। उनकी आवाज में घबराहट थी, जबकि कैप्टन सुमीत शांत दिखे। कैप्टन सुमीत सभरवाल के पास 15,638 घंटे और को-पायलट क्लाइव कुंदर के पास 3,403 घंटे उड़ान अनुभव था। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने यह बात जांच से जुड़े अमेरिकी सूत्रों के हवाले से दी है। हालांकि, इस पर भारतीय एजेंसियों ने कोई जवाब नहीं दिया है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट आने के बाद एविएशन एक्सपर्ट संजय लजार ने जांच रिपोर्ट लीक होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि अमेरिका का मीडिया भारत की संसद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय से ज्यादा जानकारी रखता है। ये रिपोर्ट भारत में पूरी पारदर्शिता पर सवाल उठाती है। प्रधानमंत्री को मामले की जांच किसी हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवानी चाहिए।



- **कैप्टन ने बंद की फ्यूल सप्लाई, वॉल स्ट्रीट जर्नल के दावे पर भारतीय एक्सपर्ट ने किया सवाल: क्या उनके पास हमसे ज्यादा जानकारी**

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा को माफी नहीं

सना, वार्ता

**यमन के** नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में फंसी भारत की नर्स निमिषा प्रिया को माफ करने से महदी परिवार ने इन्कार कर दिया है।

महदी के भाई अब्देल फत्तह महदी ने सोशल मीडिया पर साफ कहा कि मैं अपने भाई की हत्या के मामले में कोई माफी या समझौता नहीं चाहता। महदी ने कहा कि न्याय की जीत होगी, भले ही सजा में देरी हो, लेकिन बदला लेकर रहेंगे। चाहे कोई भी कितना दबाव डाले या मिन्नतें करे, हम क्षमा नहीं करेंगे और ब्लड मनी (खून के बदले दी जाने वाली रकम) नहीं लेंगे। निमिषा को मौत की सजा 16 जुलाई को होनी थी, लेकिन इसे फिलहाल टाल दिया गया है। महदी ने कहा कि हम शरियत कानून के तहत 'किसास' यानी बदले की मांग करते हैं। निमिषा को मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



- **मृतक का भाई बोला-मुआवजा नहीं चाहिए**
- **सजा में भले ही देरी हो, बदला लेकर रहेंगे**

### निमिषा की मदद को सरकार कर रही प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया केस पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार निमिषा प्रिया की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और 1988 बैच के आईएएस अधिकारी मनोज कुमार सिंह को सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार का अनुरोध किया है। सिंह का 31 जुलाई, 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इनको दुर्गा शंकर मिश्रा की सेवानिवृत्ति के बाद 30 जून, 2024 को राज्य के शीर्ष पद पर नियुक्त किया गया था। दरअसल मनोज कुमार सिंह से पहले यूपी के मुख्य सचिव रहे पूर्व आईएएस दुर्गाशंकर मिश्रा को दो बार एक-एक साल के लिए और तीसरी बार छह महीने के लिए सेवा विस्तार मिला था।

### बिहार में 125 यूनिट बिजली मिलेगी मुफ्त

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार विधान सभा चुनाव से पूर्व नीतीश सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का एलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक्स पर लिखा, सरकार शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रही है। अब तय किया गया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के कुल एक करोड़ 67 लाख परिवारों को लाभ होगा। यह भी तय किया गया है कि अगले तीन वर्षों में इन सभी घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों पर अथवा नजदीकी सार्वजनिक स्थल पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर लाभ दिया जाएगा।

# पिछले आठ साल में 238 अपराधी हुए ढेर

## मेरठ जोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई, 7.69 अपराधी दबोचे

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को कहा कि 2017 के बाद से अपराधियों के साथ 14 हजार से अधिक मुठभेड़ों में पुलिस ने 238 दुर्दांत बदमाशों को मार गिराया जबकि नौ हजार से अधिक के पैर में गोली मारी गई।

इस अवधि में 30 हजार से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए पुलिस ने अपराध पर कड़ी कार्रवाई जारी रखी है। पिछले आठ वर्षों में 14 हजार 973 ऑपरेशन चलाए गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार 694 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से पुलिस पर हमला करने वाले नौ हजार 467 अपराधियों के पैर में गोली लगी, जबकि 238 मुठभेड़ों में मारे गए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ ज़ोन में सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई, जहां 7,969 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 2,911 घायल हुए। आगरा ज़ोन में 5,529 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 741 घायल हुए। बरेली ज़ोन में 4,383 अपराधी पकड़े गए और 921 घायल हुए। वाराणसी ज़ोन में पुलिस ने 2,029 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 620 घायल हुए। गौतम बुद्ध नगर कमिश्नरेट में सबसे ज़्यादा गिरफ्तारियां हुईं, जहां 1,983 अपराधी पकड़े गए और 1,180 घायल हुए। गाजियाबाद कमिश्नरेट में 1,133 गिरफ्तार किए गए और 686 घायल हुए, जबकि आगरा कमिश्नरेट में 1,060 अपराधी गिरफ्तार किए गए और 271 घायल हुए। डीजीपी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के कार्यभार संभालने के बाद से उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता उत्तर प्रदेश से कानून का राज स्थापित करना और अपराधियों का सफाया करना है।

# स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा: राष्ट्रपति

## दिल्ली में पुरस्कार समारोह को सम्बोधित करते हुए बोलीं द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है और सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है।

मुर्मू ने गुरुवार को यहां स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए दुनिया का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया, जिसमें विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों और लगभग 14 करोड़ नागरिकों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है।

वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे। उन्होंने कहा कि वह अधिसूचित क्षेत्र परिषद की उपाध्यक्ष के रूप में प्रतिदिन वार्डों का दौरा करती थीं और स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण करती थीं।

### इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

**सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर, लखनऊ की लंबी छलांग, 44वें से तीसरे स्थान पर पहुंचा**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। वहीं कचरा प्रबंधन में बेहतर सुधार करके लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में देशभर में लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। गुरुवार को दिल्ली में इसकी घोषणा हुई।

### जयपुर में आयोजित सहकारी एवं रोजगार उत्सव समारोह में बोले शाह

# मोदी ने किया देश को सुरक्षित करने का काम

जयपुर, वार्ता



■ सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतारने का किया: गृहमंत्री

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में लोककल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के साथ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर देश को सुरक्षित करने का सबसे बड़ा काम करते हुए समृद्ध एवं विकसित भारत के सपने को जमीन पर उतरने का काम किया हैं।

शाह गुरुवार को जयपुर जिले के दादिया गांव में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर आयोजित सहकार एवं रोजगार उत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश कांग्रेस के शासन में आतंकवादी हमलों से त्रस्त था, लेकिन मोदी ने जब पूरी में आतंकवादी हमला हुआ तो सर्जिकल स्ट्राइक की और जब पूलवामा हमला हुआ, तब एयर स्ट्राइक और पहलगाम आतंकवादी हमले होने पर ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के घर में जाकर आतंकवादियों के परखचे उड़ाकर पूरी दनिया को मजबूत संदेश भेजने का काम किया कि भारत के नागरिकों, सेना और सीमा के साथ छेड़खानी नहीं करते, तो यह नतीजे नहीं भुगतने पड़ते। उन्होंने कहा कि इस प्रकार मोदी ने देश को समृद्ध एवं विकसित भारत बनाने के सपने को जमीन पर उतरने एवं उसे सच्चा करने का काम किया हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आकर दूनियां का चौथा अर्थ तंत्र बन चुका है। मोदी ने पिछले ग्यारह साल में गेंहू सहित कई पफसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमसएपी) में वृद्धि करने का काम किया। इसके अलावा उन्होंने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम भी किया, वहीं 60 करोड़ लोगों के घरों में शोचालय बनाने का काम किया गया। शाह ने कहा कि राजस्थान को ऊंटों की भूमि वाला प्रदेश के रूप भी जाना जाता है और सहकारिता का उपयोग ऊंट की नस्ल सुधारने एवं ऊंटनी के दूध का शोध भी शुरू किया गया जिससे आने वाले समय में ऊंट के संरक्षण पर कोई खतरा नहीं आएगा। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रदेश पेपर लीक से भी त्रस्त था, लेकिन एसआईटी गठन करके राज्य सरकार ने कठोर संदेश पेपर माफिया के खिलाफ दिया है। शर्मा के नेतृत्व में वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन कर 35 लाख करोड़ के एमओयू किए गए और तीन लाख करोड़ के एमओयू पर काम शुरु हो गया है।

### राजस्थान के हर घर में पहुंच रहा है पानी

शाह ने कहा कि पेट्रोल-डीजल के वैट में भी कटौती की गई और 450 रुपए में एलपीजी का सिलेंडर भी दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना का पानी लाने के लिए डीपीआर मंजूर की गई और जलजीवन मिशन के तहत घरों में पानी पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा अच्छा काम कर रहे हैं और प्रदेश में सहकारिता मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार और राजस्थान सरकार राजस्थान सहाकारिता आंदोलन को और मजबूत करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं और मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना कर चार साल में कई प्रयासों से सहकारिता को मजबूत करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि गत सौ साल में सहकारिता ने देश के विकास में बड़ा विकास दिया हैं और आने वाले साल भी सहकारिता के साल हैं जिसमें हर गावं एवं हर किसान तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने एक मंत्रालय स्थापित किया हैं।

# यूपी में खाद का भारी संकट कालाबाजारी चरम पर: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद का संकट है, जबकि निजी विक्रेता कालाबाजारी कर रहे हैं। यादव ने गुरुवार को कहा कि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। खरीफ की फसल विशेष कर धान की रोपाई का सीजन चल रहा है। किसान को फसलों के लिए डीएपी, यूरिया की जरूरत है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद नहीं है। निजी विक्रेता कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और ओवर रेटिंग कर रहे हैं। विभाग और सरकार की लापरवाही और लचर रवैये से किसान मारा-मारा फिर रहा है। उन्होंने कहा कि गोंडा, बस्ती, हाथरस, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, समेत तमाम जिलों में खाद का संकट है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से हर साल किसानों को खाद संकट का सामना करना पड़ रहा है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिलाओं को भी खाद के लिए सुबह से ही सहकारी समितियों पर लाइन लगानी पड़ रही है। कई घंटे लाइन में लगने के बाद भी किसानों को खाद नहीं मिलती है। किसानों का दर्द तब और बढ़ जाता है, जब खाद के बजाय उन्हें पुलिस की लाठियां और प्रताड़ना मिलती है। यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी के श्रीनगर की बहुउद्देशीय सहकारी समिति संकर भदूरा में 16 जुलाई को किसान खाद लेने के लिए पहुंचे। उनमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं थी। किसानों को खाद नहीं मिली। पुलिस ने लाठीचार्ज किया।



सेंसेक्स 82259.24
निफ्टी 25111.45



सोना रु. 97370
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110937
प्रति किलो



# ट्रम्प के बयान से भारतीय शेयर बाजारों पर दबाव

मुंबई, वार्ता



भारतीय शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी के बाद गुरुवार को गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 375.24 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़ककर 82,259.24 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100.60 अंक टूटकर 25,111.45 अंक पर रहा जो 0.40 प्रतिशत की गिरावट है। सुबह के कारोबार में बाजार हरे निशान में खुले थे, लेकिन कुछ ही देर बाद गिरावट में चले गए। दोपहर बाद बाजार की गिरावट बघ्ती गई। निफ्टी-50 ने 18.70 अंक की बढ़त में 25,230.75 अंक पर शुरुआत की। यह 25,230.75 अंक तक चढ़ा, लेकिन फिर बाजार में बिकवाली हावी हो गई। आईटी और बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियों में निवेशकों ने बिकवाली की। आशिका समूह के आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने बताया कि आज के कारोबार में निवेशकों की धारणा में तेजी से बदलाव देखा गया। बाजार में ओवरऑल गिरावट के बीच रियलिटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और फार्मा सेक्टरों में तेजी रही। आईटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा सेक्टरों पर दबाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की जमकर आलोचना की है। इससे पावेल के भविष्य और फेडरल रिजर्व की नीतियों को लेकर बाजार में अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसके अलावा ट्रम्प ने यह भी कहा है कि भारत को लेकर टैरिफ के बारे में जल्द फैसला संभव है। इससे भी निवेशक सतर्कता बरत रहे हैं। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अनुसार फेड प्रमुख को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच वैश्विक स्तर पर निवेशकों का विश्वास डगमगाया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट किया है कि पावेल को पद से हटाने का उनका कोई इरादा नहीं है, लेकिन इससे निवेश धारणा में कुछ खास सुधार नहीं हुआ है और निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियां लाल निशान में रहीं। टेक्नोलॉजी कंपनी के शेयर सबसे ज्यादा 2.76 प्रतिशत लुढ़क गए। इंफोसिस में 1.61 प्रतिशत और एचसीएल टेक में 1.20 प्रतिशत की गिरावट रही। टाटा स्टील के शेयर सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत चढ़े। चौतरफा बिकवाली से एनएसई में ज्यादा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने सूचकांक भी दबाव में रहे। निफ्टी-100 में 0.37 प्रतिशत, निफ्टी मिडकैप-100 में 0.17 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 में 0.12 प्रतिशत की गिरावट रही। एनएसई में रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, स्वास्थ्य, धातु, फार्मा और एफएमसीजी सेक्टरों में निवेशकों ने पैसा लगाया।

### सोना-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 130 गिरकर 97,370 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। जबकि चांदी की कीमत 263 कम होकर 1,10,937 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,11,200 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,150 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,050 रही। इनके अलावा भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,100 रही। ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

# रुपया तीन महीने बाद 86 प्रति डॉलर से नीचे

मुंबई, वार्ता

कच्चे तेल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के दबाव में रुपया गुरुवार को 14 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में एक डॉलर का भाव 86.09 रुपए का रहा।

भारतीय मुद्रा इस साल अप्रैल के बाद पहली बार 86 रुपए प्रति डॉलर से नीचे उतरी है। वैश्विक कारकों में दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक आज करीब 0.46 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा, घरेलू स्तर पर शेयर बाजारों की गिरावट से भी रुपए पर दबाव रहा। विदेशी निवेशकों की निकासी के कारण डॉलर की मांग बढ़ी है, जिससे भारती मुद्रा कमजोर हुई है। सुबह के कारोबार में रुपया दो पैसे की मजबूती के साथ 85.93 रुपए प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 85.80 रुपए प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। बाद में डॉलर की मांग निकलने से रुपए पर दबाव आ गया और यह 86.13 रुपए प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में 14 पैसे की गिरावट के साथ 86.09 रुपए प्रति डॉलर बोला गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भी तेजी रही, जिससे तेल आयातकों की तरफ से डॉलर की मांग में तेजी रही। इसका असर भी रुपए पर देखा गया।

### बेंगलुरु में होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पहले मेगा रोड शो

**लखनऊ।** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 से पूर्व 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कर्नाटक स्माल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सहयोग से यह रोड शो आयोजित किया जाएगा। इससे पहले नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित रोड शोज ने निवेशकों, विदेशी प्रतिनिधियों और स्टार्टअप्स के बीच उत्तर प्रदेश के प्रति जबरदस्त उत्साह और विश्वास पैदा किया है। अब बेंगलुरू में होने जा रहा यह आयोजन दक्षिण भारत के टेक्नोलॉजी और इनोवेशन हब में उत्तर प्रदेश के कारोबारी विजन और नीतिगत स्पष्टता को पेश करने का एक बड़ा मंच बनेगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एमएसएमई, खादी व ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान नेतृत्व करेंगे और 'टीम योगी' के प्रतिनिधि राज्य की कारोबारी क्षमताओं, अधोसंरचना, नीति सहयोग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे क्षेत्रों में हो रहे ऐतिहासिक परिवर्तनों की जानकारी साझा करेंगे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आकाश प्राइम...**बनाया गया है। यह सिस्टम किसी भी मौसम और भूभाग में बेहतर एक्यूरेसी प्रदान करता है। भारतीय सेना में आकाश वायु रक्षा प्रणालियों की तीसरी और चौथी रेजिमेंट में अब आकाश प्राइम को शामिल किया जाएगा। इससे देश का वायु रक्षा कवच और भी मजबूत होगा। यह सिस्टम 4500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर काम करने के लिए बनाया गया है। आकाश प्राइम प्रणाली से एयर डिफेंस की तीसरी व चौथी रेजिमेंट का गठन होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा ड्रोन के हमले करने के बाद से सेना की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम हो रहा है। बता दें कि सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के चीनी विमानों के साथ तुर्किए के ड्रोन हमले नाकाम किए थे। पर्वतीय क्षेत्रों व अत्यधिक ठंड में कारगर आकाश प्राइम एयर डिफेंस के लिए इस्तेमाल की जा रही मौजूदा आकाश प्रणाली का संशोधित रूप है। यह प्रणाली स्वदेशी सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी से लैस है। इसमें किए गए अन्य सुधार सुनिश्चित करते हैं कि इसका सटीकता से उच्चतम पर्वतीय इलाकों की अत्यधिक ठंड में इस्तेमाल हो सके। आकाश प्राइम की सटीक प्रति यूनिट कीमत सार्वजनिक रूप से घोषित नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार, पूरी आकाश मिसाइल प्रणाली के विकास में लगभग 1,000 करोड़ रुपये (17 करोड़ डॉलर) की लागत आई है। यह अन्य देशों में विकसित ऐसी ही प्रणालियों के मुकाबले 8-10 गुना कम है।

**भारत के साथ...** साथ। मुझे नहीं पता, हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा, तो वो समझौता हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ एक व्यापार समझौता किया है, जिसमें 32 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 19 प्रतिशत कर दिया गया है। भारत और कुछ अन्य देशों के साथ भी ऐसा ही समझौता हो सकता है। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने तय किया है कि एक अगस्त से अधिकतर आयातों पर शुल्क बढ़ा दिए जाएंगे। जो देश अमेरिका के साथ जल्दी समझौता नहीं करेंगे, उनके सामानों पर अमेरिका ज्यादा टैक्स लगाएगा। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था। तब उन्होंने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाया था। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। रिपोर्ट अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील में कुछ परेशानियां हैं, जिन्हें सुलझाने के लिए भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची है। यह बातचीत सोमवार से शुरू हुई थी और गुरुवार तक चलने की उम्मीद है।

**यमन में...**यह भी कहा कि सिर्फ हत्या ही नहीं, बल्कि सालों तक चले इस केस की लंबी कानूनी लड़ाई ने भी हमारे परिवार को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसलिए वे मुआवजे की कोई रकम नहीं लेना चाहते। महदी ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि कुछ भारतीय मीडिया संस्थान जानबूझकर ऐसे झूठे दावे फैला रहे हैं कि तलाल ने निमिषा का पासपोर्ट जब्त कर लिया था या उसका शोषण किया गया था, लेकिन यह पूरी तरह से गलत है। महदी ने दावा किया कि न तो खुद निमिषा प्रिया ने और न ही उसकी कानूनी टीम ने कभी अदालत में ऐसा कोई आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि निमिषा की पूरी कानूनी प्रक्रिया में भारतीय दूतावास की तरफ से नियुक्त वकील मौजूद थे और सभी कार्यवाही पारदर्शी रही। महदी ने भारतीय मीडिया पर यह आरोप लगाया कि वह दोषी को पीड़ित के रूप में प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने लिखा कि इसका मकसद जनता को गुमराह करना और अपराधी के लिए झूठी सहानुभूति पैदा करना है।

# कांग्रेस की मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए 15 दिन में भुगतान करने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ग्रामीण इलाकों में लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) की हाजिरी लगाने की प्रक्रिया को सरल किया जाना चाहिए। उन्होंने मजदूरी बढ़ाने और मजदूरों का भुगतान 15 दिन में करने की भी मांग की।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मोदी सरकार मनरेगा मजदूरों के काम के तरीके और उनकी मजदूरी के भुगतान आदि को लेकर नए नए फरमान जारी कर मामले को उलझा रही है। काम की निगरानी के लिए तकनीकी इस्तेमाल आदि के कारण मजदूरों को दिक्कत हो रही है और समय पर उनकी मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। इसमें फर्जी तरीके से आंकड़े अपलोड करने जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मई 2022 में सरकार ने मनरेगा हाजिरी और काम की निगरानी के लिए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ऐप बनाया था और इस महीने 8 तारीख को एनएमएमएस से जुड़ी तमाम समस्याओं को औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। शुरुआत से ही यह स्पष्ट था कि मनरेगा कार्यस्थलों से फोटो अपलोड करने की व्यवस्था उन सचमुच में काम करने वाले मजदूरों को बाहर कर देगी, जिनके फोटो नेटवर्क या कनेक्टिविटी की समस्या के कारण अपलोड नहीं हो पाते।

### बिहार को लेकर चुनाव आयोग पर बरसे राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर बिहार में भारतीय जनता पार्टी की कठपुतली बनने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह चुनाव आयोग कम और भाजपा का 'चोरी आयोग' ज्यादा नजर आता है। गांधी ने सोशल मीडिया एक पर एक पोस्ट में गुरुवार को कहा षबिहार में चुनाव आयोग मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर रंगे हाथ वोट चोरी करता पकड़ा गया। काम सिर्फ चोरी, नाम 'एसआईआर' पर्दाफाश करने वाले पर प्राथमिकी होगी। उन्होंने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आयोग अब भी 'चुनाव आयोग' है या पूरी तरह भाजपा की 'चुनाव चोरी' शाखा बन चुका है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



खून की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री ने विजिलेंस को दी खुली छूट

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भ्रष्टाचार को लेकर दिखाया सख्त रुख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजिलेंस को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए खुली छूट प्रदान की हुई है। इसका असर, साल दर साल बढ़ते विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों की संख्या में रूप में नजर आ रहा है। यही नहीं मजबूत साक्ष्य के आधार विजिलेंस गत साढ़े चार साल में 71 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने में कामयाब रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य का पदभार संभालते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर रुख साफ कर दिया था। इसका साफ असर विजिलेंस की कार्यवाही में नजर आ रहा है।

बीते चार साल में बडे से बड़े आरा.पी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य में साल दर साल विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों के साथ ही सजा के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इस दौरान विजिलेंस ने कुल 82 ट्रैप में 94 गिरफ्तारियों को अंजाम दिया, जिसमें 13 राजपत्रित अधिकारी शामिल हैं। बीते साढ़े चार साल से विजिलेंस के पास कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 18 में सामान्य जांच, 25 में खुली जांच के बाद 82 ट्रैप किए गए। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ठोस साक्ष्य और मजबूत पैरवी से कोर्ट में सजा की दर को भी 71 प्रतिशत तक ले जान में कामयाब रही है। इससे साफ है कि सरकार भ्रष्टाचार की समस्या को जड़ से खत्म करने के मिशन पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 भी जारी किया है। यही नहीं मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को अंतिम फैसला आने तक आरोपियों को पूर्व के दायित्व या अहम जिम्मेदारी नहीं देने के साथ ही ट्रैप के मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया में तेजी जाने के निर्देश दिए हैं।

**2021 में सिर्फ 5 और 2024 में 38 तक पहुंची गिरफ्तारियों की संख्या**



ष्हम देवभूमि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त करते हुए, सुशासन की कार्य संस्कृति विकसित करना चाहते हैं। इसी क्रम में मुख्य सेवक के रूप में कार्यभार संभालने के दिन से ही विजिलेंस को भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़ने के निर्देश दिए, जिसका असर अब नजर आ रहा है। भ्रष्टाचारियों को अंतिम अदालत सजा दिलाए जाने के लिए भी मजबूत पैरवी की जा रही है।- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

### कई अधिकारी हुए गिरफ्तार

**01-लोनिवि एई**

नैनीताल जिले में लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को ठेकेदार से रुपये 10 हजार रिश्वत मांगने पर रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

**02-यूपीसीएल जेई**

देहरादून के हरबर्टपुर सब स्टेशन के एक जेई को विजिलेंस ने रुपये 15 हजार की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

**03-एलआईयू कर्मी**

नैनीताल जिले के रामनगर में विजिलेंस की टीम ने एलआईयू के उप निरीक्षक और मुख्य आरक्षी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

**04-रोडवेज एजीएम**

काशीपुर में रोडवेज सहायक महाप्रबंधक को अनुबंधित बस संचालन के बदले 90 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

**05-खंड शिक्षा अधिकारी**

हरिद्वार के खानपुर ब्लॉक में खंड शिक्षा अधिकारी को रुपये 10 हजार की घूस लेते गिरफ्तार किया गया।

**06-जीएसटी सहायक आयुक्त**

देहरादून में कार्यरत जीएसटी सहायक आयुक्त को 75 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

**07-जिला आबकारी अधिकारी**

रुद्रपुर में तैनात जिला आबकारी अधिकारी को शराब कारोबारी से 10 लाख रुपए के माल के एवज में 10 फीसदी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

### भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार जारी

| वर्ष | गिरफ्तारी | निर्णय | सजा |
|---|---|---|---|
| 2021 | 07 | 02 | 02 |
| 2022 | 15 | 03 | 01 |
| 2023 | 20 | 18 | 16 |
| 2024 | 38 | 13 | 07 |
| 2025 | 14 | 03 | 02 |

(नोट साल 2025 के आंकड़े जुलाई 15 तक के हैं)

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना क्रांतिकारी पहल: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजनाश को मंजूरी दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना देश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित होगी।

मीडिया को जारी अपने बयान में कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों की उत्पादकता में वृद्धि, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और सतत खेती (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह योजना कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं में सुधार लाने और किसानों को अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक ऋण सुलभ कराने के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी।

उन्होंने बताया कि यह योजना उन क्षेत्रों को लक्षित करेगी जहां उत्पादकता कम है, फसल सघनता न्यून है और कृषि ऋण का वितरण अपेक्षाकृत कम रहा है।



**कृषि मंत्री ने पीएम मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल का जताया आभार**

योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिला शामिल किया जाएगा और वर्ष 2025-26 तक देश के 100 जिलों में इसे लागू किया जाएगाकृषि मंत्री ने विश्वास जताया कि 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष तक किसानों की आय दोगुनी करने के विजन को पूर्णता तक पहुंचाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल का भी इस किसान हितैषी निर्णय के लिए आभार जताया।

# भाजपा ने किया स्कूलों में गीता ज्ञान देने की पहल का स्वागत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**गीता पाठ्यक्रम के लिए देवभूमि सर्वश्रेष्ठ राज्य: भट्ट**

**देहरादून।** भाजपा ने स्कूलों में गीता ज्ञान देने की पहल को देवभूमि स्वरूप के अनुरूप बताते हुए स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं की दुविधा पर चुटकी लेते हुए कहा कि, जिन्हें तुष्टिकरण के वोट लेने हों उनको तो संविधान पर राम दरबार के चित्र पर भी आपत्ति होती रही है। लेकिन भाजपा और प्रदेश की जनता एकमत है कि गीता आधारित स्कूली पाठ्यक्रम के लिए देवभूमि से बेहतर कोई राज्य नही हो सकता।उन्होंने इस मुद्दे पर मीडिया में बयान जारी कर कहा कि, भारतीय संस्कृति, दैनिक जीवन के कर्तव्य और सामाजिक प्रेरणा देने वाले प्रसंगों की बात करें तो श्रीमद भगवद गीता से बेहतर कोई पाठ्य सामग्री नही है।

इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार ने भावी पीढ़ी को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया था। लिहाजा जब तक इसका पाठ्यक्रम पूरी तरह से तैयार नहीं होता तब तक स्कूलों की प्रार्थना में गीता के श्लोकों और प्रसंगों का उच्चारण करना सर्वथा उचित है और भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर समर्थन करती है। पहले भी अनेकों मर्तबा गीता को कर्म आधारित ज्ञान दर्शन का सर्वश्रेष्ठ संयोजन माना गया है। जिसका दैनिक जीवन में पढ़ाया जाना हमारे नौनिहालों और देश के भविष्य बहुत लाभकारी साबित होगा। वहीं उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं के विरोधाभासी बयानों को उनका असली सनातन विरोधी चेहरा बताया है।

## उत्तराखंड के मदरसों में स्कॉलरशिप वितरण को लेकर हुई धांधली

# मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने धांधली की जांच के दिए आदेश

**सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति लेने के बाद मचा हड़कंप**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय या मदरसा दर्शाकर केंद्रीय सरकार द्वारा पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रकरण की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहनता से जांच करने के आदेश विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिए हैं। अब इस मामले की जांच विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा की जा रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज उत्तराखंड राज्य के ऐसे सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के बारे में आवेदकों के सत्यापन, भुगतान के विषय में बैंक खातों की जानकारी, संचालकों और विद्यार्थियों दोनों के जांचने के निर्देश देते हुए दो हफ्तों में रिपोर्ट देने को कहा है।

### ऐसे खुला छात्रवृत्ति में घोटाला

जानकारी के अनुसार उधमसिंह नगर जिले में वर्ष 2021-2022 और 2022-2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए उधमसिंह नगर जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से 6 मदरसों-शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध पाई गई है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है।

यहीं से इस मामले में धांधली होने का मामला सामने आया है क्योंकि एक तो सरस्वती शिशु मंदिर अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं होता दूसरा इसका संचालक मोहम्मद शारिक-अतीक बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के अनुसार यहां 154 मुस्लिम बच्चों का पढ़ना बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर ये नाम देखकर सरकार भी चौंकी है जिसके बाद ही मुख्यमंत्री धामी ने गहनता से जांच करने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार काशीपुर के नेशनल अकादमी जेएमवाईआईएच एस में पढ़ने वाले 125 मुस्लिम छात्रों और इसके संचालक गुलशफा अंसारी, मदरसा अल जामिया उल मदरिया के 27 बच्चों का और उसके संचालक मोहम्मद फैजान का सत्यापन भी किए जाने के निर्देश जारी किए गए है।

### मदरसों के छात्रों के दस्तावेज होंगे चेक

इसके अलावा मदरसा अल्बिया रफीक उल उलूम घनसारा बाजपुर के संचालक जावेद अहमद और यहां के 39 बच्चों, संभवत: इसी जावेद अहमद के नाम से गदरपुर के मदरसा जामिया आलिया के 24 बच्चों के बारे में भी दस्तावेज जांचने और मदरसा जामिया रजा उल उलूम बाजपुर के 85 बच्चों और संचालक इरशाद अली के सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। उधम सिंह नगर के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी सिंह को इन सभी मामलों की गहनता से जांच पड़ताल करने के लिए सचिव अल्पसंख्यक कल्याण ने निर्देश दिए हैं।

### मामले की गहनता से होगी जांच: डॉ. धकाते

इस संबंध में विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से एक वर्ग विशेष द्वारा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के मामले संज्ञान में आने, तथा साथ ही अन्य मदरसों के द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृति में दर्ज आवेदनों को लेकर संदेह पैदा हुआ है, मुख्यमंत्री द्वारा इस मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस पर पूरे राज्य में जांच की जा रही है साथ ही केंद्र सरकार के मंत्रालय से भी संवाद किया जा रहा है।

राज्य में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दी गई आवेदकों की जानकारी संदेहजनक प्रतीत हुई है, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से छात्रवृत्ति का प्रकरण भी सामने आया है जिसकी जांच करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव को निर्देशित किया गया है। देवभूमि में भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।- **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# उत्तराखंड जल निगम के अधिक्षण अभियंता सुजीत विकास निलंबित

## फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर काम देने के एवज में लिए 10 लाख रुपये

**प्रभारी मुख्य अभियंता कुमाऊं का कार्यभार देख रहे थे सुजीत विकास सीएम के निर्देश पर भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई जारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड पेयजल निगम के चेयरमैन वरिष्ठ आईएएस अफसर शैलेश बगोली द्वारा कर्मचारी आचरण नियमावली के उल्लंघन पर सुजीत कुमार विकास प्रभारी मुख्य अभियंता (कुमाऊं) मूल पद अधीक्षण अभियंता उत्तराखंड पेयजल निगम हल्द्वानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन की अवधि में सुजीत कुमार विकास, कार्यालय महाप्रबंधक (प्रशिक्षण), मानव संसाधन प्रकोष्ठ पेयजल निगम रुड़की में सम्बद्ध रहेंगे।

अध्यक्ष उत्तराखंड पेयजल निगम द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप में स्पष्ट किया गया है कि सुजीत कुमार विकास के विरूद्ध संजय कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने अपने शिकायती-पत्र में उल्लेख किया है कि वह पानी की योजनाओं में पेटी पर कार्य करता है। वर्ष 2022 में सुजीत कुमार विकास (तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल,पेयजल निगम देहरादून) द्वारा संजय कुमार की फर्म मैसर्स हर्ष इंटरप्राइजेज का पेयजल निगम में पंजीकरण कराने एवं विभाग में कार्य दिलाने का आश्वासन दिया।

### पत्नी की फर्म के खाते में ट्रांसफर कराए रुपये

इसके एवज में सुजीत कुमार विकास के कहने पर संजय कुमार ने अपनी प्रोपराईटरशीप फर्म मैसर्स हर्ष इंटरप्राइजेज के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा काशीपुर के अकाउंट से मैसर्स कुचु-पुचु इंटरप्राइजेज के कोटक महिन्द्रा बैंक खाते में दिनांक 06,07 एवं 08 जुलाई 2022 कुल 5 किस्तों में 2-2 लाख रुपये करके कुल 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए। विभाग में उपलब्ध अभिलेखों के अवलोकन से ज्ञात होता है कि मैसर्स कुचु-पुचु इन्टरप्राईजेज, वह फर्म है, जिसकी पार्टनर सुजीत कुमार विकास की पत्नी रंजु कुमारी हैं।

### कर्मचारी आचरण नियमावली का किया उल्लंघन

सुजीत कुमार विकास को स्पष्टीकरण हेतु 15 दिनों का समय दिया गया था, परन्तु सुजीत कुमार विकास द्वारा अबतक कोई प्रत्युत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया है। पेयजल निगम के चेयरमैन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सुजीत कुमार विकास के विरुद्ध उपरोक्त आरोप बेहद गम्भीर प्रकृति के हैं। इसका अन्य स्टाफ पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है, इसलिए उनका पद पर बने रहने उचित नहीं है।

# राजभवन के बाहर गरजे कांग्रेसी, गिरफ्तार

**पार्टी अध्यक्ष माहरा व धस्माना आयुक्त को हटाने की मांग को लेकर अनशन पर बैठे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार की कार्यशैली और उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम की धारा 9(6) व 9(7) के उल्लंघन को लेकर प्रदेश कांग्रेस का आक्रोश अब सड़कों पर आ चुका है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने राजभवन के बाहर अचानक अनशन का ऐलान कर प्रशासन को सकते में डाल दिया। चार दिन से राज्यपाल से मिलने का समय ना मिलने से खफा कांग्रेस नेताओं ने दोपहर एक बजे राजभवन के बाहर धरना शुरू कर दिया। जहां एक ओर माहरा समर्थकों के साथ तिराहे पर बैठे, वहीं दूसरी ओर सूर्यकांत धस्माना सीधे राजभवन के मुख्यद्वार तक पहुंच गए और फुटपाथ पर शांतिपूर्वक बैठ गए। उनकी इस रणनीति से पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने उन्हें मनाकर तिराहे पर धरने में वापस बैठाया।



धरने में पत्रकारों से बात करते हुए करन माहरा ने कहा, हम राज्यपाल से केवल एक संवैधानिक मांग रखने जा रहे हैं। जब राज्य निर्वाचन आयुक्त संविधान के खिलाफ कार्य करें तो बर्खास्त करने की मांग राज्यपाल से ही हो सकती है। लेकिन राजभवन हमें मिलने तक का समय नहीं दे रहा। इसी दौरान पुलिस करण माहरा, सूर्यकांत धस्माना, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी समेत एक दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई। गिरफ्तार किए गए प्रमुख नेताओं में नवीन जोशी, जगदीश धीमान, ज्योति रौतेला, अमरजीत सिंह, विशाल मौर्य, दिनेश कौशल, गिरिराज किशोर हिंदवाण, अभिनव थापर, गुल मोहम्मद, ललित भद्री, आनंद पुंडीर, मदन कोहली आदि शामिल थे। कुछ घंटों बाद सभी को रिहा कर दिया गया।

पार्टी मुख्यालय पहुंचकर सूर्यकांत धस्माना ने तीखे शब्दों में कहा कि, राज्यपाल प्रदेश सरकार के संरक्षक होते हैं, जनता व विपक्ष की बात नहीं सुनी जाएगी तो हम कहां जाएं? यह शांतिपूर्ण अनशन था, लेकिन अब अगर हमारी आवाज फिर भी न सुनी गई, तो कांग्रेस प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान करेगी।

## नगर निगम का हरित पखवाड़ा- एक लाख पौधे रोपे जाने का लक्ष्य

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला के अवसर पर हरित पखवाड़े का शुभारंभ किया है। गुरुवार को भी दूसरे दिन नगर निगम देहरादून ने हरित पखवाड़े के अंतर्गत काला गांव , सहस्त्रधारा रोड पर पौधारोपण कार्य किया गया , जिसमें 1000 से अधिक पेड़ लगाए गए ।इसके अतिरिक्त लोगों में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण पर जन जागरूकता को आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन एवं रायपुर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया ।

# आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए दे रहे प्रोत्साहन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से गुरुवार को कैंप कार्यालय में कृषि, उद्यान एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्यरत एक अग्रणी संस्था एग्रीबिड के पदाधिकारियों ने भेंट की।

इस दौरान संस्था ने प्रदेश में कृषि और ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तृत प्रस्तुति कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री जोशी को दी।

संस्था के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री जोशी को अवगत कराया कि बीते कई वर्षों से वेयरहाउस निर्माण, बायो



फर्टिलाइजर निर्माण, मौसम आधारित क्रियाकलाप, विभिन्न फसलों के संवर्धन एवं तकनीकी नवाचारों पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में यह संस्था देश के 12 राज्यों में सक्रिय रूप से किसानों को प्रशिक्षण देने, उत्पादन बढ़ाने हेतु मार्गदर्शन करने एवं एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम संचालित करने का कार्य कर रही है। संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित तकनीकी समाधान उपलब्ध कराने और उत्तराखण्ड में कृषि क्षेत्र के लिए संभावित सहयोग के प्रस्ताव भी रखे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संस्था के प्रस्तावों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार सहयोग की संभावनाएं तलाशें।

बैठक में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र सिंह, सीईओ औद्योनिक विपणन बोर्ड नरेंद्र यादव सहित संस्था की ओर से डा सन्देश यादव, संस्थापक एग्रीबिड आशुतोष मिश्रा, प्रबंध निदेशक राहुल स्वालका, एग्रीटेक सहयोग प्रमुख श्रीधर कोत्रा, स्ट्रैटेजिक हेड संगीता शर्मा, वित्त प्रमुख सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मुनस्यारी हादसा-डीजी हेल्थ के निर्देश पर 3 सदस्यीय जांच समिति गठित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**विषैले जंगली मशरूम खाने से नानी की नातिन की मृत्यु की, 48 घंटों में विस्तृत जांच कर रिपोर्ट मांगी चिकित्सकीय लापरवाही पाए जाने पर होगी कठोर कार्रवाई: डॉ. सुनीता टम्टा**

**देहरादून।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के मुनस्यारी क्षेत्र में विषैले जंगली मशरूम खाने से नानीख्ननातिन की मृत्यु के दुर्भाग्यपूर्ण प्रकरण को स्वास्थ्य विभाग ने अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मानते हुए तत्काल प्रभाव से तथ्यपरक जांच के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पिथौरागढ़ ने इस मामले की जांच के लिए एक तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है, जिसे 48 घंटों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी पिथौरागढ़ ने डॉ. प्रशांत कौशिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नलिखित विशेषज्ञों की जांच समिति गठित की गई है। डॉ. एस.सी. रजबार, फिजिशियन, डॉ. हेमंत शर्मा, निश्चेतक विशेषज्ञ को समिति में शामिल किया गया है। डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा समिति को निर्देशित किया गया है कि वे घटना से संबंधित समस्त पहलुओं उपचार प्रक्रिया, चिकित्सकीय निर्णय, रेफरल की समयबद्धता एवं प्रोटोकॉल की अनुपालना की निष्पक्ष और साक्ष्य आधारित जांच कर दो कार्य दिवसों में रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने कहा कि विभाग इस अत्यंत दु:खद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही, चिकित्सा प्रोटोकॉल का उल्लंघन या कर्तव्यहीनता पाई जाती है।

तो दोषियों के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग यह दोहराता है कि राज्य के प्रत्येक नागरिक को समय पर, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में विभाग शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य करता है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देहरादून नगर निगम की रैंकिंग में सुधार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देहरादून नगर निगम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 62वीं रैंक प्राप्त की है। यह पिछले वर्ष (2023) की तुलना में 6 अंकों का सुधार है, जब नगर निगम को 68वीं रैंक प्राप्त हुई थी। इस साल नगर निगम रुद्रपुर को 68वी रैंक मिली । पिछले वर्ष देहरादून नगर निगम को कुल 6579 अंक प्राप्त हुए थे, जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 7614 अंक हो गया है।

यह 1000 अंकों से अधिक की



वृद्धि दर्शाता है, जो स्वच्छता, जनभागीदारी, नवाचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, और नगर निगम की निरंतर प्रयासों का परिणाम है।नगर निगम देहरादून की यह उपलब्धि शहरवासियों, सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता स्वयंसेवकों, और निगम प्रशासन के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

**उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त की 62वीं रैंक ,नगर आयुक्त नमामि बंसल ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों और नागरिकों को दी बधाई नगर निगम रुद्रपुर को 68वी रैंक मिली**

निगम द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण, जनजागरूकता अभियानों, साफ-सफाई व्यवस्था में तकनीकी नवाचार, और सतत निगरानी जैसे कदमों से इस सफलता को हासिल किया गया है।नगर निगम आयुक्त नमामि बंसल ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि देहरादून को एक स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक उपलब्धि है।नगर निगम आने वाले समय में और बेहतर प्रयासों के साथ स्वच्छता के क्षेत्र में देश के शीर्ष शहरों में स्थान बनाने के लिए कटिबद्ध है।

## निर्धारित से कम वेतन दिए जाने का मुद्दा उठाया

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने व्यवसायिक प्रशिक्षकों को निर्धारित वेतन से कम वेतन दिये जाने का शिकायती पत्र मुख्य सचिव को भेंट के दौरान सौंपा। अपने पत्र में रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि वर्ष 2021 से व्यवसायिक प्रशिक्षक अपनी सेवायें समग्र शिक्षा के तहत दे रहे हैं। इनका चयन आउटसोर्सिंग कंपनी विजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से हुआ था। एमओयू में स्पष्ट उल्लेख था कि इन्हें 22,000 का मानदेय दिया जायेगा ।

# मनिआगर-खोला मोटर मार्ग बदहाल

## ग्रामीण परेशान: सड़क खराब से पांच ग्राम पंचायतों को आवगमन में दिक्कतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जनपद के विकासखंड धौलादेवी ब्लाक की आठ किलोमीटर लंबी मनिआगर-खोला मोटर मार्ग की बदहाली ने दुश्वारियां बढ़ा दी है। सड़क खराब होने से क्षेत्र के पांच ग्राम पंचायतों के लोगों को आवागमन में परेशानी झेल रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। कई जगहों पर ग्ढ्ढे बन गए हैं। जिससे क्षेत्र की पांच हजार से अधिक की जनसंख्या दुश्वारियां झेलने को मजबूर हैं। ग्रामीणों की लंबी मांग के बाद मनिआगर से खोला तक वर्ष 2006-07 में आठ किमी लंबी सड़क गनाई गई। ग्रामीणों को लगा की अब आवागमन में सुविधा होगी। लेकिन अब सड़क की बदहाल स्थिति के चलते सड़क से जुड़े ग्राम खोला बीना, क्वेटी, बरतोली, चौलेठी के ग्रामीण आवागमन में परेशानी झेल



रहे हैं। बरसात में इस सड़क पर आवागमन करना और कठिन हो गया है। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी है। कई स्थानों पर कलमठ क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षा दीवार भी क्षतिग्रस्त हैं। डामर उखड़ गया है। इससे सड़क पर कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी हो गए हैं। ग्रामीणों को कहना है कि कई बार सड़क को ठीक करने की मांग कर चुके हैं। लेकिन ग्रामीणों की समस्याओं को अनदेखा किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने अब शीघ्र सड़क ठीक नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेता. वनी दी। यहां चेतावनी देने वालों में पूर्व उप प्रमुख आभा गैड़ा, गोपाल सिंह गैड़ा, हरीश सिंह गैड़ा, मदन सिंह गैड़ा, महेश्वर सिंह गैड़ा, भोपाल सिंह गैड़ा, प्रेम राम, दीवान राम, जगदीश राम शामिल रहे।

## बारिश में दो घर क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में आपदा का कहर जारी है। बुधवार की रात हुई झमाझम बारिश से दो लोगों के घर आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त हुए, जबकि दो लोगों के आंगन की दीवार टूकर आवासीय मकान को खतरा बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश से अभी भी जिले के दो सड़कों पिंडारी काफलीकमेडा मोटर मार्ग, कपकोट पिंडारी ग्लेशियर मोटर मार्ग अभी भी बंद है। बंद सड़कों को खोलने के लिए लगातार प्रयास जारी है। बता दें कि जिले में रुक रुककर हो रही बारिश लगातार खतरे को दावत दे रही है। बुधवार की रात हुई बातिश से कपकोट तहसील के चचई गांव निवासी किशन राम पुत्र चनर तथा गरुड़ तसील के ज्योंणास्टेट निवासी किशन सिंह पुत्र भवान सिंह का आवासीय मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। वही कपकोट के भनार गांव निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र जसपाल सिंह व जसपाल सिंह पुत्र भीम सिंह के घर की आंगन की सुरक्षा दीवार टूट गई। जिससे आवासीय मकानों को खतरा बना हुआ है। गुरुवार की सुबह 10 बजे तक जिले के अलग अलग इलाकों में बारिश होती रही। ग्रामीण क्षेत्रों में दिन भर बादल छाए रहे। जिला मुख्यालय में दस बजे के बाद चटक धूप खिली रही।

## केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा के पार्षदों के एक शिष्टमंडल ने मेयर अजय वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात की। नगर की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पार्षदों ने मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्थ करने की मांग उठाई। पार्षदों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में प्रसव के लिए आई महिलाओं को लगातार हायर सेंटर रेफर करने के मामले सामने आ रहे हैं। जिससे लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पर्वतीय क्षेत्र का एकमात्र मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलना चिंता का विषय है। जिस पर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यहां पार्षद अमित साह मोनू, दीप जोशी, अर्जुन बिष्ट, वंदना वर्मा, अंजू बिष्ट, आशा बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर...

### कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान को पितृशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के पिता त्रिलोक सिंह चौहान का



गुरूवार सुबह निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे और उन्होंने ऋषिकेश स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। पूर्व सैनिक त्रिलोक सिंह चौहान एक सज्जन, सरल एवं प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से विश्वविद्यालय परिवार सहित शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। निधन की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास पहुंचे। परिवार की ओर से उनके निवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विश्वविद्यालय समुदाय ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अवैध शराब के साथ एक को दबोचा

**बागेश्वर।** कपकोट पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उनकी टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी बीच 25 वर्षीय करन सिह कोरंगा पुत्र नंदन सिंह कोरंगा निवासी पालीडूंगरा के पास से 96 पव्वे, 12 बोतल बियर बरामद की गई। उपनिरीक्षक मंजू पवार ने बताया कि पालीडुंगरा पुल के समीप युवक को पकड़ा गया। उसके खिलाफ धारा 60 (1) आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

### बिजली कटौती से जनता परेशान

**बागेश्वर।** बुधवार रात से गुरुवार शाम तक जिले में लाइट आंख मिचौली खेलती रही। नगर क्षेत्र में लगातार विद्युत कटौती से लोग परेशान रहे। बैंकों, डाकखाने व दफ्तरों में काम काज प्रभावित रहा। वही ग्रामीण प्रवेश में बिजली न होने से लोग अंधेरे में रहने के लिए मजबूर हुए। बता दें कि बुधवार की रात से दुगनाकुरी तहसील क्षेत्र में विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से कई गांव अंधेरे में रहे। लोगों के फोन आदि शोपीस बनकर रह गए। वही नगर में गुरुवार सुबह से बिजली की कटौती होते रहे। जिससे लोग उमस भरी गर्मी व अन्य कार्य करने में काफी परेशान रहे। लोगों ने ऊर्जा निगम से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इधर ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि लाइन में ब्रेकडाउन से समस्या खड़ी हुई है।

### जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरेला महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश श्रीकांत पांडे द्वारा कार्मिकों के साथ मिलकर न्यायालय परिसर में फलदार, छायादार, औषधीय व अन्य पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने मौजूद लोगों को वृक्षों के महत्व व पर्यवरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महोत्सव के दौरान लगाएं गए पौधों के संरक्षण और संवर्द्धन को लेकर भी प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि वृक्षों के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं हो सकता। इसलिए आज प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण को आगे आने की जरुरत है। यहां न्यायाधीश नीना अग्रवाल, शचि शर्मा, रविंद्र देव मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### गर्भवतियों को रेफर करने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में लचर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर नगर निगम के पार्षद मुखर हो गए हैं। गुरुवार को नगर निगम पार्षद, रेडक्रॉस सोसायटी समेत अन्य संगठनों ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान मेडिकल कॉलेज सुविधाओं को दुरस्थ करने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा कि मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में प्रसव के लिए आई महिलाओं को लगातार हायर सेंटर रेफर करने के मामले सामने आ रहे है। जिससे लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पर्वतीय क्षेत्र का एकमात्र मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलना चिंता का विषय है। उन्होंने डीएम से जल्द स्वास्थ सेवाओं में सुधार किए जाने की मांग उठाई। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में रेडक्रास सोसाइटी अध्यक्ष आशीष वर्मा, मनोज सनवाल, पार्षद अमित साह मोनू, दीप जोशी, अर्जुन बिष्ट, वंदना वर्मा, अंजू बिष्ट, आशा बिष्ट, राहुल जोशी, मीरा मिश्रा, ज्योति साह, पूनम त्रिपाठी, नेहा टम्टा, संजय कुमार जोशी, अभिषेक जोशी, श्याम पांडे, विजय भट्ट, कपिल मल्होत्रा, मनोज भंडारी आदि मौजूद रहे।

### 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित 3 गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के सख्त निर्देशों पर मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में काशीपुर पुलिस को आज एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। काशीपुर कोतवाली पुलिस टीम ने अवैध शराब के परिवहन की गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। ये अभियुक्त एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार यूके18 के-9877 में अवैध रूप से मैक्डवल नं. 1 और 8 पीएम गोल्ड ब्रांड की कुल 10 पेटियां अंग्रेजी शराब ले जा रहे थे। पुलिस ने न केवल तीनों तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा, बल्कि तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान आदर्श गुरंग पुत्र रवि गुरंग निवासी वैशाली कालोनी थाना आईटीआई काशीपुर, अंकित ठाकुर पुत्र ओमप्रकाश निवासी सुभाषनगर आवास विकास काशीपुर और रविन्द्र पाल पुत्र बाबूराम निवासी सरवरखेड़ा, थाना कुंडा के रूप में हुई है।

## अंडर-14 क्रिकेट ट्राफी पर सनसाइन एकेडमी का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा स्टेडियम में अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया है। गुरुवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में सनसाइन एकेडमी ने शानदार जीत दर्ज कर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल की



ओर से आयोजित फाइनल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल जीना और विशिष्ट अतिथि हरीश कनवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद सनसाइन एकेडमी और स्टेडियम के मध्य मुकाबला खेला गया। जिसमें रोमांचक फाइनल मैच में सनसाइन एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेडियम को 6 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। अतिथियों की ओर से विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां कोच राजेंद्र सिंह राणा, सलमान अंसारी, कैलाश मेहरा, विपुल कार्की, अंकित फर्त्याल, भरत फर्त्याल समेत कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# प्रत्याशियों से अधिक लोकप्रिय भौर्याल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पंचायत चुनावों में भाजपा के दिग्गज नेता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के प्रचार प्रसार में खूब पसीना बहा रहे हैं। वे जिले के सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को जेठाई क्षेत्र वोट मांगने गए पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल का ग्रामीणों का अनूठे अंदाज में स्वागत किया गया। गांव के बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा इनके गालों को सहलाते हुए उन्हें पूरा भरोसा दिलाया। बता दें राजनीति के क्षेत्र में अपनी ईमानदारी व स्वच्छ छवि से अलग पहचान बना चुके पूर्व कैबिनेट मंत्री भौर्याल की लोकप्रियता आज भी बरकरार है। उन्होंने लोगों से अपने अंदाज में खासकर जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत में भाजपा के



अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं ग्रामीणों द्वारा भी उन्हें भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया जा रहा है। गुरुवार को विधायक कपकोट सुरेश गढ़िया ने विधान से के अलग अलग जिला पंचायत सीटों में प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। ग्रामीणों को आने वाले दिनों में विकास का दावा किया।

## भाजपा बाहुल्य क्षेत्र में विरोध के स्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** पंचायत चुनावों में आए दिन नई नई बाते सामने आ रही है। जिला पंचायत की सिमगढ़ी सीट से तीन प्रत्याशी मैदान में है। जिसमें भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी ज्योति राठौर, भाकपा के बागी निर्दलीय प्रत्याशी शीला शाह, तथा कांग्रेस प्रत्याशी बबीता देवी मैदान में है। यह क्षेत्र लंबे समय से भाजपा के कब्जे में रहा है। लेकिन इस बार भाजपा का गढ़ कहा जाने वाला मुख्य क्षेत्र सनगाड़, बास्ती ग्राम सभा में भाजपा का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। हालांकि ग्रामीणों द्वारा खुलकर टिकट वितरण को लेकर नाराजगी की बात कही जा रही है। लेकिन हकीकत में मुद्दा शिखर मंदिर को लेकर बताया जा रहा है। लोगों में काना फूसी है कि पूर्व में सनगाड़, बास्ती के ग्रामीण शिखर मंदिर में अपना अधिकार चाहते थे। जिसे लेकर कई बार वे डीएम दफ्तर तक पहुंचे। लेकिन मंदिर में किसी का अधिकार न दिए जाने व निस्वार्थ भाव से सभी को सहयोग व कार्य करने की बात सामने आई। तब से ग्रामीणों की भाजपा से थोड़ी नाराजगी नजर आई। इसका ही खामियाजा है कि त्रिस्तरीय चुनाव में ग्रामीण विरोध कर रहे है। बीते दिवस भाजपा के कार्यकर्ता गांव में अपने प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे। जहां उन्हें ग्रामीणों का भरी विरोध झेलना पड़ा। जिसके बाद वे बेरंग की गांव से लौट कर आए।

## तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** थाना कुंडा पुलिस ने तमंचे व कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर के द्वारा जनपद में अवैध शस्त्र/मादक पदार्थ की तस्करी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुण्डा के नेतृत्व में थाना कुण्डा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बाबरखेड़ा से कुदाईइयों वाला को जाने वाले रास्ते पर पुलिया के समीप आजम उर्फ नन्हें पुत्र मोहम्मद शाह निवासी ग्राम इस्लाम नगर जनपद उधम सिंह नगर को 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# पंचायत चुनाव: मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की मौजूदगी में बीडी पांडेय महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को मतदान कार्मिकों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें 170 मतदान पार्टियों के 850 कार्मिको सहित 06 जोनल मजिस्ट्रेट व 23 सेक्टर मजिस्ट्रेट शामिल हैं। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष भटगांई ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने और मतदान की गोप. नीयता को लेकर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने, हस्त पुस्तिका का अच्छे से अध्ययन करने और अपनी शंकाओं का यथासमय समाधान मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से करने को कहा। उन्होंने पीठासीन अधिकारियों को मतदान पार्टियों की रवानगी के समय मतदान सामग्री को चैक लिस्ट से मिलान करने के निर्देश दिए। विदित है कि जनपद में चुनाव एक ही चरण में 24 जुलाई को होने हैं। मास्टर ट्रेनर डा. राजीव जोशी, दीप चंद्र जोशी और हरीश रावल ने सभी मतदान कार्मिकों को मतपत्र और मतपेटी के संचालन हेतु व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया। जिसमें मतदान केंद्र में मतपेटी की स्थापना, मतपेटी को खोलना, बंद करना और सीलिंग करना, मतपत्र को फोल्ड करने के साथ ही मतदान समाप्ति के बाद मतपेटी को सील करना एवं सुरक्षित रूप से स्ट्रॉग रूम तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर सी तिवारी, नोडल प्रशिक्षण/मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह सोन, नोडल कार्मिक/डीडीओ संगीता आर्या, समाज कल्याण अधिकारी जसमीत कौर, डीपीओ मंजुलता यादव सहित अन्य संबंधित अधिक. ारी मौजूद रहे।

## 360 पोलिंग पार्टियों को दी व्यवहारिक ट्रेनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत गुरुवार को उदय शंकर नाट्य अकादमी एवं एसएसजे विवि लोवर कैंपस के ऑडिटोरियम में गठित पोलिंग पार्टियों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पोलिंग पार्टी की जिम्मेदारियों समेत अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने प्रतिभाग करते हुए मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं एवं मतपेटियों, मतपत्र समेत चुनाव के संचालन की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक कार्मिक को निर्वाचन की पूरी जानकारी हो, जिससे आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया, प्रपत्रों की भराई, पोलिंग पार्टी की जिम्मेदारियों एवं मतगणना से पूर्व की जाने वाली तैयारियों के बारे में विस्तार से जानक. ारी दी। प्रशिक्षण में कुल 360 पोलिंग पार्टियों का प्रशिक्षण हुआ। प्रत्येक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी समेत 5 मतदान कार्मिक सम्मिलित हैं। इस प्रकार कुल 1800 कार्मिकों का सैद्धांतिक एवं व्याहारिक प्रशिक्षण हुआ। मास्टर ट्रेनर अपर सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार, प्रवक्ता डायट डा. हेम जोशी, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा नीरज जोशी, प्रवक्ता कपिल नयाल, विनोद राठौर तथा अन्य ने सभी कार्मिकों को चुनाव संबंधी विभिन्न बारीकियां बताई।

# 65 लोगों ने किया रक्तदान

## रोटरी क्लब ऑफ हल्द्वानी ने कृष्णा कुंज में लगाया शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रोटरी क्लब ऑफ हल्द्वानी की ओर से गुरुवार को कृष्णा कुंज नैनीताल रोड में बेस अस्पताल के सहयोग से वृहद रक्तदान शिविर लगाया गया।

शिविर में कुल 65 लोगों ने रक्तदान कर समाज में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ शिविर संयोजक विनोद गडकोटी, सचिव आशीष दुम्का, वीके शर्मा, गिरीश बिष्ट, आरपी सिंह, अशोक मित्तल, डा. उषा भट्ट, डा. प्राची थपलियाल ने किया। सचिव आशीष दुम्का ने 35वी बार रक्तदान कर ब्लड डोनेशन की शुरूआत की। संयोजक गड़कोटी ने बताया की रक्तदान महादान है। स्वास्थ्य शरीर के लिए रक्तदान करना जरूरी है। इससे हम किसी जरूरतमंद लोगों की जान बचा सकते है। डा. प्रविंद्र रौतेला ने कहा कि रक्तदान शरीर के लिए काफी अच्छा है। शि. विर में करीब 15 प्रतिशत लोग अनफिट पाए, फिर भी 65 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में मोहन रावत, उदय भट्ट, सुनील जोशी, शालिनी शाह, निधी अग्रवाल, निखिल पंत, सिद्धांत बहुगुणा, आयुष्मान साहनी, निर्मल त्रिपाठी, निशांत गड़कोटी, सीओ लालकुआ दीपशिखा अग्रवाल, विनीत त्रिपाठी, कमल झुनझुनवाला आदि मौजूद रहे।

## हरेला पर्व की उपयोगिता बताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लोकप्रिय पर्व हरेला के उपलक्ष्य में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चोरगालिया में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए



शिक्षिका गीता जोशी ने हरेला पर्व की उपयोगिता बताते हुए अपनी सांस्कृतिक परम्पराओं को पूर्ण मनोयोग से जीवंत रखने को कहा। इससे पूर्व समस्त कक्षा की छात्राओं ने अपनी कक्षाओं में हरेला बोकर उसका विधिवत संरक्षण किया। समस्त कक्षाओं के हरेला के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कक्षा 8 के हरेला ने प्रथम, कक्षा 7 के हरेला को द्वितीय तथा कक्षा 11 के हरेला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी ने समस्त विद्यालय परिवार को हरेला पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपने पर्यावरण और प्रकृति के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होने की अपील की। इस अवसर पर शोभा पंत, मीनाक्षी जोशी, ममता सुयाल, मंजुलता, भगवती अगरिया, ललिता गौतम, रेखा आर्या, पूर्णिमा कांडपाल साहित छात्राएं मौजूद रही।

## पत्रकार सरताज आलम को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हर वर्ष की तरह इस बार भी हरेले का पर्व 12 जुलाई से 16 जुलाई के बीच पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरा नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें कुमाऊंनी संस्कृति की झलक दिखाई दी विशेष कर कुमाऊंनी नृत्य, संगीत, गायन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई बच्चों ने कुर्सी और जलेबी दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर मेले को रौनक बख्शी। पर्व के आखिरी दिन प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों, कवियों, सामाजिक संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसी के मद्देनजर पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले 22 साल से जनपक्षीय पहचान बना चुके वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उत्थान मंच के



अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल समेत सभी पदाधिकारी ने सरताज आलम की पत्रकारिता की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड को ऐसे पत्रकारों की बेहद जरूरत है जो अपनी संस्कृति, तहजीब लोक गायन व संगीत से प्यार करते हैं और उसे आगे बढ़ाने के लिए अपने कलम चलाते हैं। पुरस्कार वितरण के खास मौके पर पर्वतीय उत्थान मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, संरक्षक हुकुम सिंह कुमार उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, संदीप भैसोड़ा, संदीप बिनवाल, सचिव देवेंद्र तोलिया, शोभा बिष्ट संदीप बासौदा धरम सिंह बिष्ट समेत सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरेला पर्व पर किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज के खेल मैदान में हरेला पर्व पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता एनसीसी अधिकारी मेजर मुनीशकांत शर्मा समेत शिक्षकों ने छायादार, फलदार तथा औषधीय गुण वाले पौधों का रोपण किया। इससे पूर्व विद्यालय के एनएसएस, एनसीसी तथा ईको क्लब स्वयंसेवकों ने गाजर घास उन्मूलन कर श्रमदान किया। इस अवसर पर जीव विज्ञान प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने बताया कि मानव की सुख-समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रकृति को हरा भरा रखना हम सब की जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने हरेला पर्व को सावन के आने और हरियाली तथा नवजीवन का प्रतीक बताते हुए फसलों की अच्छी पैदावार की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान एनसीसी अधिकारी मेजर मुनीशकांत शर्मा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा रोशनलाल वर्मा विजयपाल सिंह चौहान पंकज अग्रवाल पंकज कुमार तिवारी मनोज कुमार विश्नोई मुकेश चन्द्र आर्य अमित गुप्ता उदयराज सिंह समेत शिक्षक तथा ईको क्लब, एनसीसी कैंडिडेट्स मौजूद रहे।

# विधायक बंशीधर भगत ने किया रकसिया नाले का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को रकसिया नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय काश्तकारों ने बरसाती नाले के पानी के कहर से निजात दिलाने के लिए विधायक भगत के प्रति आभार व्यक्त किया।

बता दें कि 30 करोड़ रुपये की लागत से रकसिया नाले को भूमिगत कर जंगल की ओर मोड़ने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। निरीक्षण के दौरान विधायक भगत ने अधिकारियों को डेढ़ किलोमीटर लंबे भूमिगत नाले के समानांतर चल रही नहर को कवर करने और सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। इस कदम से



क्षेत्र में यातायात सुगम होने के साथ-साथ काश्तकारों को और राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय काश्तकारों ने बरसात के मौसम में तबाही मचाने वाले रकसिया नाले को जंगल की ओर मोड़ने के लिए विधायक भगत के प्रयासों की सराहना की। साथ ही नहर को कवर कर सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर भी खुशी जताई। काश्तकारों ने कहा कि इन कार्यो से न केवल उनकी फसलों को सुरक्षा मिलेगी बल्कि क्षेत्र का समग्र विकास भी होगा। विधायक भगत ने कहा कि हमारा लक्ष्य क्षेत्र के किसानों और आम जनता को हरसंभव सुविधा प्रदान करना है। रकसिया नाले का भूमिगत करण और सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव से कालाढूंगी में विकास को नई गति मिलेगी। यह पहल स्थानीय समुदाय के लिए एक बड़ी राहत साबित हो रही है और क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान भवान बिष्ट, भूपाल बोरा, कमल बेलवाल, दीपू नेगी, बीना पंत, नित्यानंद बेलवाल, एनएस भाकुनी, पार्षद प्रमोद पंत, मंजू नेगी, गंगोत्री देवी, कुंदन भाकुनी, एडीबी प्रबंधक कुलदीप कुमार समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जीबी पंत इंटर कालेज के प्रधानाचार्य निलंबित

**काशीपुर।** पं. गोविंद बल्लभ पंत इंटर कालेज के प्रबंधक/नियुक्ति प्राधिकारी डा. एसके शर्मा ने कालेज के प्रधानाचार्य अजय शंकर कौशिक (जिनके विरूद्ध विद्यालय में अनुशासनहीनता, हठधर्मिता, घोर अनधीनता, गंम्भीर कर्तव्य की उपेक्षा एवं वित्तीय अनियमित्ता आदि के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित है) की प्रथम दृष्टया संदिग्ध भूमिका, आरोपों की गम्भीरता एवं वित्तीय अनियमित्ता को दृष्टिगत, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा अधिनियम 2006 प्रख्यापित विनियम 2009 के अध्याय एक में प्रबन्ध समिति के अधिकार, कर्तव्य एवं कार्य का प्रयोग करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कालाढूंगी (नैनीताल)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी श्रीमती सीमा परवीन पत्नी स्व. श्री सलाउद्दीन निवासी कालढूंगी वार्ड नं.-6 तहसील कालाढूंगी पो. ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) द्वारा कालाढूंगी वार्ड नं.-6 में अपने पति स्व. श्री सलाउद्दीन पुत्र श्री रियाजुददीन के नाम से दर्ज भवन के गृहकर जिसके पूरब में श्री धननाथ गोस्वामी का भवन, पश्चिम में श्री रविन्द्र सिंह राणा का भवन, उत्तर में सड़क नगर पालि. का परिषद कालाढूंगी व दक्षिण में राजकीय पौधालय स्थित है। स्व. सलाउद्दीन पुत्र श्री रियाजुद्दीन की मृत्यु उपरान्त प्रार्थिनी श्रीमती सीमा परवीन द्वारा उक्त भवन के गृहकर को अपने नाम दर्ज हस्तान्तरण कराए जाने हेतु प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, स्व. सलाउद्दीन का मृत्यु प्रमाण पत्र, व उत्तरजीवी प्रमाण पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किये जाने उपरान्त उक्त भवन का गृहकर करो की वसूली के परियोजनार्थ व भू-स्वामित्व का आधार न होने के दशा में प्रार्थिनी सीमा परवीन पत्नी स्व. श्री सलाउद्दीन निवासी कालढूंगी वार्ड-नं. 6 पो. ओ. कालाढूंगी (नैनीताल) के नाम हस्तानतरण किया जाना प्रस्तावित है, कि यदि भविष्य में उक्त गृहकर हस्तान्तरण के सम्बन्ध में किसी के द्वारा कोई आपत्ति की जाती तो लगाया गया गृहकर स्वत: ही समाप्त हो जाएगा। नोट:- यदि किसी को कोई आपत्ति व सुझाव हो तो इस सूचना जारी होने के 30 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति व सुझाव अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करे। बाद म्याद आपत्ति में विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# अतिक्रमण हटने से होगा रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प

## अमृत भारत: हल्द्वानी और लालकुआं रेलवे स्टेशन होंगे अत्याधुनिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उत्तराखंड के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन अब हरकत में आ गया है और हल्द्वानी तथा लालकुआं रेलवे स्टेशनों के आसपास फैले अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यह कदम स्टेशन आधुनिकीकरण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस संबंध में रेलवे, वन विभाग, राजस्व विभाग, नगर निगम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त बैठक हल्द्वानी तहसील में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अपर जिला. धिकारी विवेक राय ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जों की पहचान कर उन्हें




विधिसम्मत तरीके से हटाया जाएगा। बैठक के बाद संबंधित विभागों की संयुक्त टीम ने हल्द्वानी और लाल. कुआं रेलवे स्टेशनों का स्थलीय निरीक्षण किया और अतिक्रमण चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सर्वे के आधार पर एक समेकित रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे मंत्रालय के अनुसार, अमृत भारत योजना के तहत देशभर के रेलवे स्टेशनों का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जो चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इस योजना में स्टेशनों के सौंदर्यीकरण, यात्री सुविधाओं का विस्तार, प्लेटफार्म ऊंचाईकरण, सर्कुलेटिंग एरिया सुधार, पार्किंग व्यवस्था और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाओं को शामिल किया गया है। स्थानीय प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमणकारियों को पहले नोटिस देकर हटने का अवसर दिया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार का टकराव न हो और विकास कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे किए जा सकें। इस अभियान से न केवल रेलवे की कीमती जमीन को पुनः अपने नियंत्रण में लिया जाएगा, बल्कि इससे यात्रियों को सुविधाजनक, स्वच्छ और आधु. निक स्टेशन सुविधाएं भी मिल सकेंगी। बैठक में उप जिलाधिकारी राहुल शाह, नगर आयुक्त ऋचा सिंह समेत सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# एफएसआई व वन विभाग के आंकड़ों में भारी अन्तर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने और उससे प्रभावित क्षेत्रफल को लेकर राज्य का वन महकमा जो आंकड़े बताता है, वह फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) की रिपोर्ट से बिल्कुल उलट हैं।

एफएसआई की वर्ष 2023 की रिपोर्ट में नवंबर 2023 से जून 2024 तक राज्य में जंगल की आग से 1.8 लाख हेक्टेयर (1808.90 वर्ग किमी) से अधिक क्षेत्रफल प्रभावित होने का जिक्र है, जबकि उत्तराखंड वन विभाग की रिपोर्ट बताती है कि पिछले 25 वर्षों में कुल 58 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल ही वनाग्नि से प्रभावित हुआ है। यह भारी अंतर आंकड़ों की सत्यता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया देश में वन स्थिति पर अपनी रिपोर्ट जारी करता है। इसी क्रम में एफएसआई ने पिछले साल श्वन स्थिति रिपोर्ट:2023-24श जारी की थी, जिसमें जंगल की आग से हुए नुकसान का भी विस्तृत उल्लेख है। इस रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2023 से जून 2024 के बीच उत्तराखंड में वनाग्नि से 1,80,890 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिससे राज्य देश में सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों की सूची में आठवें स्थान पर आ गया है।

एफएसआई के अनुसार, वर्ष 2023-24 में ही राज्य में पौने दो लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल जला है। इसके विपरीत, उत्तराखंड वन विभाग के आंकड़ों में वर्ष 2023 में 933.55 हेक्टेयर और वर्ष 2024 में 1771.665 हेक्टेयर क्षेत्रफल ही वनाग्नि से प्रभावित होने का उल्लेख है। जंगल की आग की रिपोर्टिंग को लेकर एफएसआई और राज्य के वन विभाग के आंकड़ों में इतनी बड़ी विसंगति सामने आई है।

यह विषय मेरे संज्ञान में नहीं है, इसका परीक्षण कराया जाएगा। दोनों स्तर से परीक्षण के बाद ही वास्तविकता के ऊपर कुछ कहा जा सकता है।- सुबोध उनियाल, वन मंत्री, उत्तराखंड वनाग्नि का आकलन फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार किया जाता है। इसके अलावा सीधे उपग्रह से भी डेटा मिलता है, जिनसे आकलन होता है। लेकिन यहां जो एफएसआई और वन विभाग के डेटा में विरोधाभास संज्ञान में आया है, उसका परीक्षण करा लिया जाएगा।- **समीर सिन्हा, प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ)**

### कैसे आकलन करता है एफएसआई?

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, एफएसआई के वैज्ञानिक वनाग्नि से संबंधित रिपोर्ट उपग्रह डेटा (सेटेलाइट डेटा) के आधार पर तैयार करते हैं।

इसमें पहले फायर अलर्ट वाले स्थानों को देखा जाता है, फिर उन जगहों पर जले हुए या प्रभावित क्षेत्रों का विश्लेषण किया जाता है। संबंधित स्थान पर दो महीने पहले की स्थिति का भी तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। यदि पहले वहां वनस्पति थी और अब जले हुए निशान दिख रहे हैं, तो उसे प्रभावित हिस्सा माना जाता है।

### नियंत्रित फुकान और विरोधाभास

जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग द्वारा तमाम प्रयासों के दावे किए जाते हैं, जिसमें श्कंट्रोल बर्निंगश (नियंत्रित फुकान) भी शामिल है।

वर्ष 2024 में राज्य के 25 वन प्रभागों में नियंत्रित फुकान का कार्य किया गया, जिसके तहत वन विभाग ने 2,01,253.94 हेक्टेयर क्षेत्र में नियंत्रित तरीके से आग लगाई।

## झोपड़ी में लगी आग, 20 हजार नकदी राख

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के कठघरिया इलाके में एक मजदूर की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग से झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया, जिसमें करीब रुपये 20,000 की नगदी भी शामिल है। हालांकि समय रहते पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। पुलिस के अनुसार, पीड़ित मजदूर होरी लाल वर्मा अपने परिवार के साथ कठघरिया में झोपड़ी बनाकर रहता है और मजदूरी कर जीवनयापन करता है। गुरुवार को हो रही बारिश के दौरान झोपड़ी में लगे कटे-फटे बिजली के तारों में संभवतः शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे अचानक आग भड़क गई। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को कुछ समझने का मौका नहीं मिला। झोपड़ी में रखा सारा घरेलू सामान आग की चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने में जुट गए। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जल चुका था। पीड़ित होरी लाल ने बताया कि झोपड़ी में रोजमर्रा के सामान के अलावा करीब रुपये 20,000 की नकदी भी रखी थी, जो आग में जलकर राख हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि आग से नुकसान हुआ है, लेकिन झोपड़ी पूरी तरह नहीं जली, समय रहते आग बुझा दी गई।

## पिलखुवा के पास दुर्घटनाग्रस्त हुई रोडवेज की सीएनजी बस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के काठगोदाम डिपो से संचालित एक अनु. बंधित सीएनजी बस पिलखुवा के पास भीषण हादसे का शिकार हो गई। हादसे में एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बस परिचालक सहित कई अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल यात्री ने घटनास्थल से दूसरी बस लेकर निजी अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। जानकारी के अनुसार, बस में कुल 17 यात्री सवार थे। घटना के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी, लेकिन बस में वाइपर नहीं था, जिससे चालक को सामने का दृश्य स्पष्ट रूप से नहीं दिख पाया। दृश्यता में कमी और खराब मौसम के बीच बस एक जीप से टकरा गई। सूत्रों के अनुसार, बस में लंबे समय से वाइपर नहीं था और इसके बावजूद उसे प्रतिदिन यात्रियों के साथ सड़कों पर उतारा जा रहा था। यह लापरवाही सीधे तौर पर यात्रियों की जान जोखिम में डालने के बराबर है। यात्रियों ने आरोप लगाया कि बारिश में बिना वाइपर के बस का संचालन बेहद खतरनाक है और निगम को इस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। यात्रियों ने यह भी बताया कि हादसे के बाद उन्हें कोई प्राथमिक सहायता नहीं दी गई और अधिकांश लोग अपने स्तर पर इलाज के लिए आगे बढ़े।

## चाकू के साथ गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गौलापुल के पास से चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार अपराधों की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए बनभूलपुरा प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील जोशी मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गौलापुल के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस को देख भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम फैजान अली पुत्र मोहम्मद सदीक निवासी मोहम्मदी मस्जिद इंद्रानगर बनभूलपुरा बताया।

# शिकायतकर्ता को मिला पूर्ण रकबा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत की पहल से जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त एक भूमि विवाद का समाधान सफलतापूर्वक हो गया है। तहसील लालकुआं के अंतर्गत हिम्मतपुर चौमवाल, मोटाहल्दू निवासी हरीश चन्द्र शर्मा को उनकी खरीदी गई भूमि का पूरा रकबा उपलब्ध करा दिया गया है। करीब दो माह पूर्व, हरीश चन्द्र शर्मा ने जनता मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने नामूना बाजपुर निवासी प्रेम सिंह से 7000 वर्गफीट भूमि क्रय की थी। रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, लेकिन पैमाइश के दौरान 600 वर्गफीट भूमि कम पाई गई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त दीपक रावत ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच एवं आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। राजस्व अधिकारियों द्वारा मौके पर स्थल निरीक्षण और पैमाइश के बाद भूमि में कमी की पुष्टि हुई। इसके बाद आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदार को उसकी पूरी भूमि उपलब्ध कराई जाए। आयुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए राजस्व टीम ने अभिलेखीय सत्यापन एवं जरूरी प्रक्रिया पूर्ण कर शिकायतकर्ता को संपूर्ण 7000 वर्गफीट भूमि प्रदान कर दी। हरीश चन्द्र शर्मा ने आयुक्त से भेंट कर उनके सहयोग और त्वरित कार्रवाई के लिए आभार जताया। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि, जनहित और पारदर्शिता से जुड़े मामलों में प्रशासन की प्रतिबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाना हमारी जिम्मेदारी है।

# प्रकाश पर्व पर प्रभातफेरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुवार को प्रभात फेरी प्रातः पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब रामपुर रोड गली नम्बर 6 से शुरू हुई। प्रभातफेरी रामपुर रोड गली नंबर 8, 9, विष्णु पुरी, बरेली रोड होते हुए गुरुद्वारा रामपुर रोड गली नंबर 6 पर समाप्त हुई।



शब्दी जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। संगत ने दुख भंजन तेरा नाम जी और ठाकुर गाइए आत्म रंग.. आदि शब्दों का गायन किया। संगत ने प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। अंत में मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने आयी संगत का धन्यवाद किया। इसी क्रम में शुक्रवार को शाम 7.30 से 10.30 गुरमत समागम का आयोजन होंगे एवं शनिवार को प्रातः विशेष कीर्तन दरबार एवं गुरमत समागम होंगे, जिसमें बलप्रीत सिंह लुधियाना वाले एवं प्रचारक सरबजीत सिंह धुंदा अमृतसर से आये पंथ के महान प्रचारक एवं कीर्तनिये गुरबाणी विचार एवं कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। इस दौरान गुरु के लंगर अटूट वरतेगा। प्रभात फेरी में रंजीत सिंह, बलजीत सिंह, गुरचरण सिंह, जसलिन कौर, जसनित सिंह, गुनीत कौर, गुरप्रीत कौर, हरप्रीत कौर, पुष्पिंदर कौर, कवलदीप सिंह, मंजीत सिंह, हरविंदर सिंह, भुप्रीत सिंह, दलजीत सिंह, रसनित सिंह, इंदरपाल सिंह, जसप्रीत सिंह, सुरिंदर सिंह आदि ने सहयोग किया।

## पांच पेटी अवैध शराब पकड़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडी पुलिस ने पांच पेटी अवैध देसी शराब बरामद की है। तस्कर के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधि. नियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। बता दें कि पंचायती चुनावों के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान बीते बुधवार की रात्रि मंडी चौकी प्रभारी प्रेमराम विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुलिस ने दुर्ग मंदिर इंदिरा नगर बनभूलपुरा निवासी इरफान पुत्र रियाज को पांच पेटी अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

# मुस्लिमों में नसबंदी का आंकड़ा शून्य

## सूचना अधिकार: नसबंदी के लिए और प्रोत्साहन देने की मांग

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिले में बीते चार वर्षों में बच्चों की जन्म दर और मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। आरटीआई कार्यकर्ता क्लब के प्रदेश अध्यक्ष और हिमालय किचन बड़ा बाजार नैनीताल निवासी डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बीडी पांडे जिला चिकित्सालय से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त आंकड़ों के आधार पर यह जानकारी दी है। उनके अनुसार अप्रैल 2021 से जून 2025 तक मेल और फीमेल दोनों ही बाल जन्म और मृत्यु दर में कमी आई है, जो एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। डा. अग्रवाल का कहना है कि पहले जहां लड़के और लड़कियों के जन्म में भारी अंतर था, वहीं अब यह अंतर काफी हद तक कम हो गया है। यह सामाजिक संतुलन की दिशा में एक अच्छा संकेत है। हालांकि परिवार नियोजन को लेकर अब भी कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं, खासकर नसबंदी की दिशा में। नैनीताल में महिला नसबंदी के मामले 96 से 98 प्रतिशत तक हैं, जबकि पुरुषों की भागीदारी नाम मात्र की ही है। यह लैंगिक असमानता को दर्शाता है। लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता का विषय यह है कि मुस्लिम समुदाय में पुरुष नसबंदी का आंकड़ा शून्य पर आकर टिक गया है। यानी अप्रैल 2021 से जून 2025 तक एक भी मुस्लिम पुरुष ने नसबंदी नहीं करवाई। वहीं मुस्लिम महिलाओं में भी नसबंदी का आंकड़ा घटकर 2 प्रतिशत तक आ गया है। डा. गोल्डी ने इसे बेहद चिंताजनक स्थिति बताते हुए सुझाव दिया है कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में परिवार नियोजन को लेकर विशेष शिविर आयोजित किए जाने चाहिए और नसबंदी कराने वालों को अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जानी चाहिए। उन्होंने सरकार की मौजूदा प्रोत्साहन योजना पर भी सवाल उठाया है, जिसमें 'इजा बोई योजना' के तहत बच्चे के जन्म पर रुपये 2000 दिए जा रहे हैं, जबकि महिला नसबंदी पर मात्र रुपये 1400 की राशि मिलती है। उन्होंने तर्क दिया कि अगर सरकार वास्तव में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर गंभीर है तो उसे परिवार नियोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए और नसबंदी कराने वालों को ज्यादा आर्थिक सहयोग देना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि विशेषकर मुस्लिम क्षेत्रों में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि समाज में संतुलन और स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर हो सके।

## ऑडिट विभाग के अधिकारी रजत मेहरा का निधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राज्य में लेखा परीक्षा (आडिट) विभाग की स्थापना एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ आडिट अधिक. ारी रजत मेहरा का असामयिक निधन हो गया है। उनके निधन से विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है।



विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट ऑफिसर रमेश चन्द्र पांडे ने रजत मेहरा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2009 में विभाग में सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने ईमानदारी और समर्पण के साथ आडिट प्रकोष्ठ में कार्य कर विभाग और शासन में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। श्री पांडे ने बताया कि दिसंबर 2012 में आडिट एक्ट लागू होने के बाद आडिट निदेशालय की स्थापना हुई, जिसमें मेहरा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आडिट मैनुअल के निर्माण में भी उन्होंने दिन-रात मेहनत कर अपना योगदान दिया। अपने अंतिम कार्यकाल में रजत मेहरा हरिद्वार नगर निगम में नगर आयुक्त के कार्यकाल का विशेष आडिट करने के लिए गठित टीम में बतौर सहायक पर्यवेक्षक तैनात थे। लगभग 46 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के चलते उनका 13 जुलाई को देहरादून के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

# बताया: कैसे बचें डिजिटल फ्रॉड से

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में वीरवार को एक



दिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गयाए जिसमें कक्षा 4 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बता दें बदलते समय में इंटरनेट और डिजिटल तकनीक का बढ़ता उपयोग जहां सुविधाएं प्रदान कर रहा है वहीं इसके दुष्परिणाम भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर जागरूकता से परिचित कराना और उन्हें एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाना रहा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि इसका संचालन एके गुप्ता के दिशा निर्देशन में स्वयं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने तकनीकी दुनिया में अत्यधिक लिप्त होने के फायदे और नुक सान पर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला। छात्रों ने वीडियो प्रस्तुतियों व चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट व मोबाइल और सोशल मीडिया की लत तथा ऑनलाइन ट्रेंड्स जैसे गिबली आर्ट और चैट जीपीटी की कार्यप्रणाली व उनके सामाजिक प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे लाप. रवाही से किया गया इंटरनेट का उपयोग बच्चों और युवाओं को मान. सिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से नुकसान पहुँचा सकता है। साथ हीए उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के उपाय भी बताए जैसे कि मजबूत पासवर्ड का उपयोग, अनजान लिंक पर क्लिक न करना और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से परहेज करना। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजीना रिचर्ड्स ने छात्रों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं आज के युग की आवश्यकता हैं, इससे न केवल तकनीकी ज्ञान बढ़ता है बल्कि बच्चों में सजगता और विवेकशीलता भी विकसित होती है। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं समेत सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

## लिंगुड़ा की सब्जी खाने से महिला की मौत, पति बीमार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मशरूम से हुई मौत की घटना के बाद अब लिंगुड़ा (एक पहाड़ी सब्जी) खाने से एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। रानीखेत में लिंगुड़ा की सब्जी खाने के बाद एक दंपत्ति की तबीयत अचानक बिगड़ गई। पहले दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कुछ दिन इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। लेकिन घर लौटने के बाद पत्नी की हालत दोबारा गंभीर हो गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलरूप से थापापुर (नेपाल) निवासी मिलन अपनी 23 वर्षीय पत्नी सपना और बच्चों के साथ रानीखेत में रहकर मजदूरी करता है। करीब आठ दिन पहले मिलन जंगल से लिंगुड़ा लेकर आया था, जिसे सपना ने पकाया और दोनों ने मिलकर भोजन में इसे खाया। सब्जी खाने के कुछ ही समय बाद पति-पत्नी को तेज उल्टियां शुरू हो गईं और तबीयत बिगड़ने लगी। दोनों को तत्काल रानीखेत के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के तीन दिन बाद हालत में सुधार होने पर उन्हें छुट्टी दे दी गई। लेकिन मंगलवार को सपना की तबीयत फिर से बिगड़ गई। परिवार ने उसे हल्द्वानी स्थित डा. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए भी चिंता का विषय बन गई है, क्योंकि इससे पहले भी पहाड़ी क्षेत्र में जहरीले मशरूम खाने से नानी-नातिन की मौत हो चुकी है।

# डीएसबी में इंडोर फायरिंग रेंज का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल में वीरवार को अत्याधुनिक इंडोर फायरिंग रेंज का लोकार्पण किया गया। इस रेंज में चार एयर राइफल एवं चार एयर पिस्टल की सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं जो विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के एनसीसी कैडेट्स को नियमित एवं संरचित फायरिंग अभ्यास के अवसर प्रदान करेंगी। इतना ही नहीं यह सुविधा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों/प्रतियोगिताओं और रक्षा सेवाओं में चयन की तैयारी में विशेष रूप से लाभान्वित करेगी। इस अवसर पर ब्रिगेडियर संजय चौहान (उप निदेशक उत्तराखण्ड एनसीसी निद. ेशालय) ने फायरिंग रेंज का विधिवत उद्घाटन किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल परेड और अनुशासन तक



एनसीसी कैडेट्स को अब नियमित अभ्यास की मिलेगी सहूलियत

सीमित नहीं है यह युवाओं में आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास, नेतृत्व और देशभक्ति जैसे मूल्यों को विक. सित करता है। यह फायरिंग रेंज कैडेट्स को उत्कृष्टता की दिशा में एक ठोस आधार प्रदान करेगी और उन्हें रक्षा सेवाओं के लिए अधिक सक्षम बनाएगी। कार्यक्रम में कमोडोर बीआर सिंह (ग्रुप कमांडर एनसीसी मुख्यालय नैनीताल) तथा कर्नल राजेश कौशिक (कमांडिंग ऑफिसर 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कमोडोर बीआर सिंह ने विश्व. विद्यालय प्रशासन को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी और इसे उत्तराखण्ड में एनसीसी के विकास के लिए एक मील का पत्थर बताया। फायरिंग रेंज की स्थापना से कैडेट्स को स्थायी, सुरक्षित एवं सुसंगठित प्रशिक्षण सुविधा मुहैया होगी जिससे वे प्रादेशिक, राष्ट्रीय और रक्षा सेवा चयन परीक्षाओं में उच्च प्रदर्शन कर सकें। यह केंद्र विश्वविद्यालय को सैन्य प्रशिक्षण की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त प्रयास भी है। इस अवसर पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडबलू प्रो. संजय पंत, मुख्य कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत डा. रीतेश साह, प्रो. आशीष मेहता, संजय पंत (सहायक अभियंता) सहित कई प्राध्यापकों व एनसीसी अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बता दें इस परियोजना पर कुल लगभग 21 लाख रुपए की लागत आई है। उद्घाटन समारोह के दौरान इसके सफल क्रियान्वयन में कुमाऊँ विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. कर्नल दीवान सिंह रावत के साहसिक नेतृत्व, दूरदर्शी दृष्टिकोण एवं एनसीसी के प्रति विशेष प्रतिबद्धता हेतु विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## अरनव कंबोज ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग की पत्तापानी गेंबुआ सीट से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी अरनव कंबोज ने गुरुवार को क्षेत्र में जनसंपर्क कर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों और बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। अरनव कंबोज ने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर प्यार, आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है, जिससे उन्हें अपनी जीत सुनिश्चित लग रही है। उन्होंने वादा किया कि चुनाव जीतने के बाद वे क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में टूटी सड़कों की मरम्मत, सिंचाई नहरों की व्यवस्था, पेयजल संकट और अन्य अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि क्षेत्र के हर घर में सोलर लाइट लगाने का काम किया जाएगा, जिससे लोगों को स्थायी और सस्ती बिजली मिल सके। इस मौके पर उनके साथ कमल जोशी, अमीर कंबोज समेत दर्जनों समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डॉ. रावत बने बेस अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक

**श्रीनगर।** मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय श्रीनगर में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। सर्जरी विभाग के एचओडी एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राकेश रावत को एमएस की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि डिप्टी चिकित्सा अधीक्षक ब्लड बैंक की प्रोफेसर डा. दीपा हटवाल को बनाया गया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने आदेश जरी किए है। डॉ. सयाना ने बताया कि यह बदलाव विभागीय रुटीन प्रक्रिया के तहत किया गया है।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोवंश वध को लेकर क्षेत्र में तनाव

**■ माहौल बिगाड़ने की आशंका पर पुलिस तैनात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** गुरुवार सुबह आजाद नगर क्षेत्र में एक खाली पड़ी भूमि पर गौवंश वध का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। क्षेत्राधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। दोषियों को चिन्हित कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। ग्रामीणों में यह भी आशंका जताई जा रही है कि इस तरह के कृत्यों के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण भी हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार प्रात: टहलने निकले कुछ स्थानीय लोगों ने सुभाष नगर कॉलोनी के समीप खाली पड़े भूखंड में संदिग्ध गतिविधियों को देखा। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो वहां कुछ लोग संदिग्ध अवस्था में मौजूद थे, जो ग्रामीणों को आता देख मौके से



फरार हो गए। सूचना पर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घटनास्थल का निरीक्षण करने पर कट्टों में भरा हुआ मांस और गोवंश के अवशेष और एक पशु का सिर मिलने से क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया।

पूर्व ग्राम प्रधान राजकुमार कोली द्वारा तत्काल घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने तत्काल अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर मौके पर तैनात किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया बरामद मांस गौवंश का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मांस की पुष्टि हेतु पशु चिकित्सकों की टीम से जांच करवाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की गई है, जिनकी धरपकड़ के प्रयास जारी हैं। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है, वहीं पुलिस और प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया । क्षेत्राधिकारी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी।

दोषियों को चिन्हित कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। ग्रामीणों में यह भी आशंका जताई जा रही है कि इस तरह के कृत्यों के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक संरक्षण भी हो सकता है। लोगों का कहना है कि सुनसान इलाके में गोवंश वध करना, वह भी हिंदू बहुल आबादी के क्षेत्र में, क्षेत्र का माहौल बिगाड़ने की साजिश हो सकती है। फिलहाल माहौल बिगाड़ने की आशंका पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## विधायक ने टांडा रेंज में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड के लोकपर्व हरेला के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विधायक शिव अरोरा ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत टांडा रेंज में पौधारोपण किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक चेतना, हमारी पारंपरिक आस्था और प्रकृति के प्रति हमारे कर्तव्य का प्रतीक है।

उन्होंने कहा यह पर्व हमें न केवल वृक्षारोपण का संदेश देता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मातृभूमि के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। विधायक शिव अरोरा ने उत्तराखंड के लोक पर्व हरेला की सभी शुभकामनायें दी ओर अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यंवरण को स्वास्थ बनाने सभी से अपील की। इस दौरान डीएफओ उमेश कुमार, एसडीओ मनेन्द्र कौर, एसडीओ शशि, टांडा रेंजर रुपनारायण गौतम आदि मौजूद रहे।

**एक नजर....**

## हादसे में घायल युवक की उपचार को ले जाते मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** किच्छा शूगर फैक्ट्री परिसर में दो दिन पूर्व दो बाइकों में हुई भिडन्त में गंभीर रूप से घायल एक युवक ने गत रात्रि उपचार के लिए ले जाते मार्ग में दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार वार्ड 3 किशनपुर किच्छा निवासी 20 वर्षीय प्रदीप सिंह चौहान पुत्र राजेश 15 जुलाई को स्कूटी पर सवार होकर गोल मार्केट से घर की ओर जा रहा था। मार्ग में शूगर फैक्ट्री परिसर में सड़क के दोनों ओर खड़े भारी वाहनों के कारण उसकी स्कूटी विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों पर सवार लोग घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। जहां प्रदीप की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे एसटीएच हल्द्वानी रैफर किया गया। जहां से परिजन उसे गत रात्रि भोजीपुरा के निजी चिकित्सालय ले जा रहे थे। मार्ग में प्रदीप की मौत हो गई। परिजनों के वापस लौटने पर मामले की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों का आरोप है कि शूगर फैक्ट्री मार्ग पर हमेशा भारी वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे आये दिन यहां दुर्घटनायें घटित होती रहती हैं। इस हादसे में घायल एक अन्य युवक का किच्छा रोड़ स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

## पुलिस ने एक चाकू सहित एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर पंचायत चुनाव को लेकर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर कोतवाली के एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई प्रहलाद सिंह बिष्ट मय पुलिस टीम द्वारा सेंटमैरी स्कूल से आगे मरियमपुर को जाने वाले रास्ते से बाजपुर के केशवनगर चुना भट्टी निवासी कुलविंदर उर्फ विक्की पुत्र सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी कुलविंदर उर्फ विक्की के पास एक चाकू को बरामद कर लिया। जिस पर धारा 4 अधिनियम पंजीकृत किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। एसआई प्रहलाद सिंह बिष्ट ने बताया कि आगे अपराधियों की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में एसआई प्रहलाद सिंह बिष्ट, कांस्टेबल सुरेंद्र कंबोज, जगदीश कोठियाल शामिल रहे।

## पुलिस ने तोड़ी दो कच्ची शराब की भट्टियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर आगामी पंचायत चुनाव 2025 के मद्देनजर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में नशे के विरुद्ध और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीओ विभव सैनी के निर्देशन में एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कवींद्र शर्मा मय पुलिस टीम द्वारा केलाबनवारी क्षेत्र अंतर्गत नाले के किनारे दो कच्ची शराब की भट्टियां तोड़ी गई। जबकि पुलिस टीम द्वारा लगभग चार हजार लीटर कच्ची शराब के लाहन और कच्ची शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया गया। बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कवींद्र शर्मा ने बताया कि आगे भी बन्नाखेड़ा क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्टियां तोड़ने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में बन्नाखेड़ा चौकी इंचार्ज कवींद्र शर्मा, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार सिंह, कांस्टेबल मनोज करायत, मोहन खाती, ग्राम प्रहरी शंकर सिंह, शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने किया पौधरोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर के श्री गुरुनानक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब के तत्वाधान में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं शिक्षकगणों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डा. सीता मेहता ने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण संरक्षण को संस्कृति से जोड़ने वाले पारंपरिक पर्व हरेला की शुभकामनाएँ दी। प्राचार्य महोदया ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड धर्म, अध्यात्म और संस्कृति का केन्द्र है। उत्तराखंड जैव विविधताओं वाला राज्य है, यहां का प्राकृतिक सौन्दर्य पर्यटकों को आकर्षित करता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्तराखंड की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। सभी को समर्पित भाव से प्रकृति संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। ईधर बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु बाला ने हरेले पर्व की बधाई देते हुए कहा कि पौधारोपण और प्रकृति के संरक्षण से ही हम शुद्ध हवा, शुद्ध जल और अन्य प्राकृतिक लाभ ले सकते हैं। एक जागरूक नागरिक के तौर पर हमने अपने भविष्य को संवारना होगा और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। पौधों के संरक्षण और प्रकृति की स्वच्छता का कार्य प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस मौके पर पंकज सिंह बोहरा, बरुण सक्सेना, प्रगति राना, पूनम राना, देव राम, दुर्गानाथ गोस्वामी समेत कई छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# नाले में कट्टे के अंदर बंद मिला युवक का शव

**■ मौके पर लगी लोगों की भीड़, पुलिस मौके पर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** महानगर के ट्रांजिट कैंप के मोहल्ला आजादनगर क्षेत्र से कट्टे में एक युवक का नाले में बंद शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाले से युवक का शव निकालकर मौजूद लोगों से जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर में गुरूवार प्रात: लोगों ने एक शव नाले में उल्टा देखा। जिसके पैर नाले से बाहर आ रहे थे और उसका पूरा धड़ नाले के भीतर था। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस मौके पर पहुंची



और शव को नाले से बाहर निकाला।

मृतक के सर से लेकर धड़ तक शरीर को प्लास्टिक के कट्टे में बांधा गया था। मृतक युवक की उम्र लगभग 25 से 30 साल बताई जा रही है। तलाशी लेने पर उसके पास से कुछ कागजात, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। उसके आधार कार्ड के अनुसार मृतक की शिनाख्त ग्राम तजुआ थाना भोजीपुरा बरेली निवासी देवरतन पुत्र रामेश्वर दयाल के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मृतक यहां किराएदार के रूप में रहकर नौकरी करता था। जिस प्रकार से कट्टे में बंधा हुआ युवक का शव पाया गया है उससे कहीं ना कहीं उसकी हत्या की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस सभी बिन्दुओं पर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों को घटना से अवगत करा दिया गया है। परिजनों के यहां आने पर पंचनामे की कार्रवाई की जाएगी।

# रुद्रपुर नगर निगम ने स्वच्छता सर्वेक्षण में मारी लंबी छलांग

**■ प्रदेश में प्रथम और राष्ट्रीय स्तर पर 68वीं रैंक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में रुद्रपुर नगर निगम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। नगर निगम ने राष्ट्रीय स्तर पर 68वीं रैंक प्राप्त करते हुए अपने प्रदर्शन में जबरदस्त सुधार किया है। इसके साथ ही प्रदेश भर के नगर निगमों में रुद्रपुर ने पहला और शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है, जो नगर निगम प्रशासन, सफाई कर्मियों एवं आम नागरिकों की संयुक्त मेहनत का प्रतिफल माना जा रहा है।



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में देश भर के कुल 4367 शहरों को शामिल किया गया था। इस सर्वेक्षण में उत्तराखण्ड के कुल 107 शहर शामिल हुए। नेशनल रैंकिंग में नगर निगम रुद्रपुर ने इस बार शानदार प्रदर्शन करते हुए 9596 अंकों के साथ 68वीं रैंक हासिल की है। जबकि प्रदेश के सभी नगर निगमों में रुद्रपुर ने पहला स्थान और शहरों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर रुद्रपुर नगर निगम की रैंकिंग 417वीं थी। एक वर्ष में नगर निगम ने 349 अंकों की लंबी छलांग लगाई है। जबकि राज्य स्तर पर पिछले वर्ष रूद्रपुर नगर निगम की रैकिंग 8 थी। जो इस बार पहले पायरदान पर है। प्रदेश स्तर पर राज्य के अन्य नगर निगमों की रैंकिंग की बात करें तो पिथौरागढ़ को 5, कोटद्वार को 9, ऋषिकेश को 10, देहरादून को 13, हल्द्वानी को 14, हरिद्वार को 20, काशीपुर को 21, रूड़की को 31, अल्मोड़ा को 36रैंक मिली है।

नगर निगम की इस बड़ी उपलब्धि को लेकर महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने नगर निगम के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाईकर्मियों और शहरवासियों को बधाई दी। पत्रकार वार्ता में महापौर विकास शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में यह सुधार रुद्रपुर को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान दिलाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह उपलब्धि घर-घर कचरा संग्रहण, नियमित जागरूकता अभियान, तकनीकी उन्नयन, सतत निगरानी और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे नवाच. ारों के माध्यम से संभव हुई है।

महापौर विकास शर्मा ने बताया कि नगर निगम का लक्ष्य आगामी वर्षों में रुद्रपुर को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों में शामिल करना है।

नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने कहा कि यह सफलता नगर निगम की टीम भावना, सही रणनीति और नागरिकों के सक्रिय सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि नगर निगम रुद्रपुर इससे पहले भी स्वच्छता में कई उपलब्धियां अपने नाम कर चुका है। नगर निगम +द्रपुर की स्टार टेडिंग 1 है। ओडीएफ प्लसप्लस की उपलब्धि भी नगर निगम हासिल कर चुका है।

# तम्बाकू उत्पादों के प्रति बच्चों को किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सोशल वर्कर माया खकरियाल एवं परामर्शदाता दशमेश कौर द्वारा राजकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएसी, रुद्रपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी छात्र-छात्राओं को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति अवगत कराना रहा। विद्यालयी छात्रों की तम्बाकू की जद में आने की संभावना सबसे अधिक होती है एवं तम्बाकू उद्योगों द्वारा भी आकर्षक पैकेजिंग के माध्यम से छात्रों को उत्पादों के प्रति आकर्षित किया जाता है। छात्रों को अभिवावकों को भी तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति अवगत किये जाने हेतु संवेदिकृत किया गया है। टीम द्वारा छात्रों को यह भी अवगत कराया गया कि तम्बाकू मुख, गले एवं छाती के कैंसर का प्रमुख कारक हैं। साथ ही छात्रों को COTPA, 2003 के प्रति भी अवगत कराया गया, जिसमे सार्वजानिक स्थानों में धूम्रपान का निषेध एवं विद्यालय के समीप तम्बाकू विक्रय पर प्रतिबन्ध आदि थे।

## आपस में झगड़ा करने वाले चार हुड़दंगी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा पंचायत चुनाव के दृष्टिगत हुड़दंगियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने आपस में झगड़ने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

उ.नि. ललित सिंह द्वारा मय पुलिस टीम के आपसी मामूली विवाद को लेकर आपसी झगड़ा कर उत्पात मचाने वाले हुड़दंगी मो फराज पुत्र शरीफ हकीम,मो सलमान पुत्र शाहिद हुसैन,मो. रिहान पुत्र शाहिद हुसैन, शरीफ हकीम पुत्र अब्दुल रशीद निवासीगण मोहल्ला पट्टी चौहान थाना जसपुर को गिरफ्तार कर उप जिलाधिकारीजसपुर के समक्ष पेश किया गया है।

# जसपुर व्यापार मंडल ने किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने धर्मशाला मंदिर में वृक्षारा. पण कर हरेला पर्व मनाया। नगर के कोतवाली रोड स्थित धर्मशाला मंदिर प्रांगण में व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह के नेतृत्व में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने वृक्षारोपण किया।

अध्यक्ष हरिओम सिंह ने हरेला पर्व पर कहा कि हरेला उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा पर्व है जो हमें हरियाली और प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश देता है उन्होने सभी व्यापारियो से अपनी सुविधानुसार एक वृक्ष लगाने की अपील की। वही मौके पर उत्तरांचल पंजाबी महासभा के कार्यकर्ताओ ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर सतीश अरोरा, राकेश अरोरा, हरीश टोनी, अंकुर बंसल, विमल अग्रवाल, अर्पित रस्तोगी, समीर परवेज, अशोक अग्रवाल, राजुल जैन आदि मौजूद रहे।

## दोराहा पुलिस ने एक वारंटी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर आगामी चुनाव के मद्देनजर बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा द्वारा बाजपुर में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बाजपुर सीओ विभव सैनी निर्देशन में एसएसआई विनोद फर्त्याल के नेतृत्व में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल मय पुलिस टीम द्वारा वारंटी राहुल पुत्र हरिश्चंद्र सैनी निवासी कनोरा बाजपुर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा एक वारंटी राहुल को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चंद्र बेलवाल ने बताया कि आगे भी दोराहा क्षेत्र में वारंटियों की गिरफ्तारी लगातार जारी रहेगी। पुलिस टीम में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चंद्र बेलवाल, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, कैलाश पांडे शामिल रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा, उधमसिंहनगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के वार्ड सं.-10 / 15, किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2016-21 के क्रमांक ( 65 ) में स्थित भवन पर पूर्व में श्रीमती रजिया बेगम पत्नी स्व. नत्थू अली के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरव में अहमदनूर का मकान, पश्चिम में रोड़, उत्तर में - अब्दुल अजीज का मकान एवं दक्षिण में मो0 सलीम का मकान स्थित है। भवन स्वामी श्रीमती रजिया बेगम पत्नी स्व. नत्थू अली की मृत्यु दि. 06.09.2018 के फलस्वरुप आवेदक द्वारा उक्त भवन का गृहकर, श्रीमती नूर सुभहा पत्नी श्री मो. इस्माईल अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत उत्तरजीवी प्रमाण पत्र दि. 15.05.2025, आधारकार्ड की छायाप्रति क्रमश: (सं. 7115 4301 8504), (मो. इदरीश कुरेशी 8476 8310 9190, मो. यामीन 57487862 1490, मो. रफीक 2508 85638222, मो. शफीक 8569 21123778, मो. परवेज 7904 5908 9079, रजिया बेगम 8397 1750 3336, करम ईलाही 9560 5990 6596, फरीद बाबा 8649 9181 8716 गृहकर रसीद की छायाप्रति, संयुक्त नोटरी शपथ पत्र दि. 20.06. 2025, प्रार्थना पत्र दि. 20. 06.2025, मृत्यु प्रमाण पत्र के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण / संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उददेश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्तं भवन के गृहकर अभिलेखों से पूर्व भवन स्वामी श्रीमती रजिया बेगम पत्नी स्व. नत्थू अली का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक श्रीमती नूर सुभहा पत्नी श्री मो. इस्माईल के नाम नामान्तरण / संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा, उधमसिंहनगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के वार्ड सं.-05 / 10, आवास विकास भवन सं. एलआईजी ए-321 किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2016-21 के क्रमांक (460) में स्थित भवन पर पूर्व से श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी श्री चन्द्र के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में भवन सं. ए-322, पश्चिम में भवन सं.- ए-320 उत्तर में आवासीय भूखण्ड एवं दक्षिण में रास्ता 6. 00 मी.चौड़ा स्थित है। भवन स्वामी श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी श्री चन्द्र द्वारा रजिस्ट्री बैनामा दि. 07.06.2003 के फलस्वरुप आवे. दक द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत रजिस्ट्री बैनामा, उ.प्र. आवास विकास परिषद के दाखिल खारिज आदेश दि. 19.05.2003, आधारकार्ड (सं. -8023 6244 6006), गृहकर रसीद की छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र मय प्रार्थना पत्र दि. 16.05.2025 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण / संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उददेश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से, पूर्व भवन स्वामी श्रीमती मूर्ति देवी पत्नी श्री चन्द्र का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक श्री राजेश कुमार अरोरा पुत्र श्री हरी राम अरोरा के नाम नामान्तरण / संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवेदक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा, उधमसिंहनगर**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस निकाय के वार्ड सं.-05 / 10 आवास विकास भवन सं. एलआईजी ए-320 किच्छा के पंचवर्षीय गृहकर वर्ष 2016-21 के कमांक (459) में स्थित भवन पर पूर्व से श्री रविन्द्र सिंह नेगी पुत्र श्री दीवान सिंह के नाम गृहकर दर्ज अभिलेख है, जिसकी चौहदी पूरब में भवन सं० ए-321, पश्चिम में भवन सं.-ए-319 प्रदीप पाली जी का उत्तर में अन्य का आवासीय भवन एवं दक्षिण में रास्ता 6.00 मी.चौड़ा स्थित है। भवन स्वामी श्री रविन्द्र सिंह नेगी पुत्र श्री दीवान सिंह - द्वारा रजिस्ट्री बैनामा दि. 28.03.2025 के फलस्वरुप आवेदक द्वारा उक्त भवन का गृहकर अपने नाम नामान्तरण दर्ज किये जाने बावत रजिस्ट्री बैनामा, उ.प्र. आवास विकास परिषद के दाखिल खारिज आदेश दि. 21.03.2025, आधारकार्ड (सं.- 679148013358) गृहकर रसीद की छायाप्रति, नोटरी शपथ पत्र मय प्रार्थना पत्र दि. 16.05.2025 के द्वारा इस निकाय में दाखिल किया गया है, के आधार पर उक्त भवन का गृहकर नामान्तरण / संसोधन दर्ज करने बावत 30 दिन के भीतर आपत्ति प्राप्त करने के उददेश्य से विज्ञप्ति सूचना प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त भवन के गृहकर अभिलेखों से, पूर्व भवन स्वामी श्री रविन्द्र सिंह नेगी पुत्र श्री दीवान सिंह का नाम खारिज कर वित्तीय वर्ष 2025-26 से आवेदक श्रीमती रितु पत्नी श्री राजेश कुमार अरोरा के नाम नामान्तरण / संसोधन दर्ज किये जाने के सम्बन्ध में भविष्य में किसी प्रकार का कोई छल कपट अथवा मिथ्या वर्णन पाये जाने, वाद विवाद होने पर आवे. दक का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा, तथा माननीय सक्षम न्यायालय द्वारा पारित आदेश मान्य होगा। **अधिशासी अधिकारी**

## महापौर ने नवोदय विद्यालय में किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लोक पर्व हरेला के पावन अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने पी.एम. श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महापौर ने इस अवसर पर सभी से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा प्रकृति हमारी धरोहर है, और हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ पर्यावरण छोड़े। हरेला सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारे समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है।



एक पौधा लगाने का अर्थ है, जीवन को रोपना। जब हम यह कार्य अपनी मां के नाम करते हैं, तो यह भाव और भी पवित्र हो जाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कंचन जोशी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय में चल रही शैक्षणिक व पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी दी और छात्रों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, शहीद भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, राजन राठौर, पार्षद चिराग कालरा, उप प्रधानाचार्य पी.के. विद्यार्थी, विजेंद्र कुमार, अनुराग शर्मा, एमसी सुयाल, राकेश कुमार, संजीव कुमार, पूजा सुयाल, अजय रावत, विजय तोमर सहित कई गणमान्य नागरिक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता को काटा

■ दिनेशपुर क्षेत्र के मो. हनपुर-एक गांव में की वारदात
■ पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार, पूछताछ जारी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** दिनेशपुर क्षेत्र में बुधवार रात किसी बात पर हुए विवाद में नशे में धुत एक युवक ने अपने पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने नशे में हत्याकांड को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि दस बजे मोहनपुर एक गांव निवासी गुरुपद विश्वास का अपने 19 वर्षीय मझले पुत्र कन्हाई विश्वास से कहासुनी हो गयी। कहासुनी इतनी बड़ी की दोनों में हाथापाई हो गयी। इस दौरान कन्हाई ने पिता के सर पर कुल्हाड़ी से बार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे पिता लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन तबतक आरोपी पुत्र मौके से भाग निकला। घायल गुरूपद की सां. सें चल रही थीं। लहूलुहान हालात में ग्रामीण तथा गुरूपद के बड़े बेटे उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां स्तिथि गंभीर होने पर उन्हें हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। जहां उनकी मौत हो गयी। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है। उधर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक व आरोपित पुत्र मेहनत मजदूरी किया करते थे। वही सूबह पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

घटना के समय मृतक के पत्नी माधुरी विश्वास तथा बड़े बेटे सोमनाथ छोटे बेटे सुमंत के साथ ग्राम पंचायत चुनाव में किसी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार में गये हुए थे।

घटना के समय घर में मृतक के बड़ी बहू नुपुर विश्वास घर में खाना बना रही थी। मारपीट घर से लगभग 30-40 मीटर की दूरी सड़क पर हुई थी। चीख पुकार सुनकर आस पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे थे। गुरूवार को मृतक की दोनो पुत्री जिसकी शादी पीलीभीत तथा ट्रांजिट कैंप में हुई थी वह दोनो पिता की मौत की समाचार सुनकार गांव पहुंचे।

सीओ पंतनगर डीआर वर्मा ने कहा कि मामले में आरोपी बेटे को हिरासत में लिया गया है। दिनेशपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल मामले में अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## पिता के थप्पड़ से बेकाबू हुआ बेटा

परिजनों के मुताबिक, कन्हई दिन भर शराब के नशे में था और देर रात वह किसी बात पर घर छोड़कर जाने लगा। पिता ने उसे रोकते हुए थप्पड़ मारा और समझाने की कोशिश की। इसी बीच दोनों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जो बाद में हिंसा में तब्दील हो गई।

गुरपद की पत्नी माधुरी विश्वास के अनुसार, पहले पति ने गुस्से में कुल्हाड़ी उठाकर बेटे पर वार किया था। जब बेटा घायल हुआ तो उसने कुल्हाड़ी छीनकर पिता पर पलटवार कर दिया। उन्होंने बताया कि यह पूरी घटना नशे और गुस्से का खतरनाक मिश्रण थी।

# झाड़खंडेश्वर (झाड़ी मंदिर) परिसर में किया वृक्षारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** शक्तिफार्म के बारकोली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी कैलाश चंद्र गुणवंत अपनी टीम व समाजसेवीओ, जनप्रतिनिधिओ संग वन क्षेत्र झाड़खंडेश्वर (झाड़ी मंदिर) परिसर मे वृक्षारोपण कर हरेला पर्व मनाया।

यह पौधारोपण कार्यक्रम स्थानीय लोगो मे प्राकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। लोगो को वृक्षारोपण करने के लिए जागरूक भी किया गया। इस मौके पर वन विभाग से नंद किशोर,रामचंद्र निशाद,नीरज खनायत, भट्ट,गीता,विनीता राना, स्वाति चौहान, ललित जोशी,व रमेश राय,मयंक अग्रवाल,गोविंद तालुकदार, भवतोष आचार्य, सुरेंद्र, जगदीश पंत,अरुण कुमार, सरजीत सिंह, मीना वाला, संध्या,रोशनी वाला, सविता वाला, राजीव मण्डल, हरदेव सिंह, करमजीत सिंह, राजेश कुमार, महेन्द्र सिंह, अरविन्द विश्वास, कन्हाई हाजरा, नितेश कीर्तुनिया, दीपक आचार्य, विशाल राय, रोहित वाला, प्रदीप विश्वास आदि जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

# रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया डाक इंस्पेक्टर

■ सीबीआई ने रंगे हाथ किया गिरफ्तार
■ लोन के कागज पास करने की एवज में ले रहा था 15 हजार रुपये




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** देहरादून से आई सीबीआई टीम ने डीडीहाट में डाकघर के इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोप है कि डाक इंस्पेक्टर एक व्यक्ति से सरक. ारी योजना की सब्सिडी का लाभ देने की एवज में रिश्वत मांग रहा था।

पुलिस के मुताबिक डीडीहाट तहसील निवासी एक व्यक्ति ने बीते दिनों सीबीआई में शिकायत की थी। पीड़ित का कहना था कि जिला उद्योग केंद्र की एक योजना के तहत छह लाख का ऋण लिया। योजना के तहत उन्हें दो लाख 10 हजार रुपये सब्सिडी मिलनी थी। आरोप है कि उक्त सब्सिडी का लाभ देने की एवज में डाकघर में इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत शशांक सिंह राठौर और एक अन्य कर्मचारी ने रिश्वत मांगी थी। डीडीहाट के थानाध्यक्ष हरीश सिंह कोरंगा ने बताया कि देहरादून से सीबीआई की एक टीम डीडीहाट पहुंची. टीम ने दो कर्मचारियों से पूछताछ की। एक कर्मचारी को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस मामले में पोस्टमास्टर और डाकिया की कोई भूमिका नहीं पाई गई। वहीं सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार पिथौरागढ़ के नाचनी डाकघर के इंस्पेक्टर शशांक सिंह राठौर को गिरफ्तार किया गया है, वो 15,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए हैं। डाकघर इंस्पेक्टर ने ये घूस बागेश्वर जिले के खेती गांव निवासी एक दुकानदार सुरेश चंद से ली थी। सुरेश चंद के लोन की सब्सिडी पास कराने की रिपोर्ट लगाने के नाम पर ये रिश्वत ली गई थी। आरोपी शशांक सिंह राठौर को आज स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश चंद की नाचनी में ममता म्यूजिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स नाम से दुकान है। सुरेश चंद ने वर्ष 2020 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (एमजीईपी) के तहत जिला उद्योग केंद्र पिथौरागढ़ से छह लाख रुपये का लोन लिया था। उनका लोन तीन जनवरी 2020 को स्वीकृत हुआ था। उन्हें इसमें से 35 फीसदी की सब्सिडी के रूप में दो लाख 10 हजार रुपये मिलने थे। नाचनी डाकघर में इसकी सत्यापन रिपोर्ट लगाई जानी थी। सुरेश चंद ने इसके लिए डाक इंस्पेक्टर शशांक सिंह राठौर से संपर्क किया तो वह आनाकानी करने लगा। तमाम तरह की कमियां उनकी फाइल में बताने लगा। इसके बाद उन्होंने 20 जून को फिर से शशांक राठौर से संपर्क किया। आरोप है कि राठौर ने पोस्ट मास्टर और डाकिया के माध्यम से 21 हजार रुपये की मांग की। इस शिकायत पर सीबीआई ने जांच शुरू की। सुरेश चंद ने शशांक सिंह राठौर के साथ बातचीत की रिकॉर्डिंग भी की। इसमें सुरेश चंद ने राठौर से रिश्वत की रकम कम करने के लिए कहा। इस पर डाक इंस्पेक्टर 15 हजार रुपये में तैयार हो गया। सीबीआई ने डाक इंस्पेक्टर की डील की पूरी जांच की। इसके बाद शशांक राठौर के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। एक ट्रैप टीम तैयार की। सीबीआई की ट्रैप टीम बुधवार को नाचनी डाकघर पहुंची। इंस्पेक्टर शशांक राठौर को सुरेश चंद से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पोस्ट मास्टर और डाकिया की कोई भूमिका नहीं पाई गई। इधर जिले में पहली बार किसी रिश्वतखोर को सीबीआई के द्वारा गिरफ्तार करने पर हड़कंप मच गया है।

# आबादी से 51 विषैले सांप किए रेस्क्यू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** बढ़ती गर्मी के कारण वन्य जीव आबादी की ओर चले जा रहे हैं।जिसके चलते रामनगर मेंघ्ध सापों की जान बचाने में कार्बेट प्रशासन वन विभाग और सेव दा स्नेक ने अपनीघ्टीम गठिथ कर सांपों को बचाने में जुटे हैं।

वहीं तराई पश्चिमी के एसडीओ मनीश जोशी, रामनगर रेंज के रेंजर धरमानदं सुनाल,वन दारोगा घ्विरेद्रं पांडे के नेतृत्व में सेव द स्नेक एंड वाइल्डलाइफ वेलफेयर सोसाइटी ने वन विभाग के सहयोग से दो दिन में 51 सर्पों को ग्रामीण क्षेत्रों और घरों से रेस्क्यू कर घने जंगलों में आजाद किया गया।जिनमें 14.कोबरे, 2 पाइथन अजगर,26 रेड स्नेक घोडा पछाड़, 1 चिकिलघ किल वेग व 1 केट स्नेक,3 करेत,1 कुकरी,1 गुलफ स्नेक,1 ब्राउचं वेग,1 फोरेसटन केट स्नेक आदि

सांपों को आजाद किया गया है।इस मोके पर संस्था के विक्की कश्यप ने अपील की है कि यदि किसी के घर व खेतो में सांप निकले तो तुरंत वन विभाग और सोसाइटी कोघ्ध सूचना दे। संस्था के सर्प विशेषज्ञ चंद्रस. ेन कश्यप के नेतृत्व में सांपों को रेस्क्यू कर आबादी से दूर जंगलों में आजाद करने के कार्य में जुटी है।इस मौके पर मनोज कुमार, अमीर खान, कमलेश कुमार, सोसायटी के चंद्रसैन कश्यप, विक्की कश्यप,किशन कश्यप, अर्जुन कश्यप, अनुज कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, गणेश, महेंद्र आर्य, गोपी चद्र,रुद्रा, प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

# लालच से पैदा होती गई पर्यावरणीय समस्याएं: डीएफओ

■ आईटीबीपी एवं वन विभाग के सहयोग एवं समन्वय से धरती माता का आंचल किया जाएगा हरा भरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**लोहाघाट।** जब तक मनुष्य एवं प्रकृति के बीच आपसी रिश्ते बने रहे तब तक प्राकृतिक चक्र बना रहा, जब से मनुष्य ने प्रकृति से लालच शुरू कर दिया तभी से मौसम में बदलाव, जल स्रोतों के सूखने, बाढ़, भूस्खलन की समस्याएं आदि पैदा होने लगी। इस स्थिति से भावी पीढ़ी को बचाने के लिए यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर 'धरती माता' के आवरण को हरा-भरा करने के लिए पौधारोपण करें।

यह बात डीएफओ नवीन चंद्र पंत ने आइटीबीपी एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में धरती को हरा-भरा कर सूखे जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने एवं हर्बल पार्क का निर्माण कर लोगों को प्रकृति के उपहारों से अवगत कराने के लिए बृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वक्त किए। उन्होंने कहा देश की रक्षा और सुरक्षा के साथ अब पर्यावरण संरक्षण के ष्सजक प्रहरीष के रूप में आईटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार के नेतृत्व में हिमवीर जिस संकल्प के साथ आगे आए हैं, हम दावे के साथ कह सकते हैं कि अब हमारे कदम सही स्थान की ओर बढ़ रहे हैं। कमांडेंट संजय कुमार ने डीएफओ श्री पंत एवं अन्य सभी का स्वागत एवं सम्मान करते हुए कहा कि हिमवीरों ने वन विभाग से मिलकर एक ऐसी सोच पैदा की है कि हम बटालियन के द्वारा धरती के आंचल को हरा भरा करने के लिए अपने को समर्पित कर चुके हैं। इसी के साथ हमने सुखते जल स्रोतों को सदाबहार करने की भी महिम शुरू की है। वह दिन दूर नहीं जब वन विभाग एवं हिमवीरों के सामूहिक प्रयास जमीन में अपना रंग दिखाएंगे।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने कमांडेंट एवं वन विभाग की इस पहल का स्वागत किया कि बटालियन परिसर में प्रस्तावित दो हर्बल गार्डन के निर्माण में विभाग द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। यही नहीं जनपद में जहां भी उपयुक्त स्थान , मिलेगा, वहां हर्बल गार्डन की स्थापना कर लोगों को बहुमूल्य जड़ी बूटियां की जानकारी दी जाएगी। उप सेनानी नारायण सिंह, थाना प्रभारी अशोक कुमार, विधिक साक्षरता समिति के बृजेश कुमार ने भी पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर बटालियन परिसर में वन क्षेत्राधिकार एनडी पांडे के नेतृत्व में हिमवीरो ने विभिन्न प्रजातियों के ढाई सौ पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में डॉ.करण, डॉ. पंत, डॉ. अविकल, राजस्व उप निरीक्षक राजेंद्र गोस्वामी के अलावा आईटीबीपी के उप सेनानी नारायण सिंह, सहायक सेनानी गौरव कुमार, डॉ. सुरभि, डॉ. असरा,इंस्पेक्टर गोपाल वर्मा, डीएस राठौड़ सहित सभी हिमवीरों ने पौधारोपण किया तथा उनकी बच्चों की तरह सुरक्षा करने का भी संकल्प लिया।

# डायनेस्टी गुरुकुल छिनकी के पूर्व छात्र आदित्य ने पास की IISER प्रवेश परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म के पूर्व छात्र आदित्य गुप्ता ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER) प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र ने ऑल इंडिया में 1661 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। छात्र अपनी आगामी शिक्षा देश के शीर्ष संस्थानों से प्राप्त कर अपने शोध कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

आदित्य की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चंद्र भट्ट ने छात्र व अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। छात्र के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च में अध्ययन करना एक अद्भुत अनुभव होगा। छात्र को विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आइवन, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, योगेश सोरारी, डॉ.बलवंत ऐरी, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, सचिन तिवारी, अशोक जोशी, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, लिंसी त्यागी, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, प्रमोद कुमार, कल्पना चंद, भरत बिष्ट व विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों ने छात्र को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# गृहमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** 19 जुलाई, को भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के जनपद आगमन के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बहुउद्देशीय हॉल में नोडल, लाइजनिंग अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय गृह मंत्री जी पंतनगर एयरपोर्ट में उतरेंगे इसलिए यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, वीआईपी मूवमेंट, जनसभा स्थल की व्यवस्थाएं ,पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं अन्य सभी बिंदुओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माननीय गृह मंत्री का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी नोडल अधिकारी तैयारियां समयबद्ध और समन्वित रूप से सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ विभाग का मय चिकित्सकों के स्टॉल लगाया जाएगा व आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस एम्बुलेंस भी रहेगी। उन्होंने सुचारू विद्युत व्यवस्था रखने व जनरेटर व्यवस्था भी रखने के निर्देश मुख्य अभियंता विद्युत को दिए। उन्होंने कहा कि अतिथियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी लाइजिंग ऑफिसर अपने दायित्वों का त्रुटिरहित निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा सभी नोडल अधिकारी कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए सूचना भी देना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार, उपाध्यक्ष प्राधिकरण जय किशन, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, डैम जीबी पंत विश्वविद्यालय बीएस चलाल, अधिशासी निदेशक यूआईआरडी एससी द्विवेदी, एमडी मंडी हेमंत वर्मा, गन्ना एवं चीनी आयुक्त टीएस मर्तोलिया, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र, महाप्रबंधक सिडकुल पूरन सिंह राणा, सीएमओ डॉ के के अग्रवाल, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, रविन्द्र बिष्ट, अपर पुलिस अधीक्षक आरडी मठपाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, सीएस चौहान, रविन्द्र जुआठा, तुषार सैनी, अभय प्रताप सिंह, जीएम डीआईसी विपिन कुमार, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर...

# ग्राउंडिंग सेरेमनी को लेकर महापौर ने ली आढ़ती एसोसिएशन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में 19 जुलाई को होने जा रहे ग्राउंडिंग सेरेमनी कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए नगर निगम महापौर विकास शर्मा ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। इसी क्रम में महापौर ने गल्ला मंडी में आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारियों और व्यापारियों के साथ क समीक्षा बैठक की, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों और व्यापारी वर्ग की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा 19 जुलाई को रुद्रपुर में आयोजित हो रही ग्राउंडिंग सेरेमनी सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह उत्तराखंड के औद्योगिक भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस कार्यक्रम में देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे हैं। साथ ही देशभर से नामचीन निवेशक भी इस आयोजन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारे जनपद और विशेष रूप से रूद्रपुर के लिए एक गौरवशाली क्षण है। इस आयोजन से न सिर्फ आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

# चरस सहित रंगे हाथ ट्रांसपोर्टर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रीठासाहिब।** त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव को देखते हुए नशे के तस्कर समय की आवश्यकताओं को देखते हुए यहां विभिन्न प्रकार के नशों से लोगों को प्रभावित किया जा रहा है। ताजा घटना में नैनीताल जिले का निवासी एक व्यक्ति 1. 560 केजी अवैध चरस के साथ मोटरसाइकिल समेत पुलिस की चपेट में आ गया। इस व्यक्ति ने बताया कि वह टनकपुर में टांसपोर्ट में काम करता है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा लगातार नशे के विरुद्ध शुरू से ही प्रहार किया जा रहा है। जिसे देखते हुए घाटी क्षेत्र में पुलिस हर व्यक्ति पर निगाहे डाले हुए हैं तथा मादक पदार्थों की होम डिलीवरी करने वाले लोगों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जागवांड एचसी मतलूब खान, महेंद्र डंगवाल, गणेश सिंह, पूरन गोस्वामी, सूरज कुमार,नासिर हुसैन, महिला सिपाही रचनावली के सहयोग से नशे के इस कारोबारी को गिरफ्त में लेने में मदद मिली है।



# विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सर्पदुली रेंज के अंतर्गत गर्जिया वन परिसर में हरेला पर्व के अवसर पर विभिन्न स्थानों वृक्षारोपण किया गया।कचनार, जामुन, आंवला, बरगद, नींबू, कटहल, हरड़, बेहड़ा एवं रीठा के कुल 200 पौधे रोपे गए।हरेला पर्व के मौके पर वृक्षारोपण के साथ-साथ ढिकुली क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया गया। इस अभियान के तहत प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण, वन्यजीवों के लिए खतरा, स्वास्थ्य समस्याएं, जल निकासी में अवरोध, विषैली गैसों का उत्सर्जन और पुनर्चक्रण की कमी ख्र के बारे में जागरूकता फैलाई गई। स्थानीय लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने तथा कपड़े के बैग अपनाने की अपील की गई।इसके बाद सुंदरखाल गांव में विश्व सर्प दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीणों को साँपों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर चन्द्रसेन कश्यप द्वारा बताया गया कि सभी साँप जहरीले नहीं होते और अनावश्यक टकराव से बचना चाहिए। इससे मानव-वन्यजीव संघर्ष में कमी लाई जा सकती है।इस दौरान रेंजर उमेश चन्द्र आर्या,जितेन्द्र सिंह नेगी, धर्मपाल सिंह नेगी,हिमांशु बिष्ट, जगदीश चन्द्र आर्या,अश्विनी कुमार, चन्दन सिंह बिष्ट,किशन कश्यप,अर्जुन कश्यप, अनुज कश्यप,विक्की कश्यप, देवेन्द्र कश्यप, गणेश आदि लोग मौजूद रहे।

# दृढ़ इच्छा शक्ति एवं लगन हो, तो सफलता चूमेगी कदमः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत ।** जिलाधिकारी मनीष कुमार का कहना है कि उत्तराखंड में पुरातन काल से चली आ रही संस्कृति के पीछे हमें संगठित रूप से जीने, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व जल जंगल जमीन को बचाने की जो प्रेरणा मिलती है उसे आज की डिजिटल युग की पीढ़ी को यह अवगत कराना चाहिए कि उस वक्त भले ही साधनों व संसाधनों की कमी रही होगी लेकिन वह यहां की संस्कृति के पीढ़ी दर पीढ़ी के ध्वजवाहक बने रहे।




यह बात उन्होंने अपनी 'एपण कला' को ऊंचे मुकाम तक पहुंचाने में लगी प्रेम नगर पाटन लोहाघाट की प्रियंका गोस्वामी द्वारा उन्हें भेंट की गई अपनी कलाकृति के बाद वक्त किए। जिलाधिकारी ने कहा कि इसे वह शौक तक ही सीमित ना रख कर आजीविका चलाने का भी माध्यम बनाया जाए। इसके लिए उन्होंने एपीडी विम्मी जोशी को हर स्तर पर ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एक आईएएस अधिकारी बनने के अनुष्का की इच्छा पर कहा कि हर व्यक्ति को जीवन का ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर चलना चाहिए। यदि आपने अपनी लगन एवं दृढ़ इच्छा शक्ति के बल पर जीवन का ऊंचा लक्ष्य निर्धारित कर गगन छूने का प्रयास किया जा रहा है तो सफलता आपके चरणों में आयेगी। इस कार्य में वह स्वयं उनका मार्गदर्शन करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा उसे हर स्तर पर प्रोत्साहित कर जीवन का ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करने की सीख से उत्साहित अनुष्का का कहना है कि इससे मेरा आत्म बल, आत्म विश्वास बढ़ा है। जिसके लिए उन्होंने तथा उनके परिजनों ने जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया। इस अवसर पर अनुष्का के माता- पिताश्री मोहन गोस्वामी और रजनी गोस्वामी तथा भाई विकास गिरी भी मौजूद थे।

# करणी सेना ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** करणी सेना के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के माध्यम से एक ज्ञापन प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत को भेजा है।करणी सेना युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि नगर आसपास के इलाकों में स्थित प्राइवेट स्कूलों के द्वारा अपनी मनमानी करने के साथ ही अभिभावकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में हर वर्ष बच्चों की ड्रेस चेंज करने के साथ ही एनसीईआरटी के तहत किताबों का प्रयोग ना करते हुए बच्चों से कई विषयों की किताबे महंगे मूल्य पर बाजार से मंगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ना ही सरकार द्वारा निर्धारित गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।इसके साथ उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है। मामले में एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि यदि प्राइवेट स्कूलों द्वारा नियमों की अनदेखी की जा रही है इनकी जांच कराई जाएगी जांच में दोषी पाए जाने पर इन स्कूलों की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी इसके साथ उन्होंने कहा कि ज्ञापन में जो बिंदु दिए गए हैं उन पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना युवा शक्ति सूरज चौधरी,प्रदेश संगठन महामंत्री कपिल नेगी,प्रदेश महामंत्री हरीश प्रकाश,प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपू आर्य, सुभाष चंद्रा, नमन अग्रवाल, जिला कोषयाध्यक्ष सागर चौधरी,जिला मंत्री अंकित जोशी, विधानसभा अध्यक्ष हिमांशु रावत,सचिन सागर,आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।



# वोटर लिस्ट में बाहर के 18 लोग

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से नाम शामिल करने के मापदंड पेश करने को कहा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के बुधलाकोट ग्राम सभा में क्षेत्र से बाहरी के लोगों का नाम पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में शामिल करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य चुनाव आयोग से कहा है कि इनको वोटर लिस्ट में शामिल करने के क्या मापदंड अपनाए गए?, लिस्ट में शामिल करते वक्त इनको किस आधार पर चिन्हिंत किया गया कि ये यहां रहते हैं?, कोई रिकार्ड है तो शुक्रवार (आज) तक कोर्ट में पेश करें। आयोग के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय के संज्ञान में लाया गया कि वोटर लिस्ट बनाते वक्त मापदंडों का पूरा सहयोग लिया गया, जिन वोटरों के नामों पर आपत्तियां दर्ज की गई थी उनकी जाँच केमटी ने की जिसका विरोध



करते हुए याचिकाकर्ता के द्वारा कहा गया कि जो लोग यहां के निवासी नहीं है, उनके द्वारा उस पर आपत्ति दर्ज की है, उनके नाम ग्राम सभा के परिवार रजिस्टर्ड में दर्ज नहीं है, जिनके हैं उसमें भी कई तरह की अनियमितता हैं, जिस पर कोर्ट ने वोटरों का वेरिफि केशन रिकार्ड पेश करने को कहा है। बता दें कि अभी तक पंचायत चुनाव को चुनौती देने संबंधी 25 से अधिक याचिकाएं अलग अलग मुद्दों को लेकर दायर हो चुकी हैं। मामले के अनुसार बुधलाकोट निवासी आकाश बोरा ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम की वोटर लिस्ट में 82 वोटर क्षेत्र से बाहरी लोगों के नाम शामिल किये गए हैं, जिनमें अधि. कतर लोग उड़ीसा राज्य व अन्य जगह के हैं, जब इसकी शिकायत उनके द्वारा एसडीएम से की गई तो उनके द्वारा इसमें एक जांच कमेटी गठित की गई, जांच कमेटी ने वोटर लिस्ट का अवलोकन करके पाया कि इसमे से 18 लोग बाहर के हैं लेकिन अंतिम लिस्ट जारी होने के बाद भी चिन्हित 18 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटाये गए। जनहित याचिका दायर करने के बाद उनके द्वारा ऐसे ही 30 अन्य की लिस्ट भी कोर्ट में पेश की गई। शिकायत करने के बाद भी जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आयोग की तरफ से कहा गया कि कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। वोटर लिस्ट बनाते वक्त बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर वोटरों को चिन्हित किया, उसी के आधार पर वोटर लिस्ट बनाई, लेकिन कोर्ट ने आयोग से पूछा कि जब वोटर लिस्ट बनाई गई कया वोटरों का उस वक्त आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड या स्थायी निवास से संबंधित दस्तावेजों की जांच की, अगर की है तो उसका रिकार्ड प्रस्तुत करें या ओरली तौर पर नाम बताए जाने के आधार पर उनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया।

### लाइब्रेरियन को समस्त लाभ न देने पर सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतननगर द्वारा डिप्टी लाईबेरियन-कम एसोसिएस्ट प्रोफेसर मीना सिंह को यूजीसी के नियमों के तहत लाइब्रेरियन के समस्त लाभ न दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद खण्डपीठ ने जीबी पन्त कृषि विश्व विद्यालय से याची को यूजीसी व केंद्र सरकार की नियमावली 2010 के तहत वेतनमान व अन्य प्रकरणों पर निर्णय लेने के आदेश जारी किए हैं। मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले के अनुसार जीबी पन्त कृषि विश्व विद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर कम डिप्टी लाइब्रेरियन के पद पर कार्यरत प्रो. मीना सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि वे विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थी। विश्वविद्यालय में डिप्टी लाइब्रेरियन का पद भी रिक्त था, उसके लिए उन्होंने भी आवेदन किया गया। वे इसके लिए योग्य भी पाई गई लेकिन कृषि विश्व विद्यालय उन्हें इस पद का निर्धारित वेतनमान नहीं दे रहा है। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि उन्हें यूजीसी की नियमावली 2010 के तहत वेतनमान दिलाया जाने के निर्देश विश्वविद्यालय को दिए जाए।

### पुलिस भर्ती: अगली सुनवाई 30 जुलाई को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश में चल रही 2 हजार पदों पर पुलिस भर्ती प्रक्रिया के मामले में आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई हेतु 30 जुलाई बुधवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार चमोली निवासी रोशन सिंह ने याचिका दायर कर कहा है कि पुलिस विभाग में जिला रिजर्व पुलिस/पीएसी/आईआरबी 2 हजार पदों के लिए 20 अक्टूबर 2024 को यूके एसएसएससी चयन आयोग ने विज्ञप्ति जारी की थी। जिसकी चयन प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है। विज्ञप्ति में 1550 नए पद व 450 पद वर्ष 2021-22 तथा 2022-23 के रिक्त पड़े पदों को भी शामिल किया गया है। याचिका में आगे कहा गया कि पूर्व में भर्ती नहीं होने के कारण उनकी उम्र अधिक हो गयी है लिहाजा उनको भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए आयु सीमा में छूट दी जाए, यही नहीं उनका यह भी कहना है कि पुलिस भर्ती के लिए जो आयु सीमा निर्धारित की गई है वह 18 से 22 वर्ष है। उसमें भी संसोधन किया जाए। इस मामले में उत्तराखंड बेरोजगार संघठन ने कई बार सरकार को अपने प्रत्यावेदन दे चुका है लेकिन उसके बाद भी उस पर कोई विचार नहीं किया गया। याचिका में कहा गया है कि पुलिस की भर्ती में शामिल होने के लिए प्रदेश के नवयुवकों की आयु सीमा 22 साल से बढ़ाकर कम से कम 25 साल की जाए कयों कि यह परीक्षा राज्य सरकार साल दर साल नही कराती है।

### दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनीताल के नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद उस्मान खान की जमानत याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने उन्हें कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई 30 जुलाई बुधवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार मोहम्मद उस्मान ने अपनी जमानत के लिए उच्च न्यायलय में प्रार्थना पत्र पेश कर कहा है कि उसे इस केस में सोची समझी साजिश के तहत फंसाया गया है। वे शहर के एक प्रतिष्ठित ठेकेदार हैं। उनके द्वारा नाबालिग के साथ कोई दुराचार नहीं किया गया इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए अगली सुनवाई हुई 30 जुलाई बुधवार की तिथि नियत की है, दूसरी ओर इसी न्यायालय की एकलपीठ ने नैनीताल जिले के मुख्य कोषाधिकारी व एकाउंटेंट के द्वारा घूस लेने के मामले पर भी सुनवाई, कोर्ट ने उन्हें भी कोई राहत नहीं देते हुए अगली सुनवाई हेतु 22 जुलाई मंगलवार की तिथि नियत की है।

### चुनाव ट्रेनिंग में जा रहे उपनलकर्मी की हादसे में मौत

**चकराता।** त्यूणी-चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग पर कणडोला-चिलहाड के नीचे चुनाव ड्यूटी ट्रेनिंग के लिए जा रहे एक संविदा कर्मी की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएचसी भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक शमशेर सिंह पुत्र रणवीर सिंह, निवासी ग्राम डेरसा त्यूणी शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में उपनल संविदा कर्मी था। वह गुरुवार को पंचायत चुनाव की ट्रेनिंग के लिए देहरादून जा रहा था। कणडोला बैंड के आसपास दोपहर में तेज बारिश हो रही थी। जिसके चलते उपनल संविदा कर्मी की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर रपट गई। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**चकराता।** थाना चकराता क्षेत्रांतर्गत एक व्यक्ति द्वारा नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में चकराता थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समोग खत-द्वार निवासी वादी सज्जु पुत्र रती ने चकराता थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि ग्राम चिटटाड़ तहसील कालसी निवासी अभिषेक पुत्र सज्जु (उम्र लगभग 22 वर्ष) ने उसकी नाबालिग पुत्री (काल्पनिक नाम पूजा) को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

## एक नजर

### पूर्व सभासद असीम बख्श का निधन

**नैनीताल।** उतराखण्ड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा नैनीताल नगर के राज्य आंदोलनकारी व पूर्व नगरपालिका परिषद नैनीताल के सभासद असीम बख्श के निधन पर गहरा शोक तथा दुख व्यक्त किया गया। मोर्चा द्वारा असीम बख्श के राज्य आंदोलन में दिए गए उनके संघर्षो को लेकर उनके द्वारा दिए गए योगदानों को याद किया गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, नगर अध्यक्ष शाकिर अली, नगर पालिका सभासद राज्य आंदोलनकारी मुकेश जोशी समेत कंचन चंदोला, इंदर सिहं नेगी, महेश जोशी, विजय पंत, मुनीर आलम सिद्दीकी, दीवान सिह कनवाल, मनोज जोशी, बालम सिंह भंडारी तथा मुकुल जोशी आदि राज्य आंदोलनकारियों ने उनके निवास स्थान सूखाताल में जाकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। दूसरी ओर पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने असीम बख्श के निधन पर गहरा दुख जताया है।

### पौधारोपण आंदोलन 377वें दिन भी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन 377वें दिन भी जारी रहा। दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत वीरवार को मिनिस्ट्रियल फैडरेशन के जनपद अध्यक्ष विजेंद्र लुंठी की पुत्री सानवी के जन्मदिन के अवसर पर सानवी ने अपने माता पिता के साथ दिनेश गुरुरानी की पहल एक पौधा धरती मां के नाम के तहत शहीद स्मारक स्थल परिसर में पौधारोपण किया। सानवी ने कहा कि अब वह अपने हर जन्मदिन पर पौधारोपण करेगी। इस अवसर पर विजेंद्र लूंठी ने कहा कि वह अपनी पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर पहले पौधारोपण और उसके बाद अन्य कार्यक्रम करते हैं। इस अवसर पर कंचन सामंत लूंठी ने कहा कि यह एक अच्छी मुहिम है सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर वेदांशी लुंठी, मेघा सामंत उपस्थित रहे। गुरुरानी ने कहा कि वह अपने पौधारोपण आंदोलन से शुभ कार्यों को जोड़ते हुए पौधारोपण करते हैं।

### एक-एक पेड़ लगाया मां के नाम

**नैनीताल।** शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना, एंटी ड्रग सेल एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार द्वारा की गयी। उन्होंने परिसर में फलदार पौधे लगाकर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई। पौधों के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण कार्यक्रम पर्यावरण को बचाने की एक मुहिम है। पृथ्वी को हरा-भरा बनाने में प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग होना चाहिए। कहा कि जिस तरह माँ हमारी रक्षा करती है उसी प्रकार हमें भी प्रकृति की रक्षा पौधे लगाकर करनी चाहिए। कहा कि हम न सिर्फ पौधे लगाएं बल्कि उसकी बड़े होने तक देखभाल करें। इस मौके पर डा. जयति दीक्षित एंटी ड्रग सेल तथा रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी डा. ईप्सिता सिंह समेत डा. तरुण कुमार आर्य, एनएसएस प्रभारी ममता पाण्डे, डा. निर्मला, डा. फरजाना अजीम, सपना आर्या, अनिल, मुकेश, ललित एवं बबीता करगेती, उर्मिला तिवारी, निधि तिवारी, पिंकी, सचिन व विजय द्वारा फलदार पौधे एवं फूलों के पौधे लगाए गए।

### होटल कारोबारी ने कब्जाई सरकारी भूमि

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर बेलुवाखान में ग्रामीण ने एक होटल कारोबारी पर सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने और दबंगई दिखाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण ने होटल कारोबारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। बेलुवाखान निवासी दलीप सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि बेलुवाखान में होटल स्वामी के नाती ने 2004 में राज्य सरकार की भूमि पर होटल बना लिया है जबकि वह प्रशासन से लगातार अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा होटल स्वामी का नाती ग्रामीणों का परेशान कर रहा है, अब तक राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण होटल स्वामी ने सरकारी भूमि पर नए होटल के निर्माण की शुरुआत कर दी है।

### खुशाल सिंह बिष्ट के कार्यालय का उद्घाटन

**नैनीताल।** सोलह तलिया से भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी खुशाल सिंह बिष्ट के चुनाव कार्यालय सौंड का उद्घाटन विधायक सरिता आर्या, विधानसभा नैनीताल के प्रवेशक देवेंद्र ढैला व विजय भट्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा व दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या ने संयुक्त रूप से किया। उसके पश्चात बैठक में बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारी व चुनाव प्रभारियों की बैठक में चुनाव से संबंधित जानकारी दी गई। इस योजना बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती ने की। बैठक में 22 बूथों के अध्यक्ष व शक्ति केंद्र के संयोजक व प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में तलिया सोलह से प्रत्याक्षी खुशाल सिंह बिष्ट, मंडल महामंत्री हिमांशु मेहरा, तारा सिंह, तलिया प्रभारी आनंद सिंह बिष्ट, हरीश राणा, पंकज बर्गली, राम सिंह, गिरीश त्रिपाठी, यशपाल मेहरा, खीम सिंह बिष्ट, ध्यान सिंह, भोपाल सिंह व सुभाष बधानी आदि मौजूद रहे।

### नाले के ऊपर से हटाया अतिक्रमण

**नैनीताल।** मल्लीताल आईजी कार्यालय के समीप लोनिवि ने अभियान चलाकर नाले के ऊपर से अतिक्रमण हटाया। नाले के ऊपर जाली लगाकर रोकथाम की जाएगी। बता दें कि बीते दिनों भारी वर्षा के दौरान मल्लीताल मस्जिद तिराहा समेत अन्य क्षेत्रों में जलभराव हो गया था। डीएम ने बैठक कर नालों को सफ़ करने के साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये थे। जिसके बाद एसडीएम नवाजिश खलीक ने स्थलीय निरीक्षण कर नालों के ऊपर हुए अतिक्रमण को चिह्नित किया। वीरवार को लोनिवि ने आईजी कार्यालय के बगल में नाले के उपर बनी दुकान ध्वस्त कर दी। लोनिवि अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सकसेना ने बताया कि अतिक्रमण को हटाकर नाले के उपर जारी लगाई जाएगी।

## जिशांत कुमार ने मांगे वोट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत सदस्य पद के कांग्रेस प्रत्याशी जिशांत कुमार ने वीरवार को लोशाल क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों से



संवाद किया। उन्होंने जनता के घर-घर जाकर संवाद स्थापित करने के इस प्रयास को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन प्राप्त हुआ। अभियान के दौरान जिशांत कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं व उनकी अपेक्षाओं को समझा और विकास संबंधी मुद्दों पर खुलकर चर्चा की।कई स्थानों पर स्थानीय बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया और महिलाओं एवं युवाओं ने समर्थन का भरोसा जताया। जीशांत कुमार ने अपने संदेश में कहा जनसंपर्क केवल एक औपचारिकता नहीं,यह जनता की भावना और समस्याओं को समझने का माध्यम है। कहा मेरा उद्देश्य सेवाएं व संवाद और समाधान के रास्ते पर चलना है। इस अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पूरी टीम उनके साथ मौजूद रहीए जिसने लोगों को पार्टी की नीतियों और जिशांत कुमार के विज़न से अवगत कराया। लोशाल क्षेत्र के नागरिकों ने प्रत्याशी के इस जमीनी प्रयास की सराहना की और भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र को एक नई दिशा मिलेगी।

## नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद तल्लीताल पुलिस ने क्षेत्र में गश्त कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने इस दौरान 18 लोगो के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को तल्लीताल पुलिस ने मालरोड, कैनेडी पार्क, जू रोड और जिला पंचायत रोड पर गश्त की। गश्त के दौरान पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों को नियम बताए। वहीं नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वालों के वाहनों को हटाया साथ ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले पांच लोगों व नो पार्किंग जोन में वाहन पार्क करने वाले 13 लोगों के खिलाफ चालानी यह अभियान आगे भी जारी रहेगा

## शेरवानी हिलटॉप होटल ने मालरोड पर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शेरवानी हिलटॉप होटल के महाप्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा के नेतृत्व में वीरवार को होटल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा माल रोड में स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए सफाई अभियान चलाया। इस दौरान रोड में झाड़ू लगाकर पेड़ से झडे पत्तों, चिप्स के रैपर आदि को एकत्र कर पन्नी में भरकर उसका निस्तारण किया। इस दौरान महाप्र. बंधक सिद्धार्थ शर्मा ने बताया पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी हमारे संस्थान ने स्वच्छ नैनीताल के तहत माल रोड में अभियान चलाकर लोगों को संदेश देने की कोशिश की है कि सफाई रखना हम सबका भी कर्तव्य है और हम सबको अपने



क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ रखना चाहिए इससे पर्यटकों को भी एक अच्छा संदेश मिलेगा कयोंकि सरोवर नगरी पर्यटन नगरी है और यहां देश-विदेश से पर्यटक घूमने आते हैं। इस संदेश से वह भी सफाई व्यवस्था का ध्यान रखेंगे और गंदगी नहीं फैलाएंगे। इस मौके पर होटल के प्रबंधक जीवन बिष्ट, दिनेश पालीवाल, मदन सिंह, दीवान सिंह, कुंदन चंद, नवीन, दीपेंद्र राणा, हरीश भट्ट, बलवंत सिंह, अभिनव व कुंदन सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## प्रथम नवरात्र से रामलीला मंचन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** श्री रामलीला कमेटी हल्दूचौड़ (रजिस्टर्ड) की एक आवश्यक बैठक गुरुवार को आदर्श प्राथमिक विद्यालय हल्दूचौड़ स्थित श्री रामलीला कार्यालय (अटल सभागार) में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का ने की। बैठक की शुरुआत रामलीला कार्यालय का ताला खोल. कर सफाई अभियान से हुई, जिसके बाद सदस्यों ने आगामी रामलीला मंचन को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और आय-व्यय विवरण पर भी चर्चा कर उसे अनुमोदित किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रथम नवरात्रि से श्री रामलीला नाट्य मंचन का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। साथ



ही मंचन की पूर्व तैयारियों के तहत 12 अगस्त से तालीम (रिहर्सल) की शुरुआत पूजा-पाठ के साथ की जाएगी। बैठक में रामलीला आयोजन को भव्य और पारंपरिक स्वरूप में करने का संकल्प लिया गया। कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चंद्र दुम्का, संरक्षक उमेश चंद्र कबड़वाल, हेम. वती नंदन दुर्गापाल, इंद्रर सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष हरीश बिष्ट, सचिव शैलेन्द्र दुम्का, उप सचिव भुवन सिंह पंवार, कैलाश चंद्र बमेटा, दयाकिशन बमेटा, कमलेश बमेटा, भुवन गरवाल, दयाकिशन कबड़वाल, रिम्पी बिष्ट, राहुल भट्ट, सुरज चिलवाल और सरदार महेन्द्र सिंह सहित कई अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सीएम धामी ने राज्यसभा सांसद बंसल की माता को अर्पित की श्रद्धांजलि



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल की माता स्व श्रीमती परमेश्वरी(पानो) देवी का निधन हो गया था। उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड ने फोन कर अपनी संवे. दनाए व्यक्त की व प्रभू से पुण्य आत्मा को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी डा.नरेश बंसल के देहरादून स्थित आवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।सीएम धामी ने डा. नरेश बंसल की माता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।सीएम धामी ने भाजपा के राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्य सभा डा.नरेश बंसल के परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने ढांढस भी बंधाया और आश्वस्त किया कि वह हमेशा परिवार के साथ खड़े हैं।

## गांवों में दिखा प्रकृति के लिए प्रेम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की लोक परंपराओं से जुड़े हरेला पर्व को इस बार भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल द्वारा एक खास भाव के साथ मनाया गया। मुक्तेश्वर रेंज की गहना, जलना, सरना और सिमायल वन पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिला समूहों और वन विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर सैकड़ों पौधों का रोपण किया। इस दौरान बांज, देवदार, अखरोट और बुरांश जैसी स्थानीय प्रजातियों के कुल 600 पौधे विभिन्न जगहों पर रोपे गए। हरेला कार्यक्रम की थीम 'एक पेड़ मां के नाम' रखी गई थी, जिसे ग्रामीणों ने पूरी आत्मीयता के साथ अपनाया और धरती मां के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पौधे लगाए। वन पंचायत गहना में इस आयोजन



की खास बात यह रही कि यहां खुद भूमि संरक्षण वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी हेमचंद गहतोड़ी मौजूद रहे। उनके साथ पूर्व प्रधान राकेश कुमार, नव ज्योति महिला स्वयं सहायता समूह लेटीबूंगा की महिलाएं, गांव के लोग और वन विभाग का स्टाफ भी शामिल रहा। गहना वन पंचायत, जिसे प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा गोद लिया गया है, वहां विशेष रूप से 100 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उनके बीच 50 अखरोट के पौधे भी नि:शुल्क वितरित किए गए ताकि वे अपने आंगन और खेतों के किनारे इन पौधों को रोप सकें। हरेला पर्व को लोक संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक मानते हुए इस बार लोगों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि उन्हें जीवित रखने का भी संकल्प लिया।

## योगी आदित्यनाथ से मिली सांस्कृतिक टोली

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक टोली ने कामना बिष्ट के नेतृत्व में आर्ट्स एंड कल्चरल ग्रुप लखनऊ के सहयोग से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान कामना बिष्ट ने उत्तर प्रदेश में देवभूमि उत्तराखंड के पारंपरिक छोलिया दल का नेतृत्व किया तथा विभिनं मंचों से सूंदर प्रस्तुति दी। मधन सिंह बिष्ट ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति का गौरवपूर्ण परिचायक पर्व हरेला प्रदेशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी पावन अवसर पर मदन सिंह बिष्ट के संरक्षण एवं कामना बिष्ट के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड के पारंपरिक छोलिया दल एवं लोक कलाकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने पारंपरिक हरेला भेंट अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्हें हरेला पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलाकारों ने देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पर्व व परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर भी सीएम योगी आदित्यनाथ से विस्तृत संवाद किया। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक सीएम ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कलाकारों के प्रयासों को सराहा। मदन सिंह बिष्ट संयोजक ने कहा सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वर्तमान में उत्तर प्रदेश को प्रगति, विकास और संस्कृति की ओर दृढ़ता से अग्रसर कर रहा है। उनकी दूरदर्शिता और भारतीय लोक संस्कृति के प्रति सममान समस्त देशवासियों के लिए प्रेरणास्पद है।

## हरिनगर में विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे विशेष सफाई पखवाड़े के तहत वीरवार को नगर के वार्ड नंबर 4 हरिनगर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर सफाई कार्यों के दौरान नालियों की वृहद सफाई समेत झाड़ियों की कटाई और सार्वजनिक स्थानों से मलबा हटाने का कार्य किया गया। सफाई उपरांत एकत्र कूड़े का निस्तारण पालिका के वाहनों द्वारा किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहताश शर्मा, उप जिला. धिकारी नवाजिश खलीक तथा सभासद शीतल कटियार ने मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया और स्वच्छता अभियान की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर राजस्व विभाग एवं लोक निर्माण विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से



भागीदारी निभाई। पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा गलियों व नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक सुनित कुमार, सफाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान, सफाई दरोगा दिनेश कटियार, सुप. रवाइजर संजय भगत व धीरज कटियार, राजस्व उप निरीक्षक विनोद, कनिष्ठ अभियंता कमलेश तथा अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इससे पूर्व वार्ड की सभासद शीतल कटियार ने पालिक. ाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व ईओ रोहताश शर्मा को हरिनगर वार्ड की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की मांग की।

## वन पंचायत में हरेला महोत्सव

**नैनीताल।** जिले के ओखलकांडा वन रेंज के पोखरी वन पंचायत में हरेला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें वन विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा अनके प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। विभाग एवं ग्रामीणों द्वारा एक पेड़ मां के नाम से भी लगाया गया। वन विभाग के नोडल अधकारी दीप चंद्र लोहनी द्वारा ग्रामवासियों को पौधरोपण से होने वाले फायदे के बारे मे बताया गया। वन दरोगा चंद्र शेखर जोशी द्वारा भी सभी से एक पेड़ माँ के नाम से लगाने का अनुरोध सबसे किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य सुशीला कुलौरा, वन पंचायत सरपंच पोखरी सुमित्रा देवी, सरपंच पुटगांव मुन्नी देवी, ग्राम प्रधान पोखरी खष्टी देवी, वन दरोगा मोनिका कोरंगा, वन आरक्षी अनिल कुमार, वन आरक्षी बीना जोशी व जायका के अनिल कुमार, नवल कोठारी एवं ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## कैबिनेट मंत्री जोशी ने किया दो पुस्तकों का विमोचन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में लेखिका दीपा चावला की रचित दो पुस्तकों फ्लेवर्स ऑफ होम शेफ्स एवं टेस्ट ऑफ होम बेकर्स का विमोचन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने लेखिका दीपा चावला और सभी प्रतिभागी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि, यह केवल पुस्तक विमोचन नहीं, बल्कि उन महिलाओं की वर्षों की मेहनत और निपुणता को पहचान देने का प्रयास है, जिन्होंने घर की चारदीवारी के भीतर रहकर पाक कला में दक्षता हासिल की है। अब इन प्रतिभाओं को मंच और पहचान मिल रही है, जो अत्यंत सराहनीय है।

कृषि मंत्री जोशी ने कहा कि आज महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं और प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 3 करोड़ लखपति दीदी के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने अब तक 1.65 लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और राज्य सरकार इस दिशा में सतत प्रयासरत है।

# मैनचेस्टर में पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत

**● भारतीय टीम मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी, भारत को यहां 9 में से 4 मुकाबलों में हार मिली जबकि 5 मैच रहे ड्रा**



**मैनचेस्टर, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट में मिली रोमांचक हार के बाद भारतीय टीम अब मैनचेस्टर में इंग्लैंड से 23 जुलाई से भिड़ेगी। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है और टीम को यहां नौ में से चार मुकाबलों में हार मिली है, जबकि पांच मैच ड्रॉ रहे हैं।

### आइए डालते हैं यहां के इतिहास पर एक नजर।

**विजय मर्चेंट** और मुश्ताक़ अली का शतक, 1932 भारतीय टीम ने इस मैदान पर पहला मुकाबला 1936 में खेला था, तब टीम के कप्तान विजयनगरम के महाराजा हुआ करते थे। यह मैच ड्रॉ रहा था, लेकिन दूसरी पारी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाजों विजय मर्चेंट और मुश्ताक अली ने शानदार शतक लगाया था और पहले विकेट के लिए 203 रनों की साझेदारी की थी। यह वही मुश्ताक अली हैं, जिनके नाम पर भारत का घरेलू टी-20 टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफी खेला जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के दो बल्लेबाजों ने एक ही पारी में शतक लगाए हों।

### लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ का पंजा, 1946

1946 में खेला गया यह मैच भी ड्रॉ रहा था, लेकिन इस मैच को लाला अमरनाथ और वीनू मांकड़ के पंजे के लिए जाना जाता है। यह पहली बार था, जब भारत के किन्हीं दो गेंदबाजों ने एक ही पारी में पंजा हासिल कर पूरी टीम को पवेलियन भेजा हो। भारतीय टीम के इतिहास में ऐसा सिर्फ पांच बार और हुआ है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने मध्यम तेज गेंदबाज अमरनाथ और बाएं हाथ के स्पिनर मांकड़ की मदद से इंग्लैंड को सिर्फ 294 रनों पर सिमेट दिया था। हालांकि भारतीय टीम सिर्फ 170 रन पर सिमट गई, जिसमें एक बार फिर मर्चेंट और मुश्ताक के बीच शतकीय साझेदारी शामिल थी। दूसरी पारी में दोबारा अमरनाथ ने तीन और मांकड़ ने दो विकेट लिए, लेकिन अंत में यह मैच ड्रॉ रहा।

### टेस्ट में उस समय का भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर, 1952

इस टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम फ्रेंड ट्रूमैन के घातक गेंदबाजी (8 विकेट) के सामने सिर्फ 58 रन पर सिमट गई थी, जो उस समय का भारत का संयुक्त रूप से न्यूनतम टेस्ट स्कोर था। 1947 में भारत, ऑस्ट्रेलिया के सामने ब्रिस्बेन में भी 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। खैर, पहली पारी में 58 पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में भी कुछ खास नहीं कर सकी और 82 रन पर ऑलआउट हो गई, जो उस समय भारतीय टेस्ट क्रिकेट का न्यूनतम तीसरा स्कोर था। इस बार एलेक बेडसर ने इंग्लैंड की टीम की ओर से पंजा लिया और इंग्लैंड की टीम पारी और 207 रनों से यह मैच जीत गई।

### उमरीगर और अब्बास अली का शतक गया बेकार, 1559

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने सुरेंद्र नाथ के पंजे के बावजूद 490 का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जवाब में भारतीय टीम पहली पारी में सिर्फ 208 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में आठ विकेट के 265 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित कर दी और भारत को 548 का बड़ा लक्ष्य दिया। भारत की तरफ से दूसरी पारी में पाली उमरीगर (118) और अब्बास अली (112) ने शानदार शतक लगाया, लेकिन दोनों भारतीय टीम को 171 रनों की एक बड़ी हार से बचा नहीं सके।

### बारिश ने भारत को बचाया 1971

पिछले लगातार दो मैचों में मिली हार के बाद मैनचेस्टर का यह मैच ड्रॉ हुआ था। इस मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में कप्तान रे इलिंगवर्थ की शतक की मदद से 386 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में भारतीय टीम सिर्फ 212 रनों पर ही सिमट गई, जिसमें सुनील गावस्कर और एकनाथ सोल्कर का अर्द्धशतक शामिल था। गावस्कर की यह दूसरी टेस्ट सीरीज थी और उन्होंने 57 रनों की पारी को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट माना था। कारण यह पिच एकदम ग्रीन टॉप विकेट थी और बादल से घिरे ठंडी हवाओं के झोकों में उन्हें जॉन प्राइस और पीटर लीवर जैसे तेज गेंदबाजों की नई गेंद का सामना करना था। लीवर ने पहली पारी में 88 रन बनाने के अलावा पांच विकेट लिए। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 245 रन पर पारी घोषित कर भारत को 420 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन भारी बारिश होने और मैदान पर पानी भरने के कारण पांचवें दिन को रद्द घोषित कर दिया गया।

### गावस्कर का इंग्लैंड में पहला शतक लेकिन भारत की हार 1974

गावस्कर ने अपने पहले इंग्लैंड दौरे पर दो अर्द्धशतक तो लगाए थे, लेकिन अंग्रेजी धरती पर उनके नाम कोई शतक नहीं था। यह हुआ उनके दूसरे इंग्लैंड दौरे के पहले मैच में जब उन्होंने मैनचेस्टर में 101 रनों की पारी खेली। दूसरी पारी में भी गावस्कर ने अर्द्धशतक लगाया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ ना मिलने से भारत यह मैच 100 से अधिक रन के अंतर से हार गया।

### खराब मौसम का शिकार मैच, 1982

1983 विश्व कप से एक साल पहले भारतीय टीम गावस्कर के कप्तानी में इंग्लैंड गई हुई थी। इस टीम के अधिकतर खिलाघी वही थे, जिन्होंने बाद में विश्व कप खेला। यह मैच बारिश और खराब मौसम की भेंट चढ़ गया और दोनों ही टीमें सिर्फ एक ही पारी खेल पाईं। इस मैच को संदीप पाटिल के शतक के लिए जाना जाता है, जब उन्होंने नाबाद 129 रनों की पारी खेली और कपिल देव (65) के साथ सातवें विकेट के लिए 96 और मदद लाल (26) के साथ आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़े।

### तेंदुलकर के पहले शतक का गवाह बना मैनचेस्टर, 1990

सचिन तेंदुलकर ने विश्व क्रिकेट में सर्वाधिक 51 टेस्ट शतक लगाए हैं, लेकिन उनका पहला टेस्ट शतक मैनचेस्टर में आया था। यह तेंदुलकर का नौवां टेस्ट मैच था। उन्होंने कुछ अर्द्धशतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी क्षमता की झलक तो दिखाई थी, लेकिन इस पारी से लगा कि यह युवा बल्लेबाज बड़ी पारियां भी खेल सकता है। पहली पारी में 68 रन बनाने के बाद जब तेंदुलकर दूसरी पारी में उतरे तो भारत 408 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आधी टीम को 128 रनों पर खो चुका था। तेंदुलकर ने इसके बाद कपिल देव (26) के साथ 57 रनों की साझेदारी की और फिर मनोज प्रभाकर (67) के साथ नाबाद 160 रन जोड़ भारत को हार से बचा लिया।

### स्टुअर्ट ब्रॉड की आंधी में उड़ी टीम इंडिया, 2014

यह इस सदी में इस मैदान पर भारतीय टीम का पहला और अभी तक का एकमात्र मैच है। स्टुअर्ट ब्रॉड ने पहली पारी में छह विकेट लिए और भारतीय टीम को सिर्फ 152 पर समेट दिया। भारत के छह बल्लेबाज खाता नहीं खोल पाए और महेंद्र सिंह धोनी (71) ने टीम का सम्मान बचाया। आर अश्विन ने 40 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने जो रूट के 77 और जॉस बटलर के 70 रनों की मदद से 367 रन बना दिए। इस पारी के दौरान वरूण आरोन का एक बाउंसर पुल करने के चक्कर में ब्रॉड चोटिल हुए और दूसरी पारी में गेंदबाजी करने नहीं आए। लेकिन इंग्लैंड का यह स्कोर भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी था।

---

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## प्रगनानंदा ने विश्व नंबर-1 कार्लसन को 39 चालों में हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन को हरा दिया है। 19 साल प्रगनानंदा ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन को केवल 39 चालों में मात दी। कार्लसन को प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हराया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकेंड अतिरिक्त मिलते हैं। नार्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन को हाल ही में भारत के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश भी लगातार दो बार हरा चुके हैं। प्रगनानंदा संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंचे मैग्नस कार्लसन के खिलाफ चौथे राउंड में मिली जीत के साथ आर प्रगनानंदा 4.5 पाइंट्स के साथ आठ खिलाड़ियों वाले टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से टॉप पर पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ प्रगनानंदा, कार्लसन को तीनों फार्मेट क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में हराने में सफल रहे। चार में से तीन राउंड में जीत चुके हैं प्रगनानंदा ने टूर्नामेंट की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोदि. रबेक के खिलाफ ड्रा खेलकर की थी। इसके बाद दूसरे राउंड में उनका सामना असाउबायेवा से हुआ था, जिसमें वह जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे। भारतीय टीम दूसरी पारी में भी 161 के स्कोर से आगे नहीं बढ़ पाई और पारी व 54 रनों से यह मुकाबला हार गई।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के पदक विजेता सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. मांडविया ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर अंडर-15, अंडर-17, अंडर-20 और अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के पदक विजेताओं से मुलाकात की तस्वीरें साझा की। इस अवसर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। डॉ- मांडविया ने कहा कि पहलवानों के धैर्य, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम ने देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल जीवन में निरंतर सफलता की कामना करता हूँ। इस दौरान खिलाड़ियों ने डॉ. मांडविया से बातचीत की और खिलाड़ियों ने उनके साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## भारत की अंडर-20 महिला टीम ने उज्बेकिस्तान को हराया

**ताशकंद, वार्ता।** भारत की अंडर-20 महिला राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे मैत्री मुकाबले में उज्बेकिस्तान को 4-1 से हरा दिया। डोस्टलिक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में हाफ टाइम तक दोनों टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर थीं। भारत के लिए सिबानी देवी नोंग्मीकापम ने (28वें, 85वें) मिनट में दो गोल दागे, और सुलांजना राउल ने (65वें) और नेहा ने (71वें) मिनट में एक-एक गोल किए। बुधवार को उज्बेकिस्तान के लिए एकमात्र गोल शखनोजा डेकनबायेवा (37वें) ने किया। पहले मैत्री मैच वाली टीम में उज्बेकिस्तान ने चार बदलाव किए। जबकि भारतीय अंडर-20 टीम के कोच जोआकिम एलेक्जेंडरसन ने दो बदलाव किए। डिफेंस में निशिमा कुमारी की जगह जूही सिंह, लिंहगदेइकिम की जगह एरीना देवी नामीराकपम ने मिडफील्ड संभाला।

## महिला टीम का सीरीज का जीत के साथ आगाज

**● पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया, दीप्ति शर्मा के नाबाद 62 रन**



दीप्ति शर्मा

**साउथैंप्टन, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज में जीत के साथ आगाज किया है। साउथैम्प्टन के रोज बाउल मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर 258 रनों का स्कोर बनाया था, जिसके बाद भारतीय टीम ने इस टारगेट को 48.2 ओवर्स में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड की खराब शुरुआत इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाज क्रांति गौड़ ने 8 के स्कोर पर एमी जोंस को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। जोंस केवल एक रन ही बना सकीं। फिर 20 के स्कोर पर दूसरी ओपनर टैमी ब्यूमोंट को भी गौड़ ने एलबीडब्ल्यू कर इंग्लैंड का दूसरा विकेट लिया। क्रांति गौड़ ने 55 रन देकर 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी इंग्लैंड की ओर से 50 रन से ऊपर तीन साझेदारी हुईं। टैमी ब्यूमोंट के आउट होने के बाद तीसरे विकेट के लिए स्किवर ब्रंट और एमा लैंब ने 87 गेंदों पर 71 रन की साझेदारी की।

स्किवर ब्रंट ने 52 गेंदों पर 41 रन और एमा लैंब ने 50 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। दोनों को स्नेह राणा ने पवेलियन भेजा। पांचवें विकेट के लिए सोफिया डंकली और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने 142 गेंदों पर 106 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 258/6 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

## आंद्रे रसेल ने की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा



**● रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे**

**किंग्स्टन, वार्ता।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रेसल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच आगामी पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज के शुरुआती दो मैच टीम के लिए उनके आखिरी मुकाबले होंगे। सेंतीस वर्षीय रसेल को पांच मैचों की सीरीज के लिए विंडीज की टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज के शुरुआती दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो इस ऑलराउंडर का घरेलू मैदान है। विंडीज क्रिकेट ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके संन्यास की खबर के बारे में जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 सदस्यीय वेस्टइंडीज टीम में शामिल आंद्रे रसेल 20 जुलाई से शुरू होने वाली टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। पिछले साल के अंत में चोट के कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो बार के विश्व चैंपियन और 2012 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे जमैका के रसेल अपने आखिरी दो अंतर्राष्ट्रीय मैच 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क में खेलेंगे। रसेल वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और उन्होंने एक दशक से भी ज़्यादा समय तक मैरून जर्सी पहनने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने क्रिकेट वेस्टइंडीज से कहा कि शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता कि इसका क्या मतलब था। वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन की सबसे गौरवपूर्ण उपलब्धियों में से एक रहा है। जब मैं बच्चा था, तो मुझे इस स्तर तक पहुँचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन जैसे-जैसे आप खेलना शुरू करते हैं और खेल से प्यार करने लगते हैं।

## प्रो लीग में खराब प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए एक चेतावनी: श्रीजेश



**● भारत एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद आठवें स्थान पर रहा था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान हॉकी खिलाड़ी पीआर श्रीजेश का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में भारतीय टीम का खराब प्रदर्शन अगस्त में होने वाले एशिया कप से पहले एक चेतावनी है।

कल शाम 20वें वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के उद्घाटन समारोह में पत्रकारों से बातचीत में श्रीजेश ने कहा कि मुझे लगता है कि टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए, हमने मैदान पर कड़ी टक्कर दी, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि परिणाम हमारे खिलाफ जाता है। यह परिणाम एशिया कप और अगले साल होने वाले विश्वकप और एशियाई खेलों जैसे अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले हमारे लिए एक चेतावनी है। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में लगातार सात हार के बाद अंक तालिका में आठवें स्थान पर रहा था। एशिया कप 2025 राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। हॉकी विश्वकप 2026 बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में 14 से 30 अगस्त तक खेला जायेगा। एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होंगे। श्रीजेश ने इस बात पर खुशी जताई कि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ रहने के लिए दौड़ को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष अधिक लोग इसमें शामिल हो रहे हैं और दौड़ना (दिल्ली हाफ मैराथन में) और भी लोकप्रिय होता जा रहा है, यह रोमांचक है, लोगों को स्वयं को चुनौती देनी चाहिए और लय में आना चाहिए।

भारत की पुरुष राष्ट्रीय अंडर-21 टीम के मुख्य कोच ने कहा कि एक कोच के रूप में उनका मुख्य काम यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी दबाव से निपटना सीखें। उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप में मेरा काम खिलाड़ियों पर से दबाव कम करना है। मैं उन्हें बताता हूँ कि जूनियर विश्वकप के दौरान लगभग 10 हजार लोग आपका उत्साहवर्धन करेंगे और चिल्लायेंगे, इन बातों को स्वीकार करें।

## आखिरी दो टेस्ट मैचों के लिए भारत को सुदर्शन को खिलाना चाहिए: दीप



**नई दिल्ली, वार्ता।** आगामी चौथे टेस्ट को ध्यान में रखते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि भारत को आगामी मुकाबले में करुण नायर के बजाए साई सुदर्शन को अंतिम एकादश में खेलाना चाहिए। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ दीप दासगुप्ता ने भारत की प्लेइंग इलेवन में किसी बदलाव पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, ''प्लेइंग इलेवन में, आप एक से ज्यादा बदलाव नहीं चाहते। अगर सिर्फ एक ही बदलाव है, तो वह करुण नायर की जगह साई सुदर्शन को एकादश में शामिल करना होगा क्योंकि करुण नायर ने कोई रन नहीं बनाया है। उन्होंने शुरुआत तो की है, लेकिन उसे बड़े स्कोर में नहीं बदला है। उन्होंने कहा कि मेरा यह भी मानना है कि वह क्रीज पर भी उतने सहज नहीं दिख रहे हैं। और दूसरी बात, साई सुदर्शन एक युवा खिलाड़ी हैं। अगर आप इस इंग्लैंड सीरीज में निवेश करना चाहते हैं, तो आपको किसी युवा खिलाड़ी पर निवेश करना चाहिए। दीपदास ने कहा कि करुण नायर ने दोनों टेस्ट मैचों में शुरुआत की है, लेकिन वह उतने प्रभावशाली नहीं दिखे हैं।

## आईसीसी रैंकिंग: विराट के तीनों फॉर्मेट में 900+ पाइंट्स

**● ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर, विराट कोहली के टी-20 में बेस्ट पाइंट्स 897 से 909 हुए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग सिस्टम को अपडेट किया। इसी के साथ इस फार्मेट से 2024 में रिटायर हो चुके विराट कोहली ने अनोखा रिकॉर्ड बना दिया। वे तीनों फार्मेट में 900 से ज्यादा रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेट बन गए। टी-20 में विराट के बेस्ट रेटिंग पाइंट्स 897 थे, जो अब बढ़कर 909 हो गए।

यह पाइंट्स उन्होंने 2014 में हासिल किए थे, जो रैंकिंग सिस्टम अपडेट होने के बाद बढ़ गए। विराट टेस्ट में 937 और वनडे में 909 रेटिंग पाइंट्स 2018 में ही हासिल कर चुके हैं। विराट ने इसी साल में 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था। उन्होंने वनडे से संन्यास नहीं लिया, जिसकी बैटिंग रैंकिंग में वे फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। टी-20 इतिहास की तीसरी बेस्ट रेटिंग हासिल की 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 76 रन बनाए। टीम को जीत मिली, जिसके बाद विराट ने टी-20 से संन्यास ले लिया। आईसीसी हर साल अपने रैंकिंग सिस्टम में कुछ बदलाव करता है। इससे कई प्लेयर्स की रैंकिंग में हल्का चेंज आता है। इसी से विराट के पाइंट्स 897 से बढ़कर 909 हो गए, जिससे उनके नाम सबसे छोटे फार्मेट में भी 900 प्लस रेटिंग पाइंट्स का रिकॉर्ड बन गया। विराट के 897 रेटिंग पाइंट्स 7 सितम्बर 2014 को हुए थे। कोहली इस फार्मेट में लगातार 1202 दिन तक नंबर-1 बैटर भी रह चुके हैं। 909 पाइंट्स हासिल करने के बाद वे टी-20 इतिहास में बेस्ट रेटिंग पाइंट्स हासिल करने वाले तीसरे बैटर बन गए।

इंग्लैंड के डेविड मलान 919 पाइंट्स के साथ पहले और भारत के ही सूर्यकुमार यादव 912 रेटिंग पाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईसीसी रैंकिंग अपडेट के बाद विराट के नाम 1202 दिन तक लगातार नंबर-1 टी-20 बैटर बने रहने का रिकॉर्ड बन गया। उनसे ज्यादा नंबर-1 रैंक पर दुनिया का कोई भी प्लेयर नहीं रहा। 2018 में तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 बने थे विराट कोहली 2018 में पहली बार टेस्ट फार्मेट में नंबर-1 बैटर बने थे। तब उन्होंने इंग्लैंड में 593 रन बनाए थे। इस दौरे के बाद विराट 937 पाइंट्स के साथ नंबर-1 टेस्ट बैटर बन गए थे। इसी दौरान विराट के वनडे में भी 909 रेटिंग पाइंट्स हो गए थे। 2018 में अपने बेस्ट फार्म के दौरान विराट ने तीनों फार्मेट में एक साथ नंबर-1 रैंक बैटर रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया था। कोहली के अलावा आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ही एक समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 बैटर रह चुके हैं। इन 2 के अलावा आस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और भारत के जसप्रीत बुमराह ही तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बन सके।

हालांकि, हेडन और बुमराह अलग-अलग समय पर तीनों फार्मेट में नंबर-1 प्लेयर बने। विराट कोहली टेस्ट में 10 हजार रन नहीं बना सके, लेकिन 2020 में आईसीसी ने उन्हें दशक की बेस्ट टेस्ट टीम का कप्तान बनाया था। टी-20 रैंकिंग अपडेट के बाद एक सवाल फिर खड़ा हो गया कि क्या विराट कोहली दुनिया के बेस्ट आल फार्मेट प्लेयर हैं? आंकड़ों में इस बात का जवाब ढूंढें तो विराट ने वनडे में 14181, टी-20 में 4188 और टेस्ट में 9230 रन बनाए। टेस्ट में वे 19वें टॉप स्कोरर रहे, लेकिन वनडे और टी-20 में तीसरे टॉप रन स्कोरर हैं। विराट अगर किसी एक भी फार्मेट में टॉप स्कोरर बन जाएं तो जरूर बेस्ट आल फार्मेट बनने की रेस में टॉप कर सकते हैं।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में डिविलियर्स की धमाकेदार वापसी होगी

**बर्मिंघम, वार्ता।** इस साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में एबी डिविलियर्स की चार साल बाद वापसी देखने को मिलेगी, साथ ही युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, ब्रेट ली, क्रिस गेल, कीरा.न पोलार्ड और इयोन मोर्गन जैसे वैश्विक दिग्गज भी खेलेंगे-जो प्रतिद्वंद्विता को फिर से जीवंत करेंगे और उस जादू को फिर से जीवंत करेंगे जिसने उन्हें दिग्गज बनाया। 18 जुलाई से 2 अगस्त तक बर्मिंघम, नॉर्थम्प्टन, लीसेस्टर और लीड्स में आयोजित होने वाला डब्ल्यूसीएल 2025, इंग्लैंड और ईसीबी द्वारा अनुमोदित एक भव्य ग्रीष्मकालीन आयोजन में बीते जमाने के नायकों को एक साथ लाता है।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने ली दो बाइक सवार किशोरो की जान, तीसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** बुधवार रात्रि एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार दो किशोरों की जान ले ली तथा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे से कुछ ही आगे मंगलौर मार्ग देव फार्म हाउस के सामने तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर बाइक के साथ होने से बाइक सवार दो किशोरो की मौत हो गई तथा इसी बाइक पर सवार तीसरा 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था ।

**❖गाड़ी चालक के खिलाफ मुकदमा, परिजनों में मचा कोहराम**

जानकारी के अनुसार झबरेड़ा - मंगलौर मार्ग पर बुध वार रात्रि 10:00 बजे एक डीसीएम की टक्कर बाइक से हो जाने से बाइक सवार 15 वर्षीय किशोर हर्ष पुत्र ईश्वर की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरे 16 वर्षीय किशोर अशवनीत पुत्र अभय की रुड़की सिविल अस्पताल में जाते ही मौत हो गई थी। इसी बाइक पर सवार तीसरा युवक 26 वर्षीय रोहन गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल का इलाज रुड़की सिविल अस्पताल में चल रहा है। उक्त तीनों मोहल्ला लाल कुर्ती थाना कांठ जिला फिरोजाबाद पंजाब के निवासी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। थाना निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि दूसरे किशोर की मौत अस्पताल जाते ही हो गई थी। इसी बाइक पर सवार तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था घायल का इलाज रुड़की स्थित सिविल अस्पताल में चल रहा है। उक्त के परिजनों को फोन से सूचना दी गई सूचना मिलते ही पंजाब से उक्त लोगों के परिजन थाने पहुंचे तथा डीसीएम चालक के खिलाफ मृतक अशवनीत के पिता अभय सिंह द्वारा थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर डीसीएम चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। डीसीएम को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। डीसीएम चालक को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।मृतक दोनों किशोरो के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दे दिए गए हैं। मृतक किशोरो के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उक्त तीनों एक ही बाइक से हरिद्वार जा रहे थे।

# कार की चपेट में आकर कांवड़िए की मौत, किया हंगामा, पुलिस ने संभाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूड़की।** दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर नगला इमरती बाईपास के निकट सड़क पार करते समय एक कांवड़िए की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर रुप से घायल हुए कांवड़ यात्री को तुंरत ही पुलिस उठाकर अस्पताल ले गई थी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।



पुलिस के मुताबिक पुरुषोत्तम शर्मा (66)निवासी डुंडाहेडा थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक, जिला गाजियाबाद, उप्र अपने साथियों के साथ जल लेने के लिए हरिद्वार आये थे। हरिद्वार से जल उठाकर वह वापस जा रहे थे। बुधवार की दोपहर को वह अपने साथियों से अलग थे। जब वह नगला इमरती बाईपास के निकट बसंत हवेली होटल के पास पहुंचे तो वह कुछ सामान लेने के लिए सड़क पार करने लगे। इसी दौरान एक हरियाण नंबर की कार ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गये। जिस समय हादसा हुआ । उस समय वहां पर अधिक कांवड़ यात्री नहीं थे। सूचना मिलते ही पुलिस आननफानन में मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल कांवड़ यात्री को तुरंत ही रुड़की के सिविल अस्पताल में भिजवाया। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लिया है। साथ ही पुलिस ने हादसे की बावत मृतक के स्वजन को सूचना दे दी है। प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित कार चालक की तलाश की जा रही है।

# मशकूर राणा बने भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन के प्रदेशाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर से समाजसेवी मशकूर राणा को भारतीय मुस्लिम राजपूत संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष उत्तराखंड नियुक्त किया है जिसमें मशकूर राणा ने संगठन के पद अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा है कि जो विश्वास संगठन ने मुझ पर किया है मैं उस पर हर संभव खरा उतारने की कोशिश करूंगा और उनके विश्वास को टूटने नहीं दूंगा व संगठन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कार्य करूंगा। संगठन को मजबूती को सभी को साथ लेकर जल्द एक टीम तैयार करूंगा। उत्तराखंड



में किसी भी मजलूम का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों के हक की लड़ाई भी लड़ी जाएगी। मशकूर राणा ने कहा समाज को शिक्षित व संगठित करने के लिए हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। युवाओं को जागरुक कर संगठित करने का काम करूंगा। महिलाओं और बेटियों के उत्पीड़न को रोकना प्राथमिकता में शामिल होगा। दहेज प्रथा को रोक ने के लिए भीकाम किया जाएगा ताकि किसी गरीब आदमी को अपनी बेटी की शादी करने में कोई शर्मिंदगी ना उठानी पड़े जाति धर्म और राजनीति को भूलकर समाज के उत्थान के लिए निष्ठा से कार्य करूंगा। मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कुंवर आरिफ के साथ साथ संस्थापक एडवोकेट राव सलीम राष्ट्रीय महामंत्री राव मासूम बसी का भी धन्यवाद करता हूं इस मौके पर राव असलम, राव साजेब फैसल ठाकुर राव आसिफ एडवोकेट राव जाहिद राव नदीम प्रधान राव सिराज अजमल ठाकुर राव नावेद आदि लोग उपस्थित रहे।

लंढौरा-लक्सर मार्ग पर

# अज्ञात कावंडिए का शव मिला पुलिस शिनाख्त की कोशिश में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग पर सड़क किनारे एक खेत में एक अज्ञात कावंडिए का शव मिलने से हड़कंप मचं गया। किसानों व राहगीरों की सूचना पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराई लेकिन शव की शिनाख्त नही हुई। पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया दिया है।

लंढौरा पुलिस के मुताबिक वीरवार की सुबह कस्बे के रुड़की-लक्सर मार्ग पर स्थित सोलानी नदी के समीप सड़क किनारे एक खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव किसानों व राहगीरों को पड़ा दिखाई दिया। शव दिखने के बाद काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुची ओर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई लेकिन शव की शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने आननफानन में शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल रुड़की की मोर्चरी में भिजवा दिया है। लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया कि जिस व्यक्ति का शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक ने कावंडिए के कपड़े पहन रखे है। जिसकी उम्र लगभग 28 वर्ष प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# कावड़ यात्रा : सफाई की जिम्मेदारी निकाय कर्मियों को पड़ रही भारी

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** कांवड़ यात्रा के बीच निकायों पर सफाई की जिम्मेदारी का भी अधिक बोझ है। ऐसे में सफाई कर्मी दिन रात काम में जुटे हैं। मंगलौर में भी सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने में दिन रात एक किए हुए है।



जानकारी के अनुसार नगर पालिका मंगलौर के अधिशासी अधिकारी नौशाद हसीन ने बताया कि कांवड़ मेले के दौरान कर्मचारियों की ड्यूटी अलग अलग पालियों में लगाई गई है इसके साथ ही कूड़ा वाहन निरंतर कांवड़ यात्रा मार्ग पर घूमकर कूड़ा उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरा प्रयास है कि कावड़ मार्ग पर विशेष रूप से साफ सफाई रहे और शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# शिवभक्तों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा सीएचसी इमलीखेड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमलीखेड़ा ब्लॉक रुड़की में कावंड़ यात्रियों के लिए समस्त स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी और डॉक्टर 24 घंटे सेवाएं दे रहे है।



इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम एवं प्रभारी फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार के नेतृत्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कांवड़ियों को 24 घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। डॉक्टर राव अकरम फार्मेसी अधिकारी ब्रिजेश कुमार ने बताया कि कावंड़ियों के सेवा के लिए इमलीखेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिन रात खुला हुआ है।सभी स्वास्थ्य कर्मचारी दिन रात मेहनत कर कावंड़ियों की सेवा कर रहे हैं।मानव सेवा ही सर्वोपरि है कावड़ियों को सभी प्रकार की दवाइयां एवं चिकित्सा से संबंधित सभी उपचार निशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साल में एक बार यह पुण्य कमाने का अवसर प्राप्त होता है। सभी स्वास्थ्य कर्मचारी अधिकारी गण अपनी ड्यूटी को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी व सेवाभाव से निभा रहे हैं और मानव सेवा कर रहे हैं।

पीएम आवास में अनियमियता पर

# सीडीओ ने वीडीओ को किया दंडित, वेतन पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्य विकास अधिकारी, हरिद्वार ने प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता पाए जाने पर श्री विनय प्रताप, ग्राम विकास अधिकारी की ष्स्थायी रूप से आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोकष लगाते हुए दंडित किया है। यह कार्रवाई उनकी तत्कालीन ग्राम पंचायत-इब्राहीमपुर मसाही विकास खण्ड-भगवानपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास निर्माण से संबंधित जांच के बाद की गई है, जिसमें वह दोषी पाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं की पुनरावृत्ति पाई जाती है तो अन्य ग्राम विकास अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्रशासन भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है और सभी अधिकारियों को नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

लक्सर-रुड़की रोड पर बढ़ने लगी शिवभक्तों की भीड़

# सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार कावड़ मेले में लक्सर रुडकी रोड पर शिव भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। तहसील एव पुलिस प्रशासन की कावड़ मेला शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सभी जगह पर पेनी नजर गड़ी हुई है जैसे-जैसे कावड़ मेला नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे सड़क पर लगातार शिव भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

रुड़की लक्सर शिव चौक बसेड़ी व बहादुरपुर फाटक पर पुलिस प्रशासन बड़ी मुस्तैदी से काम कर रहा है बड़े अधिकारी भी लगातार सभी जगह संपर्क कर रहे हैं और अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आदेशित कर कह रहे हैं कि कहीं भी कोई कमी कावड़ मेले में शिव भक्तों की सेवा में नहीं आनी चाहिए क्योंकि हरिद्वार मैं पूरे भारत से शिव भक्त अपनी मनोकामना पूरी कराने के लिए आते हैं इसीलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि शिव भक्तों को परेशानी नहीं होनी चाहिए और अगर कहीं कोई कमी हो जाए तो उसको भी हमारी जिम्मेदारी है आराम से हल कर ले बड़े अधिकारी लगातार हर जगह बारीकी से चेकिंग कर रहे हैं जिससे हरिद्वार कावड़ मेला शांतिपूर्ण संपन्न हो सके ग्रामीण भी कावड़ मेले में जाने वाले शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए हैं उप जिला अधिकारी लक्सर सौरभ अस्वाल ने कहा की अब लगातर भीड़ भर बढ़ रही है इसी को देखते हुए हमने लक्सर जॉन को दो भागों में बांट दिया गया है जिसमें जोनल मजिस्ट्रेट भी लगे हुए हैं उन्होंने कहा आठ और जौनल मजिस्ट्रेट काम कर रहे हैं उन्होंने यह भी कहा की हम भी जाकर मौके पर चेकिंग कर रहे हैं उन्होंने कहा सभी कर्मचारियों को आदेशित किया गया है की अपना काम सही तरीके से करें जिससे किसी भी शिव भक्त को परेशानी ना हो।

# मारपीट में दो लोग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मारपीट में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गंगनहर कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय शाह ने बताया कि विक्की निवासी चौहान डेयरी के पास चावमंडी और अनुज प्रताप सिंह निवासी आवास विकास कोतवाली गंगनहर अपने परिजनों से मारपीट कर रहे थे। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजीव उनियाल, संदीप पुंडीर, पंकज कुमार, अजयवीर और अजय दत्त शामिल रहे।

# खनन विभाग की छापेमारी, 10 ट्रैक्टर ट्रॉली व दो जेसीबी सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन के खिलाफ मुखबीर की सूचना पर छापेमारी करते हुए 10 ट्रैक्टर ट्राली व दो जेसीबी को पड़कर सीज कर दिया है। जिला खनन अधिकारी मौसिन रजा ने जानकारी देते हुए बताया की सूचना मिली थी की कुछ लोग रात को अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध खनन कर रहे हैं। उस सूचना पर टीम बनाकर मुखबिर की बताई गई जगह पर दबिश देकर अवैध खनन में लिप्त मे 10 ट्रैक्टर ट्राली एवं दो जेसीबी को पड़कर सीज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा जिसे भी खनन करना है वह पहले अपना पट्टा स्वीकृत करा ले उसके बाद ही खनन कर सकता है उन्होंने कहा अवैध खनन से सरकार को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।

# डीजे कंपनियों की प्रतिस्पर्धा ने मचाया बवाल, चार कांवडिए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुरुकुल नारसन।** क्षेत्र के मोहम्मदपुर जट हाईवे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो डीजे कंपनियों के बीच जोरदार कंपटीशन को लेकर तनाव पैदा हो गया। गोस्वामी डीजे सिहानी (गाजियाबाद) और डीजे राजपूत (बुलंदशहर) के संचालक व टीम सदस्य एक-दूसरे को ललकारते हुए सड़क पर ही डीजे सेटअप और लाइट्स के माध्यम से आशीर्वाद पत्तियां खासने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर तेज ध्वनि में डीजे चलाए जा रहे थे और दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए भीड़ जमा कर प्रदर्शन करने लगे। इससे हाईवे पर ट्रैफिक बाधित हो गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नारसन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कुशल कुमार पुत्र स्व. सुरेश चंद, हिमांशु पुत्र मनोज कुमार, संगम शर्मा पुत्र बृजपाल और नेहा गुरु पुत्री सुरेश चंद शामिल हैं। सभी आरोपी नूर नगर सियानी गेट, श्री काली मंदिर थाना आनंद ग्राम, गाजियाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना अनुमति सार्वजनिक स्थान पर डीजे बजाकर कानून व्यवस्था को चुनौती देना गंभीर अपराध है। सभी आरोपियों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले की आगे की जांच की जा रही है।

# विजय कुमार बने सस्ता गल्ला विक्रेता नियामतपुर के डीलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के नियामतपुर में सभी संबंधित अधिकारियों के द्वारा ग्राम वासियों को बुलाकर राशन डीलर का चुनाव किया गया है जिसमें विजय कुमार राशन डीलर निर्वाचित हुए हैं। वीडियो खानपुर ने बताया कि 10 वर्षों से नियामतपुर में सस्ता गल्ला विक्रेता की दुकान नहीं थी जो उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार आज सस्ता गल्ला विक्रेता का चुनाव संपन्न किया गया। उन्होंने कहा विजय कुमार को 121 वोट मिले और दूसरे डीलर को 149 वोट प्राप्त हुए हैं जिससे विजय कुमार को सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेता नियामतपुर का राशन डॉलर नियुक्त किया जा सकता है। नियामतपुर ग्राम प्रधान के द्वारा बताया गया कि हमारे गांव में आज राशन डीलर के चुनाव हुए हैं उन्होंने कहा कड़ी मेहनत के बाद आज नियामतपुर को नया राशन डीलर विजय कुमार के रूप में मिला है उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में दो प्रत्याशी आमने-सामने चुनाव में थे जिसमे विजय कुमार को सफलता मिली है उन्होंने कहा मेरी ओर से सभी ग्राम वासियों को नया राशन डीलर चुन्ने पर मैं सभी को बधाई देती हूं आज के चुनाव में जो राशन डीलर नियुक्त हुए हैं विजय कुमार ने कहा कि मुझ पर पूरे गांव का एहसान है जो मुझे आज नियामतपुर से राशन डीलर चुना गया है।

# चमनलाल महाविद्यालय में मनाया हरेला पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में हरेला पर्व पर विधालय परिसर में पौधा रोपण किया गया इस मौके पर महाविद्यालय की और हरेला पर्व को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से भी संपन्न किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने पेड़ पौधे संरक्षण का भी संकल्प लिया।

हरेला पर्व पर चमन लाल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने घरों के आसपास पौधारोपण किया गया। इस अभियान में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी सम्मिलित हुए इस मौके पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा एवं सचिव अरुण हरित ने महाविद्यालय के परिसर में पौधारोपण करते हुए हरेला पर्व को पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि उत्तराखंड में हरेला पर्व विगत वर्षों से पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने भी पर्यावरण के संरक्षण को बढ़ावा देने का आवाहन करते हुए कहा कि हमें ऐसे क्षेत्र में पौध रोपण करने चाहिए जहां पर हम उसकी समय-समय पर जाकर देखभाल कर सके ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे और हम प्रकृति की सेवा भी कर सकें इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दीपा अग्रवाल एवं राष्ट्रीय सेवायोजन प्रभारी डॉ. इरफान ने सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का आभार जताते हुए कहा कि



पर्यावरण संरक्षण को लेकर सरकार कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिससे प्रकृति के संरक्षण को बढ़ावा मिल सके हम सबको सरकार के सहयोगी बनकर इस कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए ताकि भावी पीढ़ी इससे प्रेरणा ले सके और प्रकृति की सेवा में अभूतपूर्व योगदान दे सके कार्यक्रम के अंत में परिसर में उपस्थित शिक्षकों एवं ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े शिक्षक छात्र-छात्राओं एवं अन्य कर्मचारियों का आभार जताया।

# अधिकारियों ने तहसील दिवस व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का किया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** उपजिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के आदेश के अनुपालन में तहसील दिवस एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए चकबंदी विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई तथा नियत तिथि पर आज दिनांक को ग्राम सिखरोदा सिखरोदा तहसील भगवानपुर में खाल नाला जो की लगभग 20 वर्षों से भी अधिक से बंद पाया गया। लगभग 160 मीटर लंबा बंद पड़ा था जिसमें ग्रामीणों के पानी की निकासी बरसात का



एवं प्रतिदिन का पानी नहीं निकल पा रहा था बरसात के दिनों में तो आबादी के अंदर घुस जाता था। आज चकबंदी विभाग से सहायक चकबंदी अधिकारी अजहरुद्दीन चकबंदी करता चकबंदी महमूद जी पटवारी सुनील कुमार तथा राजस्व विभाग नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक लेखचंद गुप्ता क्षेत्रीय पटवारी दाउद अली एवं मोहित चौधरी शिकायतकर्ता गण जिनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं तहसील दिवस में शिकायत की गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ग्रामवासी एवं अवैध कब्जेदार मौके पर मौजूद रहे। सभी की उपस्थिति में खाला नाले की मौके पर पैमाइश करके निशान देही कर दी गई थी जिसमें संतुष्ट पाए गए तथा करके प्रकरण का निस्तारण कर दिया गया है।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 जुलाई 2025

## ट्रम्प की चाहत

अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया को कैसे चलाना चाहते हैं, उनकी टैरिफ को लेकर देशों को दी जा रही धमकियों से ही पता लग जाता है। उनकी आक्रामकता देखिए कि अभी भारत व अमेरिका के अधिकारियों के बीच ट्रेड व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल ही रही है, इस बीच उनका एक बड़ा दंभपूर्वक बयान भी आ गया।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी उत्पादों की जल्द भारत के बाजारों में पहुंच होने वाली है। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह डील इंडोनेशिया फार्मूले वाली होगी। अमेरिकी उत्पादों पर भारत में जीरो टैरिफ लगेगा। दो दिन पहले ही अमेरिका ने इंडोनेशिया से इस तरह की डील की है, जिसमें इंडोनेशिया पर 19 फीसद टैरिफ लगाया गया है। अब एक अगस्त से इंडोनेशिया से अमेरिका जाने वाले सामानों पर 19 फीसद टैरिफ चुकाना होगा। वहीं अमेरिकी सामानों पर इंडोनेशिया में कोई टैरिफ नहीं देना होगा। ट्रम्प ने अपने ही अंदाज में यह भी कहा कि हमने कई बेहतरीन देशों से समझौते किए हैं हमारा एक और समझौता होने वाला है शायद भारत के साथ। उनका घमंडीपन यहीं नहीं थमता, वह बातचीत के बीच में यह भी बोल गए कि मुझे नहीं पता कि हम बातचीत कर रहे हैं। जब मैं लेटर भेजूंगा तो वह समझौता हो जाएगा।

इस तरह की भाषा वह तब बोल रहे हैं जब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम अमेरिका पहुंची हुई है। जहां वह ट्रेड व्यापार को लेकर बातचीत करेंगे। बताया जा रहा है कि बातचीत सोमवार से शुरू भी हो गई और इसके गुरुवार तक चलने की उम्मीद है। ऐसे में इस तरह के बयानों का क्या मतलब है। जहां तक बात भारत की है, भारतीय अधिकारी चाहते हैं कि समझौते में भारत के लिए टैरिफ रेट 10 फीसदी से कम हो और इसके बदले में अमेरिका अपने उत्पादों के लिए भारत में रियायत चाहता है, लेकिन भारत स्पष्ट कहता रहा है कि वह अपने कृषि और डेरी क्षेत्रों को विदेशी कंपनियों के लिए नहीं खोलेगा। हां भारत जरूर गैर कृषि क्षेत्रों में समझौता करने को तैयार है। अब यह तो तभी पता चलेगा जब किसी तरह का कोई समझौता सामने आता, लेकिन ट्रम्प का व्यवहार यही बता रहा है कि उन्हें किसी समझौते की परवाह नहीं है और वह अपनी शर्तों पर ही समझौता करना चाहते हैं। यह किसी भी संप्रभु राष्ट्र के लिए कोई सम्मानजनक बात नहीं हो सकती।

हालांकि भारत की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई और यह ठीक ही है, क्योंकि जब तक दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वार्ता किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती तब तक किसी प्रतिक्रिया का कोई मतलब नहीं है, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प को इससे फर्क नहीं पड़ता कि बातचीत चल रही है या नहीं। गुरुवार को एक तरह से उन्होंने अपना फरमान सुना दिया। डोनाल्ड ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि जो देश रूस के साथ व्यापार करेंगे, उससे तेल व गैस लेंगे वे उसके कोपभाजन का शिकार होंगे और बदले में उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है। लगता है कि ट्रम्प को इस बात की भी कोई परवाह नहीं है कि दुनिया उनके विषय में क्या सोच रही है। यह दुखद है कि ट्रम्प व्यापार को युद्ध के रूप में ले रहे हैं।

### ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है स्वच्छता




वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग है व सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना प्राचीन काल से ही स्वच्छता पर बल देती रही है। अपने घरों, पूजा स्थलों और आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की परंपरा हमारी जीवनशैली का अभिन्न अंग रही है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे, स्वच्छता ईश्वरीय भक्ति के बाद आती है, वे स्वच्छता को धर्म, अध्यात्म और नागरिक जीवन की आधारशिला मानते थे, न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके अपव्यय को न्यूनतम करना और उन्हें अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपयोग करना, हमेशा से हमारी जीवनशैली का हिस्सा रहा है।

**-द्रौपदी मुर्मु, राष्ट्रपति**

## नस्लवाद को हराने वाला मानवता का योद्धा

# नेल्सन मंडेला





**योगेश कुमार गोयल**

नेल्सन मंडेला, एक ऐसा नाम, जो समस्त विश्व समुदाय के लिए मानवता, साहस, सहिष्णुता और संघर्ष का प्रतीक बन गया है। प्रतिवर्ष 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है, जो न केवल इस महान नेता को श्रद्धांजलि देने का दिन है बल्कि यह पूरी दुनिया को यह संदेश भी देता है कि परिवर्तन लाने के लिए केवल शब्द नहीं बल्कि कर्म आवश्यक हैं।

यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज में बदलाव लाने के लिए हम सभी की भूमिका होती है और प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में दूसरों के लिए कुछ कर सकता है। नेल्सन मंडेला का जन्म 18 जुलाई 1918 को दक्षिण अफ्रीका के म्वेजो नामक गांव में हुआ था। वे थेम्बू कुल की एक शाखा मदिवा जनजाति से थे और उनका मूल नाम रोहिलाहला मंडेला था, जिसका अर्थ होता है शरारती। उन्हें नेल्सन नाम उनके स्कूल शिक्षक ने अंग्रेजी नामों की परंपरा के तहत दिया था। उनका जीवन एक सामान्य अफ्रीकी बच्चे की तरह शुरू हुआ लेकिन उनके भीतर असाधारण नेतृत्व क्षमता और अन्याय के प्रति गहरी संवेदना थी, जिसने उन्हें बाद में एक क्रांतिकारी नेता बना दिया।

नेल्सन मंडेला की शिक्षा की शुरुआत क्लार्कबरी मिशनरी स्कूल से हुई। आगे की पढ़ाई के लिए उन्होंने फोर्ट हेयर यूनिवर्सिटी और जोहान्सबर्ग स्थित विटवाटर स्रैंड विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने रंगभेद नीति और सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध आवाज उठानी शुरू कर दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उस समय श्वेत अल्पसंख्यक सरकार द्वारा अपरथाइड नामक नस्लीय भेदभाव की क्रूर नीति लागू थी, जिसके अंतर्गत अश्वेतों को बुनियादी अधिकारों से वंचित रखा गया था। उन्हें वोट देने, जमीन रखने, शिक्षा प्राप्त करने, अस्पतालों में इलाज करवाने और बसों-रेस्तरां जैसी सार्वजनिक सेवाओं का समान उपयोग करने का अधिकार नहीं था।

मंडेला ने इन्हीं अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाया। वे 1944 में अफीकन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए और जल्द ही संगठन के युवा विंग के संस्थापक बन गए। अहिंसा और शांतिपूर्ण आंदोलनों के जरिए उन्होंने सरकार पर दबाव बनाना शुरू किया लेकिन जब उन्हें लगा कि सरकार की दमनकारी नीति अहिंसात्मक विरोध को कुचलने पर आमादा है तो उन्होंने उमखोंतो वे सिजवे नामक एक सशस्त्र संगठन की स्थापना की, जो दक्षिण अफीका में क्रांति का आरंभ था।

1962 में मंडेला को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर देशद्रोह, हिंसा भड़काने और विदेशी सहायता प्राप्त करने के आरोप लगाए गए। उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और उन्होंने अपना अधिकांश समय कुख्यात रोबेन द्वीप की जेल में बिताया। यह सजा कुल 27 वर्षों की लंबी यातना बन गई परंतु जेल की कोठरी में रहते हुए भी मंडेला की आत्मा आजाद रही। वे न टूटे, न झुके और न डरे। जेल में उन्होंने पढ़ाई की, दूसरे कैदियों को शिक्षित किया और अपना संघर्ष जारी रखा। इस दौरान दक्षिण अफीका और दुनियाभर में मंडेला की रिहाई की मांग उठने लगी। अंततः सरकार झुकी और 11 फरवरी 1990 को नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा किया गया। यह क्षण इतिहास में आज भी जीवंत है, जब एक अश्वेत नेता, जिसे वर्षों तक आतंकवादी करार दिया गया था, अब स्वतंत्रता और न्याय का प्रतीक बन चुका था। रिहाई के बाद मंडेला ने अपने सभी विरोधियों को माफ कर दिया।

उन्होंने न केवल अफीकन नेशनल कांग्रेस को फिर से संगठित किया बल्कि देश को भी एकजुट किया। उन्होंने विभाजन नहीं बल्कि मेल-मिलाप की राजनीति की। उनकी इसी दूरदृष्टि और अहिंसा के पथ पर अडिग रहने की प्रेरणा ने दक्षिण अफ्रीका को नस्लीय संघर्ष से निकालकर लोकतंत्र की ओर अग्रसर किया। दक्षिण अफ्रीका में 1994 में पहली बार बहुजातीय आम चुनाव आयोजित हुए, जिसमें हर नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और परिणामस्वरूप नेल्सन मंडेला देश के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने। यह महज एक राजनीतिक जीत नहीं थी, यह एक युग परिवर्तन था। मंडेला ने अपने राष्ट्रपति काल में सुलह, सामाजिक समरसता और आर्थिक पुनर्निर्माण की नीति को अपनाया। उन्होंने जातीय द्वेष के बजाय सहयोग को बढ़ावा दिया। उन्होंने सत्य और मेलमिलाप आयोग की स्थापना की, जहां पीड़ित और अपराधियों दोनों को एक साथ लाया गया ताकि सच्चाई सामने आ सके और समाज नई शुरुआत कर सके। नेल्सन मंडेला की सोच उबुन्टु दर्शन से प्रभावित थी, जो अफ्रीकी संस्कृति में मानवीय संबंधों और सह-अस्तित्व की भावना को महत्व देती है। मंडेला ने यह दिखा दिया कि बदले की भावना से कोई देश नहीं बनता बल्कि माफी और मेल-मिलाप की भावना से स्थाई शांति संभव है।

उनके जीवन के योगदान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला। 1993 में उन्हें शांति का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1990 में उन्हें भारत सरकार ने भारत रत्न से सम्मानित किया और वे यह सम्मान पाने वाले पहले विदेशी व्यक्ति बने। इसके अलावा उन्हें संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, रूस, फ्रांस जैसे अनेक देशों और संस्थाओं ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया। 2009 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 18 जुलाई को नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया ताकि लोग उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के लिए स्वयं को समर्पित कर सकें। इस दिन दुनियाभर में सामाजिक सेवा, मानवाधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और समानता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र का संदेश है कि हर व्यक्ति इस दिन कम से कम 67 मिनट समाजसेवा को समर्पित करे, जो मंडेला के सार्वजनिक जीवन के 67 वर्षों के प्रतीक हैं।

नेल्सन मंडेला का जीवन केवल दक्षिण अफ्रीका तक सीमित नहीं था। उन्होंने दुनिया को यह सिखाया कि सच्चे नेता वह होते हैं, जो अपने कष्टों को व्यक्तिगत नहीं मानते बल्कि उसे जनकल्याण की प्रेरणा बना देते हैं। उन्होंने यह भी दिखाया कि नेतृत्व का अर्थ अधिकार नहीं, जिम्मेदारी है। वे जब राष्ट्रपति बने तो केवल एक कार्यकाल तक सत्ता में रहे जबकि वे चाहते तो आजीवन शासन कर सकते थे पर उन्होंने सत्ता को साध्य नहीं, साधन माना। 5 दिसंबर 2013 को 95 वर्ष की आयु में नेल्सन मंडेला ने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पूरी दुनिया ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बारिश में खाएं ये स्वादिष्ट भारतीय स्नैक्स

**मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?**

आमतौर पर बारिश के मौसम में लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं?

मानसून की ठंडी बरसाती शामें अपना अलग ही आनंद लेकर आती हैं, और अगर ऐसे मौसम में कुछ गरमागरम खाने को मिल जाए, तो मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर लोग समोसे, ब्रेड पकोड़े या तरह-तरह के पकौड़े जैसे पारंपरिक भारतीय व्यंजन खाना पसंद करते हैं। लेकिन अगर आप इनसे कुछ हटकर खाना चाहते हैं, तो क्या विकल्प हैं? आइए आपको बताते हैं कुछ ऐसे स्वादिष्ट और देसी स्नैक्स के बारे में, जो बरसात की इन भीगी-भीगी शामों को और भी यादगार बना देंगे।

**आलू टिक्की**- दही, हरी और इमली की चटनी, सेव और अनार के दानों के साथ परोसी जाने वाली गरमा-गरम आलू टिक्की बरसात के मौसम में एक परफेक्ट स्ट्रीट फूड है। चटपटे स्वाद के साथ हर बाइट में मिलेगा ताजगी और मजा।

**भुट्टा**- कोयले पर भुना हुआ भुट्टा, जिस पर नींबू, नमक और लाल मिर्च पाउडर छिड़का हो, मानसून की पहचान बन चुका है। सड़क किनारे भुट्टा खाते-खाते बारिश का आनंद लेना एक अलग ही अनुभव है।

**वड़ा पाव**- मुंबई की शान वड़ा पाव, गरमागरम आलू वड़ा के साथ, हरी और लहसुन की चटनी लगे पाव में मिलकर मानसून का स्वाद और भी बढ़ा देता है।

**साबूदाना वड़ा**- बाहर से क्रिस्पी और अंदर से सॉफ्ट साबूदाना वड़ा मूंगफली और हल्के मसालों के साथ तैयार किया जाता है। चाय के साथ इसका आनंद बरसात में दोगुना हो जाता है।



**कचौरी**- मसालेदार आलू की सब्जी के साथ गर्मागर्म कचौरी, ठंडी बारिश की शाम में दिल और पेट दोनों को सुकून देती है।

**ब्रेड पकौड़ा**- ब्रेड में आलू की मसालेदार स्टफिंग भरकर बेसन में लपेटकर तला जाता है। इसे हरी चटनी और टमैटो सॉस के साथ खाएं और मौसम के मजे लें।

**भुना चना**- हल्का, कुरकुरा और हेल्दी स्नैक, भुना चना प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होता है। जब कुछ हल्का खाने का मन हो, तो ए परफेक्ट विकल्प है।

**मखाना**- हल्दी, सेंधा नमक या अपने पसंदीदा मसालों में भुने हुए मखाने न सिर्फ कुरकुरे हैं बल्कि सेहत के लिए भी अच्छे हैं।

**फ्रूट चाट**- ताजे फलों पर नींबू, काला नमक और चाट मसाला डालकर तैयार की गई फ्रूट चाट स्वादिष्ट और पौष्टिक दोनों होती है, खासतौर पर बच्चों के लिए।

**अंकुरित सलाद**- अंकुरित दालों को प्याज, टमाटर, नींबू और मसालों के साथ मिलाकर एक हेल्दी और एनर्जी से भरपूर स्नैक तैयार किया जा सकता है।

**मसालेदार सेवई**- सब्जियों के साथ बनी नमकीन सेवई एक हल्का लेकिन स्वादिष्ट स्नैक है, जो मानसून के दिनों में पेट और मन दोनों को राहत देता है।

**पोहा चीला**- पोहा और बेसन से बना चीला झटपट बनने वाला और हेल्दी स्नैक है, जो चाय के साथ शानदार लगता है।

**-साभार प्रभा**

## ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच झूलता आम आदमी





**रजनीश कपूर**

भारत में स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां लाखों लोग अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए दवाओं पर निर्भर हैं, लेकिन दवाओं के बाजार में एक बड़ा सवाल हमेशा चर्चा में रहता है, ब्रांडेड दवाएं या जेनेरिक दवाएं? इन दोनों के बीच का अंतर और इनका महत्व समझना न केवल आम जनता के लिए जरूरी है, बल्कि यह भी जानना जरूरी है कि कैसे फार्मास्युटिकल कंपनियां भोले-भाले ग्राहकों का शोषण कर रही हैं। यह एक ऐसा विषय है जिसने दर्द के व्यापार को काफी बढ़ावा दिया है।

सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि ब्रांडेड और जेनेरिक दवाएं क्या हैं? ब्रांडेड दवाएं वे होती हैं, जो किसी फार्मास्युटिकल कंपनी द्वारा अपने ब्रांड नाम के तहत बेची जाती हैं। ये दवाएं आमतौर पर महंगी होती हैं, क्योंकि इनमें कंपनी का ब्रांड वैल्यू, मार्केटिंग लागत और अनुसंधान और विकास का खर्च शामिल होता है। दूसरी ओर, जेनेरिक दवाएं वही दवाएं होती हैं, जिनमें वही सक्रिय रासायनिक तत्व Active Pharmaceutical Ingredient होते हैं, जो ब्रांडेड दवाओं में होते हैं, लेकिन इन्हें किसी ब्रांड नाम के तहत नहीं बेचा जाता। जेनेरिक दवाएं आमतौर पर सस्ती होती हैं, क्योंकि इनमें मार्केटिंग और ब्रांडिंग का खर्च नहीं होता। उदाहरण के तौर पर, क्रोसिन का जेनेरिक विकल्प पैरासिटामोल है, जो उसी तरह काम करता है, लेकिन इसकी कीमत बहुत कम होती है।

भारत जैसे देश में, जहां अधिकांश आबादी मध्यम और निम्न-आय वर्ग से आती है, जेनेरिक दवाओं का महत्व बहुत अधिक है। ये दवाएं न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि गुणवत्ता में भी ब्रांडेड दवाओं के समान होती हैं। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि योजना शुरू की है, जिसके तहत देश भर में जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर जेने. रिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50-90 प्रतिशत तक सस्ती मिलती हैं।

उदाहरण के लिए, एक ब्रांडेड दवा, जैसे कि टेल्मिसार्टन जो उच्च रक्तचाप के लिए उपयोग की जाती है, की 10 गोलियों की कीमत 200-300 रूपए हो सकती है। वहीं, टेल्मिसार्टन की जेनेरिक दवा की कीमत 20-50 रुपए हो सकती है। यह अंतर गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों के लिए बहुत बड़ा है, जो अपनी जिंदगी बचाने के लिए इन दवाओं पर निर्भर हैं।

जानकारों के मुताबिक फार्मास्युटिकल कंपनियों की लूट का सबसे बड़ा कारण उनकी मार्केटिंग रणनीति और ब्रांडिंग है। ये कंपनियां ब्रांडेड दवाओं को बढ़ावा देने के लिए भारी मात्रा में पैसा खर्च करती हैं। डॉक्टरों को मुफ्त नमूने, विदेश यात्राएं और अन्य प्रलोभन दिए जाते हैं ताकि वे मरीजों को ब्रांडेड दवाएं लिखें। इसका नतीजा यह होता है कि मरीज, जो ज्यादातर दवाओं की तकनीकी जानकारी से अनजान होते हैं, महंगी दवा खरीदने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

इसके अलावा, कई फार्मा कंपनियां एक ही दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से भी बेचती हैं, जिससे बाजार में भ्रम पैदा होता है। उदाहरण के लिए, पैरासिटामोल को विभिन्न कंपनियां क्रोसिन, कैल्पॉल वी डोलो आदि नामों से बेचती हैं, लेकिन इन सभी में एक ही सक्रिय तत्व होता है। मरीजों को लगता है कि ब्रांडेड दवा ज्यादा प्रभावी होगी, जबकि हकीकत में जेनेरिक दवा भी उतनी ही प्रभावी होती है।

भारत में जेनेरिक दवाओं के प्रति कई मिथक प्रचलित हैं, जो फार्मा कंपनियों द्वारा फैलाए गए हैं। एक आम धारणा है कि जेनेरिक दवाएं कम गुणवत्ता वाली होती हैं। यह पूरी तरह गलत है। भारत में जेनेरिक दवाओं का निर्माण ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के तहत सख्त नियमों के अधीन होता है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया यह सुनिश्चित करता है कि जेने. रिक दवाएं गुणवत्ता और प्रभावशीलता में ब्रांडेड दवाओं के बराबर हों।

हालांकि, कुछ छोटी दवा कंपनियां, जो जेनेरिक दवाएं बनाती हैं, गुणवत्ता नियंत्रण में कमी कर सकती हैं। लेकिन यह समस्या केवल जेनेरिक दवाओं तक सीमित नहीं है, कुछ ब्रांडेड दवाओं में भी गुणवत्ता की कमी देखी गई है। इसलिए, मरीजों को चाहिए कि वे केवल विश्वसनीय जन औषधि केंद्रों या लाइसेंस प्राप्त फार्मेसी से ही दवाएं खरीदें। भारत सरकार ने जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने, जागरूकता अभियान चलाने और डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, मरीजों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्हें अपने डॉक्टर से पूछना चाहिए कि क्या जेनेरिक दवा उपलब्ध है और क्या वह ब्रांडेड दवा का विकल्प हो सकती है।

फार्मा कंपनियों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मुनाफा कमाना गलत नहीं है, लेकिन मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करना अनैतिक है। सरकार को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए, जो फार्मा कंपनियों को जेनेरिक दवाओं के उत्पादन और वितरण में प्रोत्साहित करें। साथ ही, दवाओं की कीमतों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिए ताकि मरीजों को उचित मूल्य पर दवाएं मिल सकें। ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं के बीच का अंतर केवल नाम और कीमत का है, प्रभावशीलता का नहीं। भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही कई लोगों के लिए सुलभ नहीं हैं, जेनेरिक दवाएं एक वरदान हैं, लेकिन फार्मा कंपनियों के लालच और भ्रामक मार्केटिंग के कारण मरीजों को अनावश्यक रूप से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। यह समय है कि हम जागरूक हों, जेनेरिक दवाओं को अपनाएं और सरकार से मांग करें कि वह दवा बाजार में पारदर्शिता और नियंत्रण सुनिश्चित करे। केवल जागरूकता और सही नीतियों के माध्यम से ही हम इस लूट को रोक सकते हैं और हर भारतीय को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### दो सहयोगी दलों का समर्थन वापिस, धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस में छूट से फूटा गुस्सा

# इजरायल में डगमगाया नेतन्याहू का सिंहासन

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार अल्पमत में आ गई है। अति-रूढ़िवादी शास पार्टी ने सरकार से समर्थन वापस लेने का ऐलान किया। इससे एक दिन पहले यूनाइटेड टोरा जूडाइज्म (यूटीजे) पार्टी भी इस सरकार से अलग हो गई थी। इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचला सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए।

इन दोनों पार्टियों के अलग होने से सत्तारूढ़ गठबंधन के पास सिर्फ 50 सीटें बची हैं। शास पार्टी ने गठबंधन छोड़ने के मुद्दे पर कहा-भारी मन से हमें यह स्वीकार करना पड़ रहा है कि हम सरकार का हिस्सा नहीं रह सकते। हालांकि, हम इस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश नहीं करेंगे और कुछ कानूनों पर गठबंधन का समर्थन कर सकते हैं।

विवाद की मुख्य वजह रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों को मिलिट्री सर्विस से मिलने वाली छूट है। ये छात्र लंबे समय से अनिवार्य मिलिट्री सर्विस से छूट ले रहे हैं। नेतन्याहू सरकार ने हाल ही में इस छूट को सीमित करने के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसकी वजह शास पार्टी और यूटीजे ने सरकार से अलग होने का फैसला किया। दोनों पार्टियों का कहना है कि धार्मिक छात्रों के सेना में भर्ती होने से उनकी धार्मिक जीवनशैली को खतरा होगा। हालांकि, कई अन्य यहूदी इजरायली इसे स्पेशल सुविधा मानते हैं और इस पर नाराजगी जताते हैं। बिल के विरोध में रूढ़िवादी धार्मिक छात्रों का कहना है कि वो जेल जाने के लिए तैयार हैं, लेकिन आर्मी में नहीं जाएंगे। गाजा युद्ध के दौरान यह मुद्दा और गंभीर हो गया है। इस युद्ध में सैकड़ों इजरायली सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिसकी वजह से अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय पर आरोप लग रहे हैं कि वे दूसरों के लिए युद्ध में जान देने वालों के मुकाबले पीछे हट रहे हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह गठबंधन विवाद तुरंत नेतन्याहू की सरकार नहीं गिराएगा। हालांकि, यह इजरायल की राजनीति में और अस्थिरता लाएगा, खासकर जब गाजा में युद्धविराम और लेबनान व सीरिया में चल रहे संघर्ष को लेकर नेता आपस में टकरा रहे हैं। इजरायल और हमास के बीच युद्ध को जल्द ही तीन साल पूरे होने वाले हैं। अल जजीरा के मुताबिक इस युद्ध में अब तक 888 इजरायली सैनिक मारे जा चुके हैं। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजरायली हमलों में गाजा के 58573 लोग मारे गए हैं और 139607 अन्य घायल हुए हैं। गाजा के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने इजरायल पर आरोप लगाया कि वह गाजा पट्टी से फलस्तीनी आबादी खाली करने की साजिश रच रहा है। आफिस ने कहा कि इजरायली सेना जबरन बेदखली, बमबारी और सहायता रोककर गाजा को तबाह कर रही है। यह नरसंहार है। जीएमओ ने दावा किया था कि गाजा का 70 प्रतिशत से ज्यादा बिल्डिंग्स तबाह हो चुकी हैं और 19 लाख लोग (85 प्रतिशत आबादी) बेघर हो गए हैं।



**इजरायल की 120 सीटों वाली संसद (नेसेट-निचली सदन) में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए**

## हेग समूह ने की इजरायल के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा

**बोगोटा।** इज़राइल के खिलाफ लगभग 30 देशों वाले 'हेग समूह' ने समन्वित कानूनी और कूटनीतिक लामबंदी करते हुए उसके साथ हथियारों एवं सैन्य वस्तुओं के व्यापार को निलंबित करने और इज़राइली जहाजों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। समूह ने जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि हम इजराइल को हथियारों, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति या हस्तांतरण को रोकने, किसी भी बंदरगाह पर उसके जहाजों के पारगमन, डॉकिंग और सर्विसिंग को रोकने, हमारे झंडे वाले जहाजों पर इजराइल को हथियार, युद्ध सामग्री, सैन्य ईंधन, संबंधित सैन्य उपकरणों और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की ढुलाई को रोकने जैसे प्रतिबंधो की घोषणा करते हैं। बोगोटा में एक मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद हेग समूह के सदस्य देशों ने अपनी सरकारी एजेंसियों और इजरायल के बीच लेन-देन रोकने, सभी सार्वजनिक अनुबंधों की तत्काल समीक्षा करने, सार्वजनिक संस्थानों एवं निधियों को फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायल के अवैध कब्जे का समर्थन करने और उसकी अवैध मौजूदगी को रोकने पर सहमति व्यक्त की।



उत्तर प्रदेश। प्रयागराज में बारिश के बीच छाता लगाकर स्कूल जाती छात्राएं।

## यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनीं यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको अब यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन गई हैं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद यूक्रेनी संसद ने उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में चुन लिया। यूलिया पहले डिप्टी पीएम और अर्थव्यवस्था मंत्री थीं। उनकी उम्र 39 साल है और वे पेशे से अर्थशास्त्री हैं। उन्होंने 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह ली है। बतौर डिप्टी पीएम स्विरीडेंको ने इस साल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ खनिज डील कराने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके बाद उनकी बेहद तारीफ हुई थी। नई कैबिनेट में कुछ और बदलाव भी हुए हैं। शिमहाल अब भी कैबिनेट में रहेंगे लेकिन रक्षा मंत्री नहीं होंगे। उनकी जगह रुस्तम उमरोव पहले से ही रक्षा मंत्री बने रहेंगे। पहले जेलेंस्की ने शिमहाल को रक्षा मंत्री बनाने की बात कही थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने एक दिन पहले यानी 16 जुलाई को पुरानी कैबिनेट को भंग कर दिया था। इसके बाद उन्होंने नई सरकार के लिए अपने चुने हुए लोगों की सूची संसद को दी। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट ऑफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है।

# बलूचिस्तान में 20 पाक सैनिक मारे गए

### सैन्य चौकियों को निशाना बनाया

**क्वेटा।** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी आर्मी पर विद्रोहियों के हमले में पाक आर्मी के एक मेजर समेत 20 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत की खबर है। ये हमले पिछले 12 घंटों में अवारान, क्वेटा और कलात जिलों में हुए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ये हमले सैन्य चौकियों को निशाना बनाकर किए गए थे।

हालांकि, इन हमलों की जिम्मेदारी अभी तक किसी ग्रुप ने नहीं ली है, लेकिन इसमें फितना अल हिंदुस्तान और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के शामिल होने का शक है। वहीं, बलूचिस्तान के कालात में एक यात्री बस पर हमला हुआ, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, हमलावरों ने क्वेटा-कराची हाईवे पर नेमार्ग इलाके में घात लगाकर बस को रोका और अंधाधुंध गोलीबारी की। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सुरक्षा बलों और बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और हमलावरों की तलाश में अभियान शुरू किया गया है।

■ **हमले में बलूच लिबरेशन आर्मी के शामिल होने का शक**

उन्होंने कहा कि हमलावरों ने सड़क के दोनों ओर से हमला किया। मुख्यमंत्री मिर्जा सरफराज बुगती ने इस हमले की निंदा की और इसे फितना अल हिंदुस्तान आतंकी संगठनों का काम बताया। उन्होंने कहा- निर्दोष नागरिकों पर हमला गंभीर अपराध है।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, यह हमला उस दिन हुआ जब सुरक्षा बलों ने अवारन इलाके में फितना अल हिंदुस्तान से जुड़े तीन आतंकवादियों को मार गिराया। इसमें पाकिस्तानी सेना का एक अधिकारी मेजर सैयद रब नवाज तारिक मारा गया। इसी बस पर हमला हुआ था। जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

## इराक के मॉल में भीषण आग से 61 की मौत, 45 झुलसे

**बगदाद।** इराक के अल कुत शहर में एक नए बने मॉल में बुधवार देर शाम आग लगने से कम से 61 लोगों की मौत हो गई और 45 अन्य झुलस गए। इराकी न्यूज एजेंसी ने जानकारी दी है कि यह पांच मंजिला हाइपरमार्केट मॉल एक सप्ताह पूर्व ही खुला था। इसमें सामान की दुकानों के अलावा खाने पीने की चीजों की भी कई दुकानें थीं। घटना के समय वहां कई परिवार खाना खा रहे थे। आग की जानकारी मिलते ही दमकल कर्मी वहां पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इससे वहां मौजूद कई लोगों को बचा भी लिया गया। सरकार ने तीन दिनों का शोक घोषित किया है और मामले की जांच के लिए एक दल का गठन कर दिया है जो दो दिनों में अपनी रिपोर्ट देगा। मॉल के मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुझे कुछ हुआ, तो मुनीर जिम्मेदार

### पूर्व पीएम ने कहा: मेरी बीवी के साथ भी बुरा बर्ताव, रिहाई के लिए पांच अगस्त से देशभर में प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार सेना प्रमुख आसिम मुनीर होंगे। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पीटीआई के मुताबिक इमरान ने कहा कि हाल के दिनों में जेल में उनके और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ बुरा व्यवहार बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी के सेल में टेलीविजन भी बंद कर दिया गया है और कैदियों के बुनियादी मानवाधिकार नहीं दिए जा रहे। इमरान ने पाकिस्तानी जनता से इस खराब व्यवस्था का विरोध करने की अपील की। पीटीआई 5 अगस्त से इमरान की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरान के दो बेटे इस प्रदर्शन में खास भूमिका निभा सकते हैं। ये दोनों लंदन में रहते हैं। इमरान खान ने कहा- दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है। उन्होंने एक दूसरे सैन्यकर्मी का हवाला देते हुए बताया कि वह जेल में वीआईपी ट्रीटमेंट का आनंद ले रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस बीच, मुझे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। लेकिन वे चाहे कुछ भी करें, मैंने कभी भी उत्पीड़न के आगे घुटने नहीं टेके हैं-और न ही कभी झुकूंगा। इमरान अगस्त 2023 से जेल में हैं और कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।



■ **दोषी ठहराए गए हत्यारों और आतंकवादियों को भी उनसे बेहतर हालात में रखा जाता है: इमरान**

इमरान ने लगभग एक महीने पहले किए गए अपने उस दावे को भी दोहराया कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ उत्पीड़न उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के समय की घटना है। इमरान ने कहा कि जब असीम मुनीर को आईएसआई प्रमुख के पद से हटाया गया, तो उन्होंने जुल्फी बुखारी (पीटीआई नेता) के जरिए बुशरा बीबी को एक मैसेज भेजकर मुलाकात का अनुरोध करने की कोशिश की। जिससे उन्होंने साफ इन्कार कर दिया। इमरान ने दावा किया की असीम मुनीर उनसे निजी दुश्मनी का बदला लेने और भावनात्मक रूप से तोड़ने के लिए ऐसा कर रहें हैं। इमरान खान को रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद रखा गया है। इमरान की पार्टी पीटीआई 5 अगस्त से देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करने की तैयारी कर रही है, ताकि उनकी रिहाई के लिए शहबाज शरीफ सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी ने इसे 'इमरान खान को आजाद करो' अभियान नाम दिया है।

## बांग्लादेश में हिंसा फायरिंग में चार की मौत, 9 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के गोपालगंज शहर में युवाओं के नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) की एक रैली में हिंसा भड़क उठी। हिंसा के दौरान पुलिस की फायरिंग में चार लोगों की मौत हो गई। 9 लोग घोली लगने से घायल हैं।

गोपालगंज बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का गृहनगर है। बांग्लादेश की प्रोथोम अलो न्यूज एजेंसी के अनुसार, एनसीपी की रैली के दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के समर्थक पुलिस से भिड़ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अवामी लीग समर्थकों ने पुलिस पर लाठी-डंडों, ईंट-पत्थरों से पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स पर हमला कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख के वाहनों में भी तोड़फोड़ की। साथ ही एनसीपी के काफिले पर भी हमला किया, जिसके बाद सुरक्षाबलों को गोलियां चलानी पड़ीं।


■ **शेख हसीना के गृहनगर में रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़प हुई**

सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले और साउंड ग्रेनेड भी फेंके। हिंसा में मारे गए लोगों में से तीन की पहचान दीप्टो साहा (25 साल), रमजान काजी (18 साल) और सोहेल मोल्ला (41 साल) के रूप में हुई है। डाक्टरों ने बताया कि मृतकों को घायल अवस्था में गोपालगंज जनरल अस्पताल लाया गया था।

# कोका-कोला में गन्ने की चीनी का होगा इस्तेमाल: डोनाल्ड ट्रम्प

### हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द साझा की जाएगी

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि अटलांटा स्थित शीतल पेय की दिग्गज कंपनी 'कोका-कोला' देश में अपने सोडा और कोक में असली गन्ने की चीनी का इस्तेमाल फिर से शुरू करेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा मैं अमेरिका में कोक में असली गन्ने की चीनी के इस्तेमाल के बारे में कोका-कोला से बात कर रहा हूं और उन्होंने ऐसा करने पर सहमति जताई है। इस बीच कोका-कोला की ओर से जारी एक संक्षिप्त बयान के मुताबिक हम अपने प्रतिष्ठित कोका-कोला ब्रांड के प्रति राष्ट्रपति के उत्साह की सराहना करते हैं। हमारे कोका-कोला उत्पाद रेंज में नए और अभिनव उत्पादों के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी। गौरतलब है कि कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज़ कॉर्न सिरप' अपनाया था। हालांकि उसे यह बताया गया था कि सामग्री में बदलाव से कोक की शेल्फ लाइफ कम हो जाएगी और निर्माण लागत बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव संबधी मामलों के मंत्री रॉबर्ट एफ-कैनेडी जूनियर ने उच्च-फ्रुक्टोज़ कॉर्न सिरप जैसे मीठे पदार्थों के इस्तेमाल की आलोचना की है। वर्तमान में कोका-कोला अमेरिका में सोडा का एक ऐसा उत्पाद भी उपलब्ध कराता है जिसमें गन्ने की चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। इसे 'मैक्सिकन कोक' के नाम से जाना जाता है।



**कोका-कोला ने लागत में कटौती के प्रयास के तहत 1980 के दशक में 'हाई-फ्क्टोज कॉर्न सिरप' अपनाया था**

## अलास्का में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**जूनो।** अमेरिकी राज्य अलास्का में गुरुवार तड़के करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.3 रही। इसके बाद राज्य के तटवर्ती इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि, कुछ घंटों बाद इसे वापस ले लिया गया। नेशनल सेंटर फार सिस्मोलाजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप अलास्का के पापोफ आइलैंड पर सैंड पाइंट के पास आया। इसका केंद्र जमीन से 36 किलोमीटर नीचे था। हालांकि, इसमें अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अलास्का भूकंप एजेंसी के मुताबिक यहां एक सप्ताह में, लगभग 400 भूकंप दर्ज किए गए। सबसे बड़ा भूकंप 16 जुलाई को अटका के पास 5.1 तीव्रता का था।

दुबई IMMEDIATE DEPARTURE दुबई
INTERVIEW 19, 21 & 22 JULY AT CHANDIGARH OFFICE
कंस्ट्रक्शन हैल्पर 200 Nos ONLY 25000/- SERVICE CHARGES
दुबई की WADE ADAM कंपनी को निम्नलिखित CATEGORIES तुरंत चाहीए
OPERATORS: JCB, BOBCAT, ROLLER, BACKHOE, EXCAVATOR, MOBILE CRANE, WHEEL LOADER, GRADER BUS DRIVER, LIGHT DUTY DRIVER, HYDRAULIC MECHANIC, PLANT ELECTRICIAN, HEAVY DUTY MECHANIC, RIGGER
नोट ड्राईवरों व ऑपरेटरों के पास UAE Valid/Expire लाईसेंस होना चाहिऐ
Email: chdjobs@ambecs.com Lic No. B-0254/MUM/COM/1000+/5/7295/2005
AMBE CONSULTANCY SERVICES PVT. LTD. 73558-48978
CHANDIGARH:- SCO 15, Sector 20-D. 86578-56477

## हूतियों ने इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर किया हमला

**सना।** यमन के सशस्त्र समूह हूती ने इजरायल के बेन गुरियन हवाईअड्डे पर बैलेस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला करने का दावा किया है। समूह ने बुधवार रात कहा कि इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे को एक बैलिस्टिक मिसाइल और दो ड्रोन से निशाना बनाया। यह हमला दिन में गया था।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इस हमले के कारण इजरायली हवाई अड्डे का हवाई संचालन अस्थाई रूप से थम गया और हज़ारों इज़रायली नागरिक आश्रय स्थलों की ओर भागते नजर आये। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा सैटेलाइट टीवी चैनल पर प्रसारित एक टेलीविज़न बयान में सरिया ने कहा कि हमले ने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। उन्होंने कहा कि समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। समूह ने यह भी संकेत दिया कि वह नेगेव रेगिस्तान में स्थित इजरायली परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना बना सकता है। यह ठिकाना डिमोना शहर से लगभग आठ मील दक्षिण-पूर्व में है।

■ **समूह ने नेगेव रेगिस्तान की ओर दो अन्य बम से लदे ड्रोन दागे और इज़रायली सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया**

प्रवक्ता ने संकल्प लिया कि सशस्त्र समूह इजरायल से जुड़े जहाजों या इजरायल माल ले जाने वाले जहाजों को निशाना बनाना जारी रखेगा। इस बीच इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर हूती मिसाइल को रोके जाने की खबर दी। किसी नुकसान या हताहत की खबर नहीं है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट